[परम श्रद्धेय आचार्य प्रवर श्री नानेश के २५वें आचार्य पद-वर्ष के उपलक्ष्य मे]

अष्टमाङ्ग

अन्तगडदसाओ

(अन्तकृद्दशांग सूत्र)

[मूलपाठ, हिन्दी अनुवाद, जावपूर्ति, परिभाषा, जिज्ञासा एव समाधान परिशिष्टादि युक्त]

*

व्याख्याता

आचार्य श्री नानेश

*

सपादक-अनुवादक

मुनि ज्ञान

*

प्रकाशक

श्री अ भा सा जैन सघ, बीकानेर

[परम श्रद्धेय आचाय प्रवर श्री नानेश के२५वें आचाय पद के उपलक्ष में]

व्याख्याता
आचाय श्री नानेश

सपादक-अनुवादक
मुनि ज्ञान

ग्रथ सौजन्य
श्रीमती उमरावबाई भण्डारी
मातुश्री प्यारेलाल जी भण्डारी

प्रकाशन तिथि
वीर निर्वाण सवत् २५११
विक्रम सवत् २०४२, अक्टूबर १९८५

प्रकाशक
श्री अ भा सा जैन सघ, बीकानेर

मुद्रक
अग्रवाल प्रिण्टस, उदयपुर

मूल्य

Published at the Holy Occasion
of
25th Acharya Pada-year of Acharya Shri Nanesh

ANTAGAD-DASĀO
(ANTAKRITDASANGA-SUTRA)

(Origional Text Hindi Version Variant Readings Defination of some difficult words question & Answers etc)

Annotator
ACHARYA SHRI NANESH

Editor & Translator
MUNI GYAN

Publishers
Shri Akhil Bharatvarsiya Sadhumargi Jain Sangh Bikaner

(Published at the Holy Occasion of 25th Acharya Pada-year of AcharyaShri Nanesh)

☐ Annotator
Acharya Shri Nanesh

☐ Editor & Translator
Muni Gyan

☐ Financial Assistance
Mrs Umrao Bai Bhandari
M/o Shri Pyare Lal Bhandari

☐ Date of Publication
Vir Nirvan Samvat 2511
Vikram Samvat 2042, Oct , 1985

☐ Publishers
Shri Akhil Bharatvarsiya Sadhumargi Jain Sangh Bikaner

☐ Printer
Agrawal Printers, Udaipur

☐ Price

अर्थ सहयोगी सुश्राविका उदारमना
श्रीमती उमरावबाई भण्डारी

प्रस्तुत ग्रन्तकृद्दशाग सूत्र की छपाई मे अर्थ सहयोगी बम्बई के निकटस्थ, अलीबागवासी, मारवाड के सोजत नगर के निवासी, स्वर्गीय सुश्रावक, धर्मनिष्ठ श्री प्रेमराज जी भण्डारी की धर्मपत्नी, सुश्राविका भद्रिक स्वभाविका, उदारहृदया श्रीमती उमराव बाईजी भण्डारी हैं। उमराव बाईजी भण्डारी का जीवन अत्यन्त सादगीयुक्त, सरल एव धर्मनिष्ठ है। आपका ही नहीं आपका सारा परिवार धर्मनिष्ठ है। आप वर्षों से जहा पर भी आचार्य प्रवर श्री नानालाल जी म सा का चातुर्मास होता है, वहा अपना स्वतन्त्र चौका लगाकर, दर्शन, व्याख्यान श्रवण आदि का लगभग चारो मास लाभ लेती हैं। आपके दो सुपुत्र हैं—श्री प्यारे लालजी भण्डारी एव श्री रतनलाल जी भण्डारी, साथ ही पोते-पोतियो से भरा-पूरा परिवार है।

श्री प्यारे लालजी भण्डारी सघ के उत्साही एव सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वर्षों से आप आचार्य प्रवर एव सत-सतियांजी के दर्शनार्थ तथा सघ के कार्यों मे सक्रिय भाग ले रहे हैं। बोरीवली (बम्बई) चातुर्मास मे भी वहा रहकर सघ के कार्यों मे तन-मन धन से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साहित्य के अन्दर आपकी विशेष रूचि रही है। आपका मानना है कि महापुरुषो के सत्-साहित्य के बल पर ही जन-जन के मानस को परिवर्तित किया जा सकता है। आज भगवान महावीर नही है लेकिन उनके आगमो की अक्षुण्णधारा ने धर्म एव समाज को टिकाए रखा है। अत समाज मे सत्साहित्य एव आगमो की प्रामाणिक एव सरल व्याख्याएँ अभिप्रेत हैं। इन्ही विचारो से प्रेरित होकर अन्तकृद्दशागसूत्र के पत्राकार एव पुस्तकाकार दोनो रूप मे प्रकाशित करने के लिए आपकी मातुश्री ने इसकी छपाई के लिए अर्थ सहयोग दिया है जो कि निश्चय ही प्रशसनीय एव अन्यो के लिए अनुकरणीय है। सघ आपका आभारी है। आपसे समय २ पर यही अपेक्षा है कि सत्साहित्य जसे पवित्र महायज्ञ मे अपने अर्थ का सदुपयोग कर आदर्श उपस्थित करते रहे।

श्री अ भा सा जैन सघ, बीकानेर

प्रकाशकीय

छद्मस्था (अपूर्व व्यक्तियां) के उपदेश की अपेक्षा वीतराग देव की देशना सर्वथा सत्य होती है। छद्मस्थो के द्वारा अन्यथा कथन लेखन भी हो सकता है, किन्तु सर्वज्ञो के कथन मे एकाश रूप से भी असत्य का अश नही आ पाता। छद्मस्थो का कथन एव लेखन भी यदि वीतराग देवों के सिद्धान्तो के अनुकूल है तो ही उनका कथन विश्वसनीय माना जाता है। यद्यपि वीतराग देव, वर्तमान मे इस भरतखण्ड मे विद्यमान नही है, तथापि जो वीतराग हो चुके है, उनकी देशना आज भी विद्यमान है। जितनी मात्रा मे देशना दी गई है, उतनी अवस्था मे तो विद्यमान नही है, फिर भी आत्मिक साधना एव ससिद्धि के लिये पर्याप्त रूप मे आज भी विद्यमान है।

वर्तमान मे प्रवहमान शासन के आद्य-प्रवर्तक, चरम तीर्थंकर महाप्रभु महावीर स्वामी रहे हैं। जिन्होंने लगभग 12½ वर्ष की अनवरत साधना के बाद घनघातिक कर्मो का क्षय कर अनन्तज्ञान अनन्तदर्शन, अनन्तचारित्र और अनन्तशक्ति रूप अनन्त चतुष्टय को आत्मा मे अभिव्यक्त किया था। अभिव्यक्ति के बाद ही महाप्रभु 'तिन्नाण' के साथ 'तारयाण' के पथ पर बढे। देशनाधारा प्रवाहित हुई। किन्तु आश्चर्य इस बात का है कि महाप्रभु का प्रथम उपदेश त्याग तप की दृष्टि से खाली चला गया। क्योंकि उपस्थित सभासदो में से एक भी सभासद ऐसा नही था, जो नवकारसी जैसा छोटा सा दिखने वाला तप भी अगीकार कर सके। इसका कारण स्पष्ट है कि उस सभा मे एक भी मानव नही था देवता कितने ही क्या न उपस्थित हो, वे सुनकर अपने जीवन मे तपत्याग को नही अपना सकते। मानव ही एक ऐसा विशिष्ट प्राणी है, जो सुनकर समझकर एव उसे जीवन म उतारकर, अपने जीवन को बदल सकता है। ऐसा हुआ भी और हो भी रहा है। जब महाप्रभु ने अपनी देशना दी थी उस समय श्रोताओ मे मानव भी थे। इसीलिए एक ही दिन मे ४४०० मानवो ने एक साथ ससार को छोडकर सन्यासी जीवन अगीकार कर लिया था। आगार से हट कर अनगार बन गये थे। इस प्रमाण से मानव जीवन की श्रेष्ठता प्रमाणित हो जाती है।

मानव जीवन का वस्तुत लक्ष्य भौतिकता मे हटकर आध्यात्मिक जीवन मे अपने आपको रमाकर चरम लक्ष्य, शाश्वत शाति को पाना है। उस शाश्वत शाति का मूल उद्गमस्त्रोत, बाहरी जीवन नही अपितु भीतरी आत्मिक शक्ति ही है। आत्मिक शक्ति के बल पर ही परम लक्ष्य, शाश्वत शाति को प्राप्त किया जा सकता है। महाप्रभु महावीर ने आत्मशक्ति को जगाने के लिए विशेष जोर दिया है। जैसा कि महाप्रभु का उद्घोष रहा है—"अप्पाणमेव जुज्झाहि किं ते जुज्झेण बज्झओ" आत्मा से ही युद्ध करो, बाहरी युद्ध से क्या प्रयोजन? महाप्रभु महावीर ही नही जितने भी श्रेष्ठ पुरुष इस जगतीतल पर हुए है उन सबका लक्ष्य

भीतरी रहा है किन्तु वतमान युग मे अधिकाश मानवो का लक्ष्य बाहरी होता चला जा रहा है। आज के व्यक्ति भौतिक साधनो से ही शाति पाने के लिये विशेष प्रयत्नशील हैं। ऐसे युग मे आध्यात्मिक पक्ष को विशेषत उभारने के लिये वीतरागवाणी को यथावस्थित रूप मे प्रस्तुत कर अधिकाधिक प्रचार-प्रसार अपेक्षित है ताकि जन-जन का जागरण हो सके। अभी तक भगवान महावीर का निर्वाण हुए 2½ हजार वष से कुछ अधिक ही व्यतीत हुए हैं। अभी तो लगभग 18½ हजार वष तक महाप्रभु का शासन निर्बाध रूप से चलने वाला है।

वतमान मे महाप्रभु की पाट परपरा के 81वे पाट पर समता विभूति, विद्वद् शिरोमणि, जिनशासन प्रद्योतक, धमपाल प्रतिबोधक आचाय श्री नानश के सान्निध्य मे धम सघ सवतोमुखी निरन्तर विकास कर रहा है। आचाय प्रवर ने जब से शासन की बागडोर सभाली है, तब से शासन मे निरन्तर विकास हो रहा है। लगभग २३ वर्ष के अल्पकाल मे आपश्री के सान्निध्य मे लगभग २१८ दीक्षाएँ सपन्न हो चुकी हैं। एक साथ ५, ८, १२, १५ आदि दीक्षाएँ तो कई बार हुई हैं, किन्तु अभी सन् १९८४ चार माच को एक साथ २५ भव्य दीक्षाए सपन्न हुई थी। स्थानकवासी समाज मे लगभग ४०० वर्ष पूव ऐसा बतलाया जाता है कि लोकाशाह् के समय एक साथ ४५ दीक्षाएँ हुई थी, उसके बाद पहली बार आचार्य प्रवर के सानिध्य मे एक साथ २५ दीक्षाएँ सपन्न हुई है। केवल दीक्षा दे देना, ले लेना और बात है, किन्तु दीक्षित साधु-साध्वियो को सयमीय साधना क साथ सम्यक्ज्ञान की दिशा को प्रशस्त करते हुए उनका सफल सचालन करना अत्यन्त कठिन है। किन्तु आचाय प्रवर मुमुक्षुओ को दीक्षित कर सयमीय साधना के अक्षुण अनुपालन के साथ उनका सफल सचालन भी कर रहे ह। इसीलिये अल्प समय मे ही सघ के कई श्रमण-श्रमणी वग उच्चकोटि के विद्वान् आगमज्ञ-गवेषक-चिन्तक हो गए हैं, तो कई दशन शास्त्र के ज्ञाता हैं तो कई सस्कृत, प्राकृत व्याकरण-साहित्य आदि विषयो पर विशेष अधिकार रखते हैं।

आचाय प्रवर ने एक ही क्षेत्र में नहीं अपितु अनेक क्षेत्रो में आश्चर्यजनक प्रगति की है। दलित और शोषित वर्ग का उत्थान करने के लिये धमपाल अभियान चलाया है। उन सस्कारित लोगो की सख्या वतमान म एक लाख के आसपास है। विश्व म विषमता का निवारण करने के लिये समता-दर्शन एव मानवो के मानसिक तनाव को समाप्त कर आत्मशाति पाने के लिये समीक्षण ध्यान का अभिनव चिन्तन प्रस्तुत किया है।

ऐसी अनेकानेक विशेषताओ से युक्त प्रभु महावीर के अधिकृत अधिकारी आचाय प्रवर ही महाप्रभु के द्वारा प्रवेचित आगमो पर आगम सम्मत, हृदयस्पर्शी विवेचना दे सकते हैं। ऐस ही महापुरुषो की विवेचनाएँ प्रमाणित होती है।

वर्षा पूव जय सघ के प्रमुख अधिकारियो ने देखा कि समता-विभूति आचाय प्रवर अपने शिष्य समुदाय को आगमो का अध्ययन करवा रहे हैं। आगम सम्मत विवेचन जिनमें कई व्याख्याए, जो अब तक परिलक्षित नही हुई, वैसी भी लिखवा रहे ह, जिसे पढकर सुनकर सघ के चिन्तनशील महानुभावो को सुखद हर्षानुभूति हुई और सघ के लोगो न गुरुदेव से निवेदन किया

कि आप श्री की प्रखर प्रतिभा का लाभ केवल सत-सतियो को ही मिले, श्रावक-श्राविका उससे वचित रहे, यह कैसे उचित होगा ?

तब गुरुदेव ने फरमाया-देखिए ! मैं तो अपनी सीमा में सयमीय मर्यादाओ को सुरक्षित रखते हुए सत सतियो को सम्मुख रख कर प्रयत्नशील हूँ। श्रावक श्राविकाओ के लिये इसे कैसे उपयोगी बनाया जाय ? यह मेरी सीमा का काय नहो है। ज्यो ज्यो आचाय प्रवर शास्त्रो पर विवेचना लिखवाते और सत मुनिराजा द्वारा सयम की मर्यादाओ को सुरक्षित रखते हुए उनका सपादन, अनुवाद का काय चलता रहा। अब तक आचायप्रवर, आचाराग सूत्र, भगवती सूत्र अतगडसूत्र, कल्पसूत्र आदि शास्त्रो पर विवचना लिखवा चुके हैं। जिनका सत मुनिराजो ने सकलन सपादन एव अनुवाद किया है। हम आचाय प्रवर की इस अनन्त उपकृति एव सत मुनिराजो के अथक परिश्रम को कभी विस्मृत नही कर सकते। सघ उनका अत्यन्त आभारी है।

शास्त्रो की इसी श्रृखला मे समता विभूति आचाय प्रवर श्री नानेश ने प्रस्तुत अतकृद्दशाग सूत्र पर प्रश्नात्तर शैली मे व्याख्याएँ प्रदान की है जिसम सभी भाई-बहिना को आगमिक सिद्धान्तो का सहज-सुगम बोध हो सक। प्रश्नात्तर की इस शैली मे आचाय प्रवर न कई ऐसे जटिल प्रश्नो का भी सहज, सरल प्रामाणिक एव सयुक्तिक तरीके म आगमिक धरातल पर समाधान प्रस्तुत किया है, जिससे कि विपय का हृदयगम किया जा सके।

प्रस्तुत सूत्र के मूलपाठ का अनुवाद एव सपूर्ण शास्त्र का सभी प्रकार से सपादन आचाय प्रवर के अन्तेवासी सुशिष्य विद्वद्वय श्री ज्ञान मुनि जी म सा ने किया है। आप ही ने भगवतीसूत्र जैसे विशाल काय आगम का सपादन एव अनुवाद भी इसी ढग से किया है ताकि शब्दो के स्पष्ट अथ के साथ भावा का अवबाध हो सके। विद्वद्वय श्री ज्ञानमुनि जी को आचाय प्रवर ने सतो मे सबसे अल्पवय मे अर्थात् चौदह वर्ष को उम्र में दोक्षित किया था। यह आचाय प्रवर की दीघ दृष्टि एव सतत सफल सचालन का ही परिणाम है कि किस प्रकार साधु-साध्वी आगे बढ रहे है। विद्वद्वय श्री ज्ञानमुनी जी ने १४ वप की अवस्था मे दीक्षित होकर छ वप मे ही बीकानेर बोर्ड की परिचय मे लेकर अन्तिम रत्नाकर तक की सभी परिक्षाएँ प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण की थी। छ वप मे सभी परीक्षाओ के १६ वप का उम्र मे पूर्ण कर देने वाले विद्यार्थी, धार्मिक परीक्षा बोड मे नहीवत् हैं। यह सब आचाय प्रवर के सफल अनुशासन एव शिष्यो के प्रति सम्यक्ज्ञान दशन-चारित्र की अभिवृद्धि की सजगता का ही परिणाम है।

शात क्रान्ति के अग्रदूत स्वर्गीय आचाय श्री गणेशीलाल जी म सा की स्मृति मे श्री अ भा सा जन सघ के श्री गणेश जैन ज्ञान भण्डार मे अनेकानेक प्रकाशित एव हस्तलिखित ग्रन्थो का सग्रह हुआ है। हस्तलिखित अप्रकाशित ग्रन्था का सचयन कर उन्हे सघ की साहित्य समिति सवजनहिताथ प्रकाशन करती रही है। इसी सकल्प की कियान्विति मे इस शासन कृति को भी भण्डार से प्राप्त कर इसकी पाण्डुलिपि के साथ मूल पाठ निकालने, परिभाषाओ तथा जावपूर्ति के पाठो के सकलन मे आगम अहिंसा-समता एव प्राकृत सस्थान, उदयपुर के प्रभारी

श्री मानमल जी कुदाल एव उनके सहायक श्री सुभाष कोठारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । साथ ही प्रकाशन भी उदयपुर मे ही होने से शास्त्र के प्रुफ सशोधन एव प्रकाशन सबधी कार्यों को सुन्दर ढग से सपन्न कराने मे सस्थान के मत्री श्री फतहलाल जी हिंगर तथा सस्थान के प्रभारी श्री मानमल जी कुदाल विशेष रुप से कार्यकारी रहे है अत सघ उनका आभारी है ।

प्रस्तुत सूत्र का पर्यु षण मे आठ दिनो तक वाचन होने से, सुविधा की दृष्टि से पुस्तकाकार एव पत्राकार दोनो प्रकार से प्रकाशित किया जा रहा है, ताकि स्वाध्यायी आदि सभी के लिये उपयोगी बन सके ।

प्रस्तुत शास्त्र को प्रकाशित करते हुए सघ अपने आप मे गौरव का अनुभव कर रहा है । क्योकि साधुमार्गी सघ की ओर से वैसे साहित्य तो अनेक प्रकार का प्रकाशित हुआ है पर शास्त्र प्रकाशित करने का यह प्रथम ही प्रयास रहा है । शास्त्र प्रकाशन की इस शृ खला मे भगवती सूत्र आदि का प्रकाशन कार्य भी चल रहा है । आचार्य देव के आचार्य पद के दो वर्ष बाद आने वाले २५ वें वर्ष के उपलक्ष्य मे अभी से आगम प्रकाशन का कार्य गतिशील है ।

प्रस्तुत शास्त्र प्रकाशन मे होने वाले व्यय का सुश्राविका श्रीमती उमराव बाई भण्डारी, मातुश्री प्यार लाल जी भण्डारी, अलीनाग निवासी, मारवाड मे सोजत नगर ने वहन किया है । जिनका परिचय अलग से प्रस्तुत किया जा रहा है ।

सघ साहित्य समिति आपकी इस उदारता का आभारी है । अन्त मे जिज्ञासु लोग प्रस्तुत सूत्र से जितना अधिक लाभ उठाएँगे, उतनी ही हमारे प्रकाशन की सफलता होगी ।

गुमान मल चोरडिया
सयोजक
साहित्य समिति
श्री अ भा सा जैन सघ, बीकानेर

परम श्रद्धेय चारित्र चूड़ामणी
बाल ब्रह्मचारी
जिन शासन प्रद्योतक
धर्मपाल प्रतिबोधक
समता विभूति
विद्वद् शिरोमणी
समीक्षण ध्यानयोगी
आचार्य प्रवर

श्री नानालाल जी म. सा.

के 25वे आचार्य पद वर्ष
के उपलक्ष्य मे
प्रकाशित

अन्तकृद्दशाग सूत्र : एक परिचय

दुविहे धम्मे पण्णत्ते–तजहा–आगार धम्मे चेव अनगार धम्मे चेव ।

धर्म दो प्रकार का प्रज्ञापित किया गया है । यथा-आगार धर्म और अनगार धम ।

आगार धम मे सावद्य क्रियाओ का देशत त्याग होता है । परन्तु अनगार धम मे सभी प्रकार की सावद्य क्रियाओ का सवथा त्याग होता है । सागार धम श्रावको के लिये होता है, अनगार धम साधुओ के लिय हाता है ।

ग्यारह अगा मे से सातवें अग उपासकदशाग सूत्र मे आगार धम की आनन्दादि दस प्रमुख श्रावका के जीवन वृतान्त के साथ व्याख्या की गयी है और प्रस्तुत अष्टमाङ्ग-अन्तकृनदशाङ्ग सूत्र मे ६० पवित्र आत्माओ के जीवन वृतान्त से अनगार धम की व्याख्या की गई है ।

उदाहरण के माध्यम से किसी भी गभीर से गभीर विषय को सरलता से बोध गम्य बनाया जा सकता है । प्रभु ने भी अपनी देशनाओ मे धर्म कथाओ का पर्याप्त उपयोग किया है । जिन धर्म कथाओ द्वारा हमे जीवन की उलझी हुई ग्रन्थियो का विमोचन करने के साथ मुक्तानदवरण करने का दिग्बोध प्राप्त होता है ।

जिस प्रकार मुख पर लगी कालिमा को दूर करने के लिये दपण की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार आत्मा पर लगे कम-कालिमा को दूर करने के लिये परम पवित्र आत्मा के जीवन रुप, स्वच्छ दपण की आवश्यकता होती है, जिसे समक्ष रखकर अपनी आत्मा का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सके ।

नाम का रहस्य

प्रस्तुत सूत्र का नाम अन्त + कृत + दशा + अग + सूत्र है ।

क्योंकि प्रस्तुत सूत्र मे उन ६० महापुरुषो का जीवन वृत व्याख्यापित किया गया है, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट सयम-साधना द्वारा सभी कर्मों का अन्त कर जीवन के अन्तिम क्षणो मे मोक्ष पद प्राप्त किया था । इसी अथ के परिचायक के रुप मे अग के नाम का प्रथम शब्द 'अन्तकृत' है ।

अन्तकृत के बाद दूसरा शब्द आता है-दशा । जैन सस्कृति मे दशा शब्द के दो अर्थ विशेषत प्रचलित हैं-

'दशा' शब्द का अर्थ— अवस्था लिया जाता है। नदी चूर्णि मे दशा का अर्थ— अवस्था किया है।[1] जीवन की भोगावस्था से योगावस्था की ओर गमन अर्थात् शुद्ध दशा–अवस्था की ओर निरन्तर प्रगति करना दशा है।

प्रस्तुत सूत्र मे ऐसी दशा की ही प्रधानता होने से इस अग मे वर्णित सभी अन्तकृत साधक निरन्तर भोग से योग की ओर प्रगति करते है। इस शुद्ध अवस्था का परिचायक 'दशा' शब्द है।

(२) 'दशा' शब्द से दूसरा अर्थ 'दस की सख्या' भी लिया जाता है जिस सूत्र मे दस अध्ययन हो उसे भी दशा कहा जाता है। यद्यपि प्रस्तुत सूत्र मे आठ वर्ग है, किन्तु प्रथम, चतुर्थ, पचम, अष्टम वर्ग में दस-दस अध्ययन हैं। प्रथम वर्ग से शास्त्र का आदि (प्रारभ) है, चतुर्थ वर्ग शास्त्र का मध्य है, और अष्टम वर्ग शास्त्र का अन्तिम भाग है। इन सभी के दस-दस अध्ययन होने मे भी प्रस्तुत शास्त्र के नाम के साथ दशा शब्द सयोजित किया गया। आचार्य जिनदास गणि महत्तर ने नदी चूर्णि मे और आचार्य हरिभद्र सूरि ने प्रथम वर्ग के दस अध्ययन होने से ही प्रस्तुत सूत्र का नाम 'अतगडदसाओ' बतलाया है।[2]

'दशा' शब्द के अनन्तर तृतीय 'अग' शब्द सयोजित किया गया है।

शरीर के एक अवयव विशेष को अग कहा जाता है, या किसी वस्तु विशेष के एकाश को भी उस वस्तु का अग कहा जाता है। तदनुसार तीर्थंकरो के देशना रुपी विशिष्ट देह का एक अग प्रस्तुत सूत्र भी होने से इसके साथ 'अग' शब्द सयोजित किया गया है।

तीर्थंकरो की देशना-धारा अर्थत प्रवाहित हुई थी। जिस धारा को सूत्र रुप में नियोजित करने वाले मुख्यत प्राज्ञ पुरुष गणधर थे।

अग के बाद चतुर्थ 'सूत्र' शब्द सयोजित किया गया है।

अल्पाक्षर युक्त हो, असदिग्ध हो, सार पूर्ण हो, अनवद्य (दोष रहित) हो, उसे सूत्र कहा जाता है।[3] प्रभु की वाणी भी अल्प शब्दो मे असदिग्ध, गभीर और सार पूर्ण अर्थ को प्रकट करने वाली होने से, उस वाणी का सकलन सूत्र रुप मे किया गया है। इसी दृष्टि से प्रस्तुत सूत्र के नामान्त मे सूत्र शब्द दिया गया है।

---

[1] दस त्ति अवत्था - नन्दीसूत्र चूर्णि सहित पृष्ठ 68

[2] पढम वग्गे दसज्झयण त्ति तस्सक्खतो अतगडदसत्ति ॥ —नदी सूत्र चूर्णि सहित पृष्ठ 68

[3] अल्पाक्षर असदिग्ध सारवत् विश्वतोमुखम्।
अस्तोभमनवद्यञ्च, सूत्रं सूत्रविदो विदु ॥

इस प्रकार इन साथक चार शब्दो का एकीकरण कर प्रस्तुत सूत्र का नामकरण 'अन्तकृद्दशाग सूत्र' किया गया है।

प्रस्तुत सूत्र मे वर्णित प्राय सभी महापुरुप, केवलालोकित अर्थ को आयुष्य की अल्पता के कारण अभिव्यक्त नही कर पाने से भी उन्हे 'अन्तकृत केवली' कहा गया है।

सूत्र परिचय–

प्रस्तुत सूत्र के परिचय के सन्दभ मे अनक दृष्टिकोण पटने को मिलते है।

'समवायागसूत्र' मे इस सूत्र के दस अध्ययन और सात वग कहे गये है।[1]

आचाय देववाचक न नन्दीसूत्र मे आठ वग का प्रतिपादन किया है किन्तु दस अध्ययनो का नही।[2] आचाय अभयदेव ने समवायाग वृत्ति मे दोनो ही सूत्रो का सामजस्य करते हुए लिखा है कि—प्रस्तुत सूत्र के प्रथम वग मे दस अध्ययन हाने से समवायाग सूत्र मे दस अध्ययन तथा अवशेप सात वर्गो का पृथक रूप से सात वर्ग के रूप मे परिगणित किये हैं। नदी सूत्र मे प्रथम वग के अध्ययन न वतलाकर प्रथम वग और सात वर्गो को मिलाकर आठ वर्ग परिगणित कर लिये हैं।[3]

किन्तु इस सामजस्य का अन्त तक निवहन सभावित नहीं लगता। क्योकि समवायाग मे ही प्रस्तुत सूत्र के शिक्षा काल (उद्देशन काल) दस वतलाए गये है। जवकि नन्दी सूत्र मे आठ ही प्रतिपादित है। इसीलिये आचाय अभयदेव ने यह स्वीकार किया है कि उद्देशनकालो के अन्तर का अभिप्राय ज्ञात नही है।[4]

अध्ययना के नामो के भी पाठ भेद मिलते है।

प्रस्तुत आगम मे एक श्रुतस्कन्ध, आठ वग, ९० अध्ययन, आठ उद्देशन काल, समुद्देशन काल और परिमित वाचनाएँ हैं। इसमे अनुयोगद्वार, वेदा, श्लोक, नियुक्तियाँ, सग्रहणियाँ एव प्रतिपत्तिया सख्यात–सख्यात है। पद सख्यात और अक्षर सख्यात हजार वताये गए हैं। वतमान मे प्रस्तुत सूत्र ९०० श्लोक परिमाण वतलाया गया है।

अष्ट वर्गो मे से प्रथम–द्वितीय वग मे दस–दस अध्ययन, तृतीय वग मे तेरह अध्ययन,

---

[1] दस अज्झयणासत्त वग्गा। —समवायाग प्रकीर्णक समवाय सूत्र–96

[2] अट्ठ वग्गा। —नदी सूत्र –88

[3] दस अज्झयणत्ति प्रथमवर्गा पेक्षयैवघटन्ते, नन्द्या तथैव व्याख्यातत्वात् यच्चेह पठयते 'सत्त वग्ग' त्ति तद् प्रथम वर्गादन्य वर्गापेक्षयायताध्यष्टवर्गा नन्द्यामपि तया पठितत्वात्।—समवायाग वृति पत्र—112

[4] तता भणित अट्ठ उद्देशन काला इत्यादि, इह च दश उद्देशन काला अधीय ते इति नास्यमभिप्रायम वगच्छाम।—समवायाग वति पत्र—112

चतुर्थ और पचम वर्ग मे दस–दस अध्ययन, षष्टम वर्ग मे सोलह, सप्तम वग मे तेरह और अष्टम वर्ग मे दस अध्ययन प्रतिपादित हैं ।

प्रस्तुत आगम मे अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान एव सवज्ञ सवदर्शी महावीर भगवान के तीर्थंकर कालीन युग की घटनाएँ प्रतिपादित की गयी हैं । जबकि प्रस्तुत सूत्र अनादि–शाश्वत ह । अर्थात् प्रभु अरिष्टनेमि स भी पूर्व का ह । तातपय यह है कि सूत्रगत शाश्वत सदेश प्रारभ मे चला आ रहा है, पश्चात् प्रासगिक रूप से घटनाओ का सयोजन किया गया है ।

एतद् विषयक विस्तृत चर्चा आगे प्रश्नोत्तर के रूप मे की गई है ।

वर्ग–परिचय—

प्रथम वग के दस अध्ययन तथा द्वितीय वग के आठ अध्ययन कुल मिलाकर अठारह अध्ययनो मे वृष्णि कुल के अट्ठारह राजकुमारो का वणन आया है । जो राजकुमार प्रभु की देशना श्रवण कर विरति के पथ पर अग्रसर हुए थे । प्रथम के दस राजकुमारा ने बारह-बारह वप तथा अवशिष्ट आठ राजकुमारो ने सोलह-सोलह वप पर्यन्त सयम–पर्याय का पालन किया था । सभी राजकुमारा ने श्रमण धर्म का पालन करते हुए उत्कृष्ट तपाराधना के साथ अन्त मे एक मास के सलेखना–सथारा पूवक सभी कर्मों का अन्त करके मुक्तावस्था प्राप्त की थी ।

तृतीय वग मे तेरह अध्ययन हैं । ये तेरह अध्ययन भी तेरह राजकुमारो के नाम मे बतलाए गये हैं । इन्होने भी ससार की क्षणिकता का बोध प्राप्त कर सयम–पर्याय मे आकर सभी कर्मों का क्षय कर मोक्ष प्राप्त किया था ।

चतुथ वग के दस अध्ययन भी दस राजकुमारो के नाम से हैं । इन्होने भी दीक्षा अगीकार कर, सर्व कम क्षय कर मोक्ष प्राप्त किया था ।

पचम वग मे पद्मावती आदि दस रानिया का वणन है । राजमहलो मे रहने वाली इन रानिया ने ससार की असारता का बाघ प्राप्त कर, सयम पर्याय अगीकार कर सभी कर्मों का क्षय किया और मुक्तावस्था प्राप्त की ।

षष्ठम अध्ययन मे सालह अध्ययन है, ये सोलह ही अध्ययन विभिन्न अवस्था वाले महा-पुरुषो के जीवन–वृत्त से सबधित है ।

जहाँ मकाई, किकम जैसे बडे श्रेष्ठियो का वणन आता है, वहाँ (उसी मे) मुद्गरपाणि जैसे (यक्ष) अजुनमाली का वणन भी आता है । इसी प्रकार अतिमुक्त जैसे कुमार की प्रवज्या का वणन भी आता है ।

सातव वग के यारह ही अध्ययन तथा आठवें वर्ग के दसो अध्ययन रानियो के नाम स है । इन सभी रानियो ने राजपाट, वैभव-विलास का त्याग कर कटकाकीर्ण सयमपथ स्वीकार किया

था, और साधनापथ पर आरूढ होकर उग्र तपाराधना से अपनी-अपनी आत्मा को निर्मल बनाते हुए मोक्षावस्था को प्राप्त किया ।

प्रथम वग से लेकर पाचवें वग पयन्त सवज्ञ–सवदर्शी अहन्त अरिष्टनेमि के साथ विशेपकर कृष्ण वासुदेव का वणन आता है ।

जैन ग्रथो मे जिस प्रकार कृष्ण वासुदेव की चर्चा की गई है, वैसे ही श्री कृष्ण की चर्चा वैदिक एव बौद्ध ग्रथो मे भी पर्याप्त मात्रा मे मिलती है ।

वैदिक परपराओ मे कृष्ण–वासुदेव के विष्णु, नारायण, गोविन्दप्रभृति अनेक नाम मिलते है । श्री कृष्ण वासुदेव के पुत्र थे, इसलिये वे वासुदेव कहलाए ।

गीता मे श्री कृष्ण, विष्णु के पूव अवतार के रूप मे माने जाते है ।[1] महाभारत मे उनकी नारायण के रूप मे स्तुति की गई है ।[2] तैत्तियारण्यक मे श्री कृष्ण को सवगुण सपन्न बतलाया है ।[3]

पद्मपुराण, वायुपुराण, वामनपुराण, कूमपुराण, ब्रह्मवैवतपुराण, हरिवशपुराण एव श्रीमद्-भागवत् मे सविस्तृत श्री कृष्ण का वणन किया गया है ।

इसी प्रकार बौद्ध साहित्य के घट जातक मे श्री कृष्ण का वर्णन मिलता है ।[4]

जैन परम्परा मे श्री कृष्ण अत्यन्त दयालु, नीति प्रधान, मातृभक्त, कर्त्तव्य परायण एव तेजस्वी व्यक्ति के रूप मे प्रतिपादित किये गये है ।

श्री कृष्ण वासुदेव अहन्त अरिष्टनेमि के परम भक्त थे । तीन खण्ड का सचालन करने का गुरूत्तर दायित्व होते हुए भी कृष्ण-वासुदेव जब अरिष्टनेमि भगवान का द्वारिका के बाहर पदार्पण होता, तब-तब अपने अन्य सभी कामो को स्थगित कर प्रभु को वदामि-नमसामि करने एव उनकी दिव्य वाणी का श्रवण करने प्रभु शरण मे पहुच जाते । अरिष्टनेमि प्रभु से श्री कृष्ण वय की दृष्टि से ज्येष्ठ थे । तो आध्यात्मिक दृष्टि से श्री कृष्ण से अरिष्टनेमि प्रभु ज्येष्ठ थे ।

प्रभु के सान्निध्य को प्राप्त कर श्री कृष्ण इतने अधिक प्रभावित हुए कि सभी राज-पाट छोडकर दीक्षा लेने का विचार करने लगे, किन्तु श्रामण्य पर्याय अगीकार नही कर सके, क्यो कि उनका वासुदेव पद निदान कृत था । इसी कारण वे चतुथ गुणस्थान से आगे नही बढ सके ।

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता–म —48

[2] महाभारत, अनुशासन पव—147/19,20

[3] तैंतियारण्यक वन पव —16-47, उद्योग पर्व—49, 1

[4] जातक कथाए चतुथ खण्ड–454 मे घट जातक भदन्त आनन्द कौशल्यायन ।

श्री कृष्ण वासुदेव की तरह ही अरिष्टनेमि प्रभु का उल्लेख भी जैन परपरा के अतिरिक्त वदिक परपरा मे भी अनेक स्थलो पर किया गया है । जैसे ऋग्वेद मे 'स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि' 'तार्क्ष्य अरिष्टनेमि' आदि[1] इस प्रकार अनेक स्थलो पर प्रभु अरिष्टनमि का नाम मिलता है । यजुर्वेद, सामवेद आदि मे भी स्थाथ-स्थान पर प्रभु अरिष्टनेमि का नाम उपलब्ध हाता है ।

यजुर्वेद के स्थल पर तो जैन परम्परा मे प्रतिपादित अरिष्टनेमि के गुण वर्णन के सदृश्य ही वर्णन प्राप्त होता है । जो कि इस प्रकार है—

"आध्यात्म यज्ञ को प्रकट करने वाले, ससार के सभी भव्य जीवो को उपदेश देने वाले, जिनके उपदेश से सभी जीवो की आत्मा बलवान होती है, उन सर्वज्ञ नमिनाथ के लिये आहुति समर्पित करता हू ।[2]

प्रथम के पाँच वर्ग मे विवेचित ५१ महान् साधको ने भगवान अरिष्टनेमि के सान्निध्य मे साधना सिद्धि की थी । तदनन्तर छट्ठे से आठवें वर्ग गत ३९ भव्यात्माओ ने चरमतीर्थकर प्रभु महावीर के सान्निध्य मे साधना–सिद्धि की थी ।

प्रस्तुत सूत्र की कुछ विशेषताएँ—

अध्ययन —प्रथम-द्वितीय वर्गगत १८ राजकुमारो ने सामायिक आदि ग्यारह अगो का अध्ययन करके केवल्य प्राप्त किया था । तृतीय वर्गगत तेरह अध्ययनो मे से गजसुकुमाल अनगार को छोडकर शेष बारह अध्ययन गत महान साधको ने चतुर्दश पूर्वधारी होकर केवल्य को प्राप्त किया था । गजसुकुमाल अनगार ने किसी भी शास्त्र का अध्ययन किये बिना केवल्य प्राप्त किया था ।

चतुर्थ वर्ग गत सभी अध्यात्म साधक ने द्वादशाङ्गी का अध्ययन कर केवल्य प्राप्त किया था । शेष सभी महापुरुष एकादश शास्त्रो का अध्ययन करके केवली, अतकृत हुए ।

दीक्षा पर्याय —सबसे अधिक दीक्षा पर्याय अतिमुक्तक कुमार की रही । जिन्होने यौवन के विस्फोट से पूर्व ही प्रव्रज्या अगीकार करली और दीर्घकाल तक सयम पर्याय का पालन कर अतकृत केवली हुए थे ।

गजसुकुमाल अनगार ऐसे महापुरुष हुए थे कि जिन्होने कुछ घटा की सयम साधना के अनन्तर सभी कर्मो का क्षय कर अन्तकृत केवली हुए थे । अन्य कोई भी साधक इतनी स्वल्पायु म अन्तकृत केवली नही हुए ।

---

1 ऋग्वेद—1/14/89/9

2 वाजसनेयि–माध्यन्दिन शुक्ल यजुर्वेद, अध्याय—9, मत्र–15 सातवलेकर सस्करण (विक्रम–1984)।

छः माह की दीक्षा पर्याय और पन्द्रह दिनो का संथारा अर्जुन अनगार को आया था। अन्य सभी महान् आत्माओ की वर्षो की दीक्षा पर्याय रही एव एक-एक मास का सथारा आया था।

जीवन —दो महान् साधक बाल ब्रह्मचारी हुए है—गजसुकुमाल अनगार और अतिमुक्तक अनगार। शेष सभी महान् आत्माएँ भोग से निवृत्त हो योग मे प्रवृत्ति कर अन्तकृत हुई।

दो राजकुमार एक दिन के लिए राजा बने। एक द्वारिका नगरी के गजसुकुमाल और पोलासपुर नगर के अतिमुक्त कुमार। एक वाराणसी नगरी के सम्राट अलक्ष थे। इस प्रकार तीन राजा हुए। शेष सभी राजा, राजकुमार, युवराज, महारानिया और श्रेष्ठी वर्ग आदि अन्तकृत हुए।

गजसुकुमाल अनगार एव अर्जुन अनगार को प्रभूत परिषह सहने पडे, अन्य साधक-साधिकाओ को इतने नही। अर्जुन अनगार के अतिरिक्त सभी महान् आत्माएँ राजकुल और श्रेष्ठी कुल मे उत्पन्न होकर अन्तकृत हुई।

निर्वाण-स्थल —गजसुकुमार का निर्वाण महाकाल नामक श्मशान भूमि पर हुआ था। शेष सभी अनगार विपुलगिरि या शत्रुञ्जय पर्वत पर निर्वाण को प्राप्त हुए थे। साध्वियाँ सभी उपाश्रय मे ही निर्वाण को प्राप्त हुई।

कितने पुरुष कितनी स्त्रियाँ

पाँचवें वर्गगत दस सातवे वर्गगत तेरह एव आठवें वर्गगत दस, इस प्रकार ३३ अध्ययन राजा रानियो के है। जिन्होने सयम अगीकार कर कर्मान्त किया था। अवशेष सभी पुरुष अन्तकृत हुए थे।

शासन-किसका —भगवान अरिष्टनेमि के शासनकाल मे इकतालीस अनगार और दस आर्यिकाएँ अन्तकृत केवली हुई। भगवान महावीर के शासन-काल में सोलह अनगार और तेवीस आर्यिकाएँ अन्तकृत केवली हुई।

भगवान अरिष्टनमि के शासनकाल मे यक्षिणी आर्या प्रवतनी थी और भगवान महावीर के शासन काल मे चन्दन बाला आर्या प्रवतनी थी।

आदर्श-शिक्षाएं —प्रस्तुत सूत्र का अध्ययन करने से भव्य आत्माओ को जीवन की विविध समस्याओ का समाधान करने वाली हित शिक्षाएँ प्राप्त होती है। उन आदर्श महापुरुषो के जीवन से शिक्षा लेकर भव्य आत्माएँ आदर्शमय बन जाती है।

(१) कामभोगो की क्षणिकता का ज्ञान गौतमादि कुमारो की तरह होना चाहिये। जिन्होने यौवन के विस्फोट मे ही सयम जीवन अगीकार कर लिया था।

(२) सयमीय साधना के महापथ पर आने वाले घोरतम परिषह उपसर्गों को समभाव के साथ-सहन करने वाले गजसुकुमाल अनगार की तरह धैर्य एव दृढ विश्वास होना चाहिये।

(३) भव्य ग्रात्माग्रो को सयम महापथ पर ग्रग्रसर करने के लिये घमदलाली ग्रौर घम के प्रति ग्रटूट विश्वास कृष्ण वासुदेव की तरह होना चाहिये ।

(४) विशिष्ट शक्ति एव लब्धि से सम्पन्न प्रद्युम्नकुमार की तरह सब कुछ होत हुए भी शाश्वत शाति पाने के लिये सब कुछ त्याग कर सयम के महापथ पर बढ जाना चाहिये ।

(५) पुष्पो की शय्या पर शयन करने वाली, कोमलाङ्गी पद्मावती ग्रादि महारानियो की तरह महिलाग्रो का भी देह–मोह से हटकर विदेह पथ पर दृढता के साथ बढना चाहिय ।

(६) कर्मों का क्षय करन के लिए ग्रजु न ग्रनगार की तरह सहनशक्ति होनी चाहिये ।

(७) श्रमणापासक मे सुदशन श्रमणोपासक की तरह सशक्त ग्रात्मबल, प्रभु एव घम के प्रति दृढ विश्वास होना चाहिए ।

(८) सत्सघ का ग्रमिट रग एव प्रश्नोत्तर की शैली ग्रतिमुक्तक ग्रणगार की तरह होनी चाहिये ।

(९) काली–सुकाली ग्रादि ग्रार्यिकाग्रो का तरह विविध प्रकार के तप-कम मे ग्रपने शरीर को शुष्क कर, ग्रात्म तेज का जागृत करना चाहिये । इस प्रकार ग्रनेक शिक्षाएँ इस शास्त्र म जिज्ञासु ग्रात्माग्रो को प्राप्त होती हैं ।

पर्यू षण मे ही ग्रतगड का वाचन क्यो ?

शास्त्रो का गहन–गभीर ज्ञान प्राप्त करन के लिये मन ग्रौर मस्तिष्क का शात रहना उतना ही ग्रावश्यक है जितना की तलगत वस्तु को देखन के लिये सरोवर के पानी का निस्तरग रहना ।

मन ग्रौर मस्तिष्क की ऐसी शाति, समस्याग्रा के समाधान के बिना नही हो सकती । गृहस्थ जीवन मे त्यागी–साधक के लिय तो ऐसी कोई समस्या नही होती, किन्तु ससार के रग-मच पर जीने वाले मानव के मस्तिष्क मे ग्रनेक प्रकार की समस्याएँ उभरती रहती हैं । ग्रनेकविध समस्याग्रो मे प्रमुख समस्या होती ह– ग्रर्थोपाजन की । जिसकी प्राप्ति के लिये वह सदा व्यापार ग्रादि करता रहता है । किन्तु चातुर्मासिक दिनो मे वैसे भी व्यापार कम ही चलता है ग्रौर फिर पयू षणा मे ग्रौर भी कम । वे दिन तो ग्रात्म–जागरण के होते हैं ।

पयू षण के इन ग्रष्ट दिवसो मे भव्य ग्रात्माएँ वष भर के कर्म कलिमल को प्रक्षालित करने का प्रयास करती है । इस कलिमल का प्रक्षालन करन के लिए शुद्ध, निरजन स्वरूप कि सी ग्रादश की ग्रावश्यकता होती है । जिनके जीवन–वृत्तान्त को पढकर या श्रवणकर चिन्तन–मनन के साथ ग्रपनी ग्रात्मा के साथ ग्रात्मसात् किया जा सके ।

ऐसे ही पथ–प्रदशक ग्रादश महापुरुषो का वणन प्रस्तुत सूत्र मे प्रचुरता क साथ किया गया है । सभव है इसी दृष्टिकोण का ध्यान मे रखकर पूर्वाचार्यो ने ग्रन्तगडसूत्र' का वाचन

पयू पण मे रखा हो या फिर ऐसा भी हो सकता है कि प्रस्तुत सून क अष्टाह्निक पाठो के आधार पर पयू पण पव को भी अष्टाह्निक पव के रूप मे प्रचलित कर दिया गया हो। क्योकि शास्त्र के अन्त मे प्रस्तुत सूत्र की स्वाध्याय वाचना अष्टदिवसो मे ही पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

मूल – आगम म कही पर भी पयू परा के दिनो मे ही 'अन्तगडसूत्र' की वाचना का निर्देश नही दिया गया ह। पश्चात्वर्ती आचार्यो ने ही इस प्रकार का सयाजन किया है। वैसे अन्तगडसूत्र की वाचना (स्वाध्याय) किसी भी दिन की जा सकती है।

कुशल व्याख्याकार आचार्य श्री नानेश—

प्रखर प्रतिभा सम्पन्न, आगम रत्नसदोह, श्रद्ध य गुरुदेव आचार्य श्री नानेश प्रस्तुत सूत्र के कुशल व्याख्याकार हैं। जिनकी प्रखर मेधा, आगमानुकूल गभीर अथ को सुबोधगम्य रूप मे प्रतिपादित करने की सहज अभ्यासी रही है जिनके कुशल नेतृत्व को पाकर जहा चतुर्विध सघ अहर्निश विकास कर रहा है, वहा उन्ही के द्वारा व्याख्यायित मूलानुसारी अभिनव विवेचन भी जिज्ञासुओ के समक्ष प्रस्तुत हो रहा है।

आचाय प्रवर से आगम वाचना ग्रहरा करते समय आपश्री के मुख से सूत्रो की आगमनुकूल अभिनव विवेचना सुनने को मिली तब साधक-साधिकाओं का मानस अत्यन्त प्रफुल्लित हो उठा। विचार चलने लगा कि ऐसी विवेचना हमने किसी शास्त्र की व्याख्या मे नही पढी।

समवेतस्वर प्रस्फुटित हुए—साधक-साधिकाओ के गुरुदेव! हमारी मति इतनी पैनी नही है कि हम आपश्री द्वारा व्याख्यायित विषय को हुबहू ग्रहण कर लें। अत भगवन्! शास्त्र की व्याख्याओ को लिपिबद्ध करवादे तो हम सब पर अत्यन्त उपकार होगा।

शिष्य-शिष्याओ की भावना का लक्ष्य मे रखते हुए परम कृपालु गुरदेव न शासन सबधी कार्यों मे अत्यन्त व्यस्त होते हुए भी समय निकाल कर शास्त्र का विवेचन लिखवाना प्रारम्भ कर दिया। अब तक आचाराग सून की आगम-सम्मत्त विलक्षण विवेचना, इसी तरह भगवती सूत्र के कितनेक शतका की मूलानुसारी अभिनव विवेचना सम्पन्न हो चुकी है। उसी शृ खला मे गुरुदेव ने 'अन्तकृतदशाङ्गसून' की प्रश्नात्तर के रूप मे तलस्पर्शी विवेचना प्रस्तुत की ह। निश्चय ही जिज्ञासु आत्माओ के लिए यह सून निश्रेयस् की प्राप्ति मे सहायक सिद्ध होगा।

गुरुदेव के निर्देश को पाकर, उन्ही की अहेतु की असीम कृपा के परिणाम स्वरूप मैं प्रस्तुत ग्रन्थ के अनुवाद एव सपादन आदि का काय सपन्न कर सका हू।

मूल पाठ, जावपूर्ति, अनुवाद और सपादन आदि का काय निम्न ग्र थो को समक्ष रखकर किया गया है —

१ अन्तकृद्दशाग सूत्र-सटीक अभयदेवसूरि
२ " " आचार्य श्री आत्मारामजी म. सा
३ " " युवाचार्य श्री मधुकर मुनिजी म सा
४ " " प्यारे लालजी म सा
५ " " (प्रश्नोत्तर) घीसू लालजी पीतलिया
६ " " पूज्य घासी लालजी म सा
७ अग सुत्ताणि-मु नथमलजी म सा
८ जैन लक्षणावली भा १, २, ३, वाल चन्द्रजी
९ निरुक्त कोश-युवाचार्य महाप्रज्ञ
१० पाइअसद्दमहण्णवो
११ जैन सिद्धान्त बोल सग्रह भा १ से ८ आदि, आदि

ग्रन्थ की पाण्डुलिपि तैयार करने, जाव पूर्ति, मूल पाठ तयार करने एव परिभाषाओ के सकलन में आगम-अहिंसा-समता एव प्राकृत सस्थान, उदयपुर के प्रभारी श्री मानमलजी कुदाल एव उनके सहायक श्री सुभाषजी कोठारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सपादन एव अनुवाद आदि करने में कहीं कुछ भी स्खलना हो गई हो तो सुज्ञ-जनो से स्पष्टीकरण की अपेक्षा के साथ—

दिनाक १-४-८४
बुधवार

मुनिज्ञान

राजेन्द्रनगर
कुलुपवाडी रोड
नेशनल पार्क के सामने
बोरिवली (ईस्ट)
बम्बई-४

विषयानुक्रम

पृष्ठ सख्या

चतुर्थ वर्ग

पंचम वर्ग

षष्ठ वर्ग

सप्तम वर्ग

अष्टम वर्ग

पचमगणहर–सिरिसुहम्मसामिपणीय अट्ठम अग

अन्तगडदसाओ

पञ्चमगणधर-श्रीमत्सुधर्मस्वामिप्रणीतम-अष्टमम् अङ्गम्

अन्तकृद्दशा

उत्थानिका

भगवान महावीर के निर्वाण होने के पश्चात उनके पाट पर पचम गणधर आय सुधर्मा स्वामी विराजे। उनके प्रधान शिष्य जम्बू स्वामी थे। जब वे ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए चपानगरी मे पधारे तब जम्बू स्वामी ने आठवे अन्तकृद्दशाग सूत्र का बोध प्राप्त करने की जिज्ञासा प्रस्तुत की।

जिसका समाधान दिया–आय सुधर्मा स्वामी ने। ज्ञान प्राप्त करने की परपरा चिरतन काल से गुरु के द्वारा चली आ रही है। सुगुरू के द्वारा प्राप्त किया ज्ञान ही शिष्य के लिये नि श्रेयस् प्राप्त करान वाला हाता है।

'अन्तकृद्दशाग सूत्र' के आठ वर्गो मे से प्रथम वग के दस अध्ययनो का वणन करते हुए सुधर्मा स्वामी ने बतलाया–

उस अवसर्पिणी काल के चतुथ आरे मे द्वारिका नामक सुरम्य नगरी थी। जिसके प्रमुख अधिपति अद्ध भरत के राजा कृष्ण-वासुदेव थे। जो विशाल ऋद्धि-समृद्धि के स्वामी थे। द्वारिका नगरी के बाहर ईशाण-काण मे रेवतक नामक पवत पर नदनवन नामक उद्यान था।

द्वारिका नगरी मे अन्य अनेक राजा-महाराजाओ मे श्रेष्ठ एक अधक वृष्णि नामक राजा भी थे, जिनकी महारानी का नाम धारिणी था। जिनके दस राजकुमार थे।

दसो राजकुमारो को धारणी नामक रानी ने शुभ स्वप्न देखकर क्रमश जन्म दिया था। इनका अच्छी तरह से लालन-पालन किया गया। ७२ कलाओ मे प्रवीण होकर जब वे युवानी की दहली पर पदचरण करने लगे तब इनका समान रूप-गुण वय वाली आठ-आठ श्रेष्ठ कन्याओ के साथ विवाह कर दिया गया। वधु-पक्ष की ओर से इन सभी राजकुमारा को प्रत्येक के यहाँ से एक-एक करोड सब मिलाकर आठ-आठ करोड सौनया प्राप्त हुआ। सभी राजकुमार सासारिक काम भोग भोगते हुए रहने लगते हैं।

अगस्स अतगडदसाण अट्ठ वग्गा पण्णत्ता ।"

"हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने अष्टम अग अन्तकृद्दशाङ्ग सूत्र के आठ वग प्रतिपादित किये है ।'

3–"जइ ण भते ! समणेण भगवया महावीरेण जाव[A] सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण अट्ठ वग्गा पण्णत्ता, पढमस्स ण भते ! वग्गस्स अतगडदसाण समणेण भगवया महावीरेण जाव[B] सपत्तेण कइ अज्झयणा पण्णत्ता ?"

जम्बू स्वामी आय सुधमा स्वामी से निवेदन करने लगे—"हे भगवन् ! यदि श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने, यावत आठवें अग अन्तकृद्दशा मे आठ वग प्रतिपादित किये हैं, तो भगवन् ! यावत् मोक्ष प्राप्त श्रमण भगवान महावीर ने अन्तकृद्दशाग सूत्र के प्रथम वग के कितने अध्ययन प्रतिपादित किये हैं ?"

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण जाव[C] सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण पढमस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता तजहा–

हे जम्बू ! यावत् मोक्ष प्राप्त श्रमण भगवान महावीर ने आठवें अग अन्तकृद्दशा के प्रथम वग के दश अध्ययन कहे हैं। जैसे कि—

गाहा —

"गोयम, समुद्द, सागर–गभीर चेव होइ थिमिए य ।
अयले कपिल्ले खलु अक्खोभ–पसेणइ–विण्हू ॥"

"(१) गौतम, (२) समुद्र, (३) सागर, (४) गभीर, (५) स्तिमित, (६) अचल, (७) काम्पिल्य, (८) अक्षोभ, (९) प्रसेनजित और (१०) विष्णुकुमार ।"

प्रथम अध्ययन गौतम

4–उत्थानिका —

"जइ ण भंते ! समणेण भगवया महावीरेण जाव[D] सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण पढमस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता,

आय सुधर्मा स्वामी से आय जम्बू स्वामी ने इस प्रकार निवेदन किया—'हे भगवन् ! यदि श्रमण भगवान महावीर ने, यावत् आठवें अग अन्तगडसूत्र के प्रथम वग के दश अध्ययन प्रतिपादित किये हैं तो हे

पढमस्स ण भंते ! अज्झयणस्स अंतगडदसाण समणेण भगवया महावीरेण जाव[E] सपत्तेण के अट्ठे पण्णत्ते ?"

भगवन् ! श्रमण, यावत् मोक्ष प्राप्त भगवान महावीर स्वामी ने अन्तगडसूत्र के प्रथम वर्ग के प्रथम अध्ययन का क्या अर्थ प्रतिपादित किया है ?"

द्वारिका वर्णन–

5–"एव खलु जबू ! तेण कालेण तेण समएण बारवई नाम नयरी होत्था दुवालसजोयणायामा नव–जोयण[10]–वित्थिण्णा, धणवइ–मइ–णिम्माया, चामीकर–पागारा नाणा-मणि–पचवण्ण कविसीसगपरिमडिया, सुरम्मा, अलकापुरि–सकासा, पमुदिय-पक्कीलिया पच्चक्ख देवलोगभूया[11] पासादीया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा ।

जम्बू अनगार के प्रश्न का समाधान करते हुए आर्य सुधर्मा स्वामी ने कहा—"हे जम्बू ! उस काल उस समय मे द्वारिका नामकी एक नगरी थी । वह बारह योजन आयाम—लम्बाई तथा नौ योजन विष्कभ—चौडाई वाली थी । धनपति—वैश्रमण देव कुबेर की विलक्षण मति (बुद्धि) मे निर्मित थी । चामीकर—सोने के प्राकार—परकोट वाली थी । नाना प्रकार की मणियो एव पाच वर्ण वाले कपिशिर्षक—कगूरो से सुसज्जित थी । अति रमणीय थी । अल-कापुरी—देवो की नगरी के समान थी । जो प्रमोद एव क्रिडा का स्थान थी । साक्षात् देवलोक के समान प्रतीत होती थी । देखने योग्य थी । चित्त को प्रसन्न करने वाली थी । अभिरूप थी, प्रतिरूप थी ।

तीसे ण बारवईए णयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए एत्थ ण रेवयए नाम पव्वए होत्था । वण्णओ[A]। तत्थ ण रेवयए पव्वए नदणवणे[12]नाम उज्जाणे होत्था । वण्णओ[B] । सुरप्पिए नाम जक्खायतणे[13] होत्था, पोराणे, से ण एगेण वणसडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ते, असोगवरपायवे0"[C]।

इस प्रकार की द्वारिका नगरी के बाहर उत्तर–पूर्व दिशा भाग मे—ईशान कोण मे, रैवतक नामक एक पर्वत था । उस रैवतक पर्वत पर नन्दनवन नामक उद्यान था । जिसका वर्णन उववाई सूत्र के अनुसार जानना चाहिये । उस उद्यान मे सुरप्रिय नामक यक्ष का प्राचीन यक्षायतन था । वह अनेक प्रकार के वृक्षो से परिवृत—घिरा हुआ था । जिसके मध्य मे अशोक नामक एक प्रधान वृक्ष था ।"

6—तत्थ णं बारवईए णयरीए कण्हे नाम वासुदेवे[14] राया परिवसइ। महया वण्णओ।

से णं तत्थ समुद्दविजयपामोक्खाणं दसण्हं दसाराणं बलदेव[15] पामोक्खाणं पंचण्हं महावीराणं, पज्जुण्णपामोक्खाणं अध्दुट्ठाणं कुमारकोडीणं सबपामोक्खाणं सट्ठीए दुद्दंतसाहस्सीणं महासेणपामोक्खाणं छप्पण्णाए बलवग्गसाहस्सीणं वीरसेणपामोक्खाणं एगवीसाए वीरसाहस्सीणं, उग्गसेणपामोक्खाणं सोलसण्हं रायसाहस्सीणं, रूप्पिणीपामोक्खाणं सोलसण्हं देविसाहस्सीणं अणंगसेणापामोक्खाणं अणेगाणं गणियासाहस्सीणं अण्णेसिं च बहूणं, ईसर जाव[A] सत्थवाहाणं बारवईए नयरीए अद्धभरहस्स य समत्तस्स आहेवच्चं जाव[B] विहरइ।

उस द्वारिका नगरी में कृष्ण वासुदेव नामक राजा राज्य करते थे। जो कि महान् थे। राजा के योग्य सारा वर्णन औपपातिक सूत्र के अनुसार जानना चाहिये।

उस द्वारिका नगरी में कृष्ण महाराज के अतिरिक्त समुद्रविजय प्रमुख दस दशार्ह (पूज्यजन), बलदेव प्रमुख पाँच महावीर, प्रद्युम्न प्रमुख साढ़े तीन करोड़ राजकुमार, शाम्ब प्रमुख साठ हजार दुर्दान्त कुमार, महासेन प्रमुख छप्पन हजार सैनिक, वीरसेन प्रमुख इक्कीस हजार वीर, उग्रसेन प्रमुख सोलह हजार राजा, रुक्मिणी प्रमुख सोलह हजार देवियाँ, अनंगसेना प्रमुख हजारों गणिकाएं थीं। इसके अतिरिक्त भी ऐश्वर्यशाली अनेक सेठ साहूकार, सार्थवाह निवास करते थे। इन सब पर तथा द्वारिका नगरी एवं अर्द्ध-भरत की समस्त प्रजा पर, कृष्ण वासुदेव आधिपत्य शासन कर रहे थे।

7—तत्थ णं बारवईए नयरीए अंधगवण्ही नाम राया परिवसइ। महया हिमवंत0 वण्णओ।

तस्स णं अंधगवण्हिस्स रण्णो धारिणी नाम देवी होत्या वण्णओ।

तए णं सा धारिणी देवी

उस द्वारिका नगरी में अंधकवृष्णि नामक राजा निवास करता था। पर्वतों में श्रेष्ठ हिमवान पर्वत की तरह वह अन्य सभी राजाओं में महान् था, जिसका विशेष वर्णन औपपातिक सूत्र में जानना चाहिये।

उस अंधकवृष्णि राजा के धारिणी नामक रानी थी। किसी समय महारानी धारिणी, शयन शय्या पर अर्धनिद्रित अवस्था में एक शुभस्वप्न को देखती है। जिसे इसके

अण्णया कयाइ तसि तारिसगसि सयणिज्जसि एव जहा महब्बले ।

सुमिणदसण-कहणा, जम्म बालत्तण कलाग्रो य ।।
जोव्वण-पाणिग्गहण कण्णा वासा य भोगा य ।

नवर गोयमो नामेण अट्ठण्ह रायवरकण्णणा एगदिवसेण पाणि गेण्हावेंति अट्ठट्ठग्रो दाग्रो ।

जागृत हो जाती ह, और उस स्वप्न का यथावत वरान अपने पति को सुना देती है । उस स्वप्न का फल, बालक का जन्म और उसका बालत्व, कलाग्रो का अध्ययन, यौवनत्व की अवस्था, कान्ता-कान्त कुमारिकाग्रो के साथ पारिग्रहरण (विवाह), प्रासादो-महलो का निर्माण और कामभोग आदि सारा वरान भगवतीसूत्रगत महाबल के वरान के अनुसार जान लेना चाहिये ।

नवर-विशेषता इतनी है कि महाबल-कुमार के नाम के स्थान पर प्रस्तुत में वर्णित कुमार का नाम गौतम कुमार रखा गया । यौवनवय मे आठ श्रेष्ठ कन्याओ के साथ एक ही दिवस मे उनका विवाह कर दिया गया । आठ-आठ दाते (आठ-आठ करोड सौनया) दी गई ।

8—तेण कालेण तेण समएण अरहा अरिट्ठनेमी आइगरे जाव सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणे विहरइ । चउव्विहा देवा आगया । कण्हे वि णिग्गए । तते ण तस्स गोयमस्स कुमारस्स जहा मेहे तहा णिग्गए । धम्म[17] सोच्चा ज नवर देवाणुप्पिया! अम्मापियरो आपुच्छामि । देवाणुप्पियाण अतिए मुडे भवित्ता आगाराओ अणगारिय पव्वयामि एव जहा मेहे जाव इणमेव णिग्गथ पावयण पुरे काउ विहरइ ।

उस काल उस समय मे श्रुतधम का प्रारभ-प्रवर्तन करने वाले अरहा-अरिहन्त बाइसवे तीर्थंकर अरिष्टनेमि भगवान ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए अपने तप सयम की आराधना करते हुए द्वारिका नगरी मे पधारे । उनके समवसरण में चार प्रकार के देव, भवनपति, वाणव्यतर, ज्योतिष और वैमानिक उपस्थित हुए । कृष्ण वासुदेव के साथ विशाल जनमेदिनि भी उपस्थित थी । तदनन्तर मेघकुमार की तरह गौतमकुमार भी प्रभु के दशनाथ उपस्थित हुए । धम श्रवण कर अथात् एक ही उपदेश म उनका जीवन रूपान्तरित हो गया और वे बोले-भगवन् ! मैं अपने माता-पिता को पूछकर आपके पास दीक्षा अगीकार करना चाहता हूँ । भगवान् ने कहा जसा तुम्हे सुख हो वैसा करो, किन्तु शुभ काय मे किंचित भी ।

मत करो। आदि–सारा वर्णन मेघकुमार की तरह जानना चाहिए। गौतम कुमार ने भी माता-पिता की आज्ञा प्राप्त कर दीक्षा अंगीकार की तथा निर्ग्रन्थ प्रवचन को सामने रखते हुए अर्थात् प्रभु के निर्देशानुसार श्रुत एवं चारित्र धर्म का पालन करते हुए विचरण करने लगे।

9— तए णं से गोयमा अणगारे अण्णया कयाइ अरहओ अरिट्ठनेमिस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं[18] एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ अहिज्जित्ता बहूहिं चउत्थ जाव[A] अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। 'तए णं' अरहा अरिट्ठनेमी अण्णया कयाइ बारवईओ नयरीओ नंदणवणाओ पडिणिक्खमइ बहिया जणवयविहारं विहरइ।

वे गौतम अनगार किसी समय अरिहन्त अरिष्टनेमि भगवान के तथारूप स्थविरों के समीप सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन करते हैं। अध्ययन करके चतुर्थ–उपवास आदि अनेक प्रकार की तपश्चर्या द्वारा अपनी आत्मा को तप संयम से भावित करते हुए विचरण करने लगते हैं।

किसी अन्य समय में अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान द्वारिका नगर के नन्दनवन से विहार कर जनपद में विचरण करने लगते हैं।

तए णं से गोयमे अणगारे अण्णया कयाइं जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी, तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता अरहं अरिट्ठनेमिं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ करेत्ता वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—

तप–संयम से भावित गौतम अनगार एकदा अर्हत अरिष्टनेमि भगवान के चरणों में उपस्थित होते हैं। उपस्थित होकर प्रभु को तीन बार विधिपूर्वक आदक्षिणा–प्रदक्षिणा वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार कहते हैं—

10—"इच्छामि णं भंते! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं

'हे भगवन्! आपश्री द्वारा अभ्यनुज्ञात आज्ञा प्राप्त होने पर मैं यह चाहता हूँ कि मासिकी भिक्षु प्रतिमा को ग्रहण करके विचरूँ।' भगवान की आज्ञा प्राप्त हुई।

विहरित्तए" एव जहा खदग्रो तहा बारसभिक्खुपडिमाग्रो फासेइ फासित्ता गुणरयण पि तवोकम्म तहेव फासेइ निरवसेस । जहा खदग्रो तहा चिंतेइ । तहा ग्रापुच्छइ, तहा थेरेहिं सद्धि सेत्तु ज दुरूहइ बारस वरिसाइ परियाए मासियाए सलेहणाए जाव[8] सिद्धे–बुद्धे–मुत्ते–परिणिव्वाए–सव्वदुक्खपहीणे ।

ग्राज्ञा प्राप्त होने पर गौतम ग्रनगार ने शास्त्र विधि ग्रनुसार मासिकी भिक्षु-प्रतिमा का ग्राराधन किया । इसी प्रकार ग्रवशेप सभी प्रतिमाएँ ग्रर्थात् बारह ही भिक्षु प्रतिमाग्रो का भगवतीसूत्र मे वर्णित स्कन्दक ग्रनगार की तरह ग्राराधन किया । ग्राराधना करके गुणरत्न सवत्सर नामक तप का ग्राराधन किया । निर्विशेप ग्रर्थात् ग्रवशेप सारा वर्णन स्कदक ग्रनगार की तरह हैं । वे भी रात्रि मे चिन्तन करते ह । प्रात प्रभु के समक्ष निवेदन करते है । प्रभु की ग्राज्ञा प्राप्त कर स्थविर ग्रनगारो के साथ शत्रुजय पवत पर ग्रारोहण करते हैं—चढते हैं, चढकर सलेखना सथारा किया । बारह वर्ष की दीक्षा पर्याय एव एक मास के सलेखना सथारा मे सपूर्ण कर्मों का ग्रन्त कर सिद्ध, बुद्ध-मुक्त परिनिर्वाण एव सब दुखो को हरण करने वाली ग्रवस्था को प्राप्त करते हैं ।

2-10 अध्ययन

निक्षेप पद–

11–"एव खलु जवू ! समणेण भगवया महावीरेण जाव^ सपत्तेण अट्ठमस्स अतगडदसाण पढमस्स वग्गस्स पढमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ।"

एव जहा गोयमे तहा सेसा । वण्ही पिया, धारिणी माता, समुद्दे, सागरे, गंभीरे, थिमिए, अयले, कपिल्ले अक्खोभे पसेणति, विण्हुए, एए, एगगमा ।।

॥ पढमो वग्गो दस अज्झयणा सम्मत्ता ॥

इस प्रकार 'हे जम्बू ! यावत् मोक्ष को प्राप्त श्रमण भगवान महावीर ने आठवें अतगडसूत्र के प्रथम वग के प्रथम अध्ययन का यह अर्थ कहा है ।"

जिस प्रकार गौतम का वर्णन किया गया है, उसी प्रकार, शेष समुद्र, सागर, गम्भीर, स्तिमित, अचल, कांपिल्य, अक्षोभ, प्रसेनजित और विष्णु, इन नव अध्ययनों का अर्थ भी समझ लेना चाहिए। सबके पिता अन्धकवृष्णि थे। माता धारिणी थी। सब का वर्णन एक जैसा है। इस प्रकार दस अध्ययनों के समुदाय रूप प्रथम वर्ग का वर्णन किया गया है।"

॥ प्रथम वग १० अध्ययन समाप्त ॥

जिज्ञासा और समाधान

जिज्ञासा —"तेण कालेण तेण समएण","उस काल उस समय मे"—काल और समय एकार्थक होते हुए भी अलग-अलग क्यो कहे गये ?

समाधान —सामान्य रूप मे काल और समय एक ही अर्थ के बोधक लगते है, किन्तु इनमे अन्तर अवश्य है। काल से उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल लिया जाता है और समय शब्द से, उस काल के होने वाले व्यक्ति की ओर सकेत किया जाता है। उदाहरण के रूप मे वर्ग के प्रारभ मे आए 'तेण कालेण'—उस काल से तात्पर्य अवसर्पिणी काल के चतुर्थ आरे से है। लेकिन वह आरा ४२ हजार वर्ष कम कोटा-कोटी सागरोपम का है। तो इतने बडे काल मे यह कथन किस काल से सबन्धित है, इस बात का सकेत 'तेण समएण'—उस समय अर्थात् उस चतुर्थ आरे मे जिस समय भगवान महावीर स्वामी निर्वाण प्राप्त कर चुके थे, सुधर्मा स्वामी पाट पर विराजमान थे, वे अपने शिष्य-परिवार सहित ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए चपापुर नगर पधारे, उस समय से सबन्धित कथन है।

सभी स्थानो पर प्रसगानुसार इसी प्रकार अर्थ लेना चाहिये।

जिज्ञासा —मूल पाठ मे पूर्णभद्र नामक यक्ष-मन्दिर का वर्णन आता है। तो क्या पूर्व मे प्रतिमा वन्दन किया जाता था ?

समाधान —'प्रतिमा' यह किसी की भी प्रतिकृति होती है। जब से मनुष्य ने सोचना प्रारभ किया, तब से वह अनुकरणशील रहा है। जैसी भी उसने आकृति देखी, वैसी प्रतिकृति बनाली

यह क्या बनाई जा रही है ? किसलिये बनाई जा रही है ? यह वन्दनीय है या नहीं–इस विषयक कोई भी विशेष सम्यक् अवबोध नहीं रहता। कलाकृति की दृष्टि से कभी मनुष्य की, ना कभी पशु की, या फिर अन्यान्य प्रतिकृतियां बनाली जाती है। शास्त्र में जो वर्णन आया है, उस वर्णन में मुख्य प्रतिपाद्य विषय–उन मोक्षगामी आत्माओं ने रत्नत्रय की आराधना की और कर्म विनष्ट कर मोक्ष पधारे, यह रहा है।

इस विषय का प्रतिपादन करते हुए आनुषंगिक विषय भी वर्णित किया गया है। आनुषंगिक विषय प्रतिपाद्य या उपादेय के रूप में नहीं है, वह सिर्फ मुख्य विषय का प्रासंगिक वर्णन है। ऐसे वर्णनों में अमुक-अमुक स्थान का क्या वातावरण था ? जनता की कितनी समझ थी ? जनता अज्ञानता वश क्या कर लेती थी ? यह विषय भी आ जाया करता है। तदनुसार शास्त्रों में जहां भी बगीचे का वर्णन एवं उसके अन्दर यक्षादि प्रतिमा का उल्लेख भी आया है। यह उल्लेख उस समय की जनता की रूढ परंपरा का सूचक है। यह विषय ज्ञेय उपादेय और हेय का भी उल्लेख आता है।

शास्त्र में उल्लिखित है, इसलिये यह सभी आचरणीय है, ऐसा समझना भ्रांतिमूलक होगा। शास्त्र में सद्गुणों का भी वर्णन है तो दुर्गुणों का भी। पाप का भी वर्णन है तो पुण्य एवं धर्म का भी उल्लेख है। एतावता दुर्गुण एवं पाप आचरणीय नहीं हो जाता।

इस सन्दर्भ में यक्ष की प्रतिमा का वर्णन भी समझना चाहिये। न कि यह प्रतिमा सम्यग् दृष्टि आत्मा के लिये आगम में वर्णन होने मात्र से वन्दनीय, पूजनीय, अर्चनीय बन गयी।

उक्त आगम वर्णित प्रतिमा को लेकर सम्यग् दृष्टि-जीव मोक्ष प्राप्ति हेतु अन्य कृत्रिम प्रतिमा बनाकर वन्दनीय-पूजनीय भी नहीं मानता। सम्यग्दृष्टि पुरुष के लिये तो वीतराग देव ने जिन आराधनीय सूत्रों का विशेष रूप से प्रतिपादन किया है, वही मोक्ष प्राप्ति हेतु उपादेय आराधनीय है। यथा—

"कई विहेण भंते आराहणा पण्णत्ता गोयमा। तीविहा आराहणा पण्णत्ता णाण आराहणाए, दंसण आराहणाए चरित्त आराहणाए"।

भगवान् महावीर ने आराधना विषयक गौतम स्वामी के प्रश्न के उत्तर में फरमाया कि

आराधना तीन प्रकार की होती है–ज्ञान आराधना, दर्शन आराधना और चरित्र आराधना । यह तीन ही आराधना प्रतिपादित की है । इन्ही आराधनाओ को सक्षिप्त रूप मे 'स्थानाङ्ग सूत्र' मे "दुविहे धम्मे पण्णत्ते-सुय धम्मे चेव, चरित्ते धम्मे चेव" मे भी वर्णित किया गया है । श्रुत मे सम्यक् ज्ञान, सम्यक् दर्शन तथा चारित्र मे सम्यक् चरित्र एव सम्यक् तप का समावेश है । वाचक उमास्वाति ने तत्वार्थ सूत्र मे भी स्पष्ट कहा है– "सम्यक् दर्शन, ज्ञान, चारित्राणि मोक्षमार्ग ।" सम्यक् दर्शन, ज्ञान, चारित्र से युक्त ही मोक्षमार्ग है, इससे भिन्न कोई मोक्ष का मार्ग नही है । इसी मोक्षमार्ग की आराधना भगवदाज्ञा आराधना है । यह जैन समाज का सर्वमान्य स्वरूप है ।

जिज्ञासा —मूल-पाठ गत "जाव" एव "वण्णओ" शब्द से क्या तात्पर्य है ?

समाधान —'जाव' शब्द मूल पाठ के सकोच का परिचायक है । जिस विषय का वर्णन अन्य स्थानो पर आ चुका है, उसे सकुचित करने के लिये अन्य स्थल पर 'जाव' शब्द का प्रयोग कर दिया जाता है । जैसे वर्ग के प्रारभ मे "परिसा निग्गया जाव पडिगया" मूल पाठ आया है । जाव शब्द से "धम्म सोच्चा, निसम्म जामेव दिस पाउब्भूया तामेव दिस" इतने मूल पाठ का सकोच किया गया है । 'वण्णओ' शब्द से तत्सबन्धी अवशेष विषय यहा वर्णनीय है, इस बात का परिचायक है । वर्ग के प्रारभ मे आया हुआ "पूण्णभद्दे चेइए वण्णओ" से अवशेष पाठ निम्नाकित प्रकार से औपपातिक सूत्र से लिया जाता है—"पूण्ण भद्दे चेइए, चिराइए, पुव्व पुरिस पण्णत्त, पोराणे, सद्दिए, वित्तिए, कित्तए णाए बहुजणो अच्चेइ आगम्म पुण्ण भद्द चेइय" इसी प्रकार अन्य स्थलो पर भी जानना चाहिये ।

जिज्ञासा —मूल अग 'अन्तकृद्दशाग सूत्र' के अन्दर उपाग औपपातिक सूत्र के उद्धरण देने का क्या कारण है, क्योकि अग पहले है, उपाग बाद मे है ?

समाधान — यह सत्य है कि अग सूत्रो का स्थान सर्व-प्रथम है । अग सूत्रो से ही उपाग सूत्र निकले हैं । लेकिन अग सूत्रो मे उपाग सूत्रो का निर्देश होने का मूल कारण यह प्रतीत होता है कि आगमो को जब लिपिबद्ध किया गया था तब अग-उपागो मे सबसे पहले चार मूलसूत्र, चार छेद सूत्र, औपपातिक, प्रज्ञापना, आचाराङ्ग एव स्थानाङ्ग सूत्र को लिपिबद्ध किया गया क्योकि इनमे किसी अन्य सूत्र के उद्धरण का सकेत नही किया गया है । तदनन्तर लिपिबद्ध करते समय जिस विषय का वर्णन पूर्व लिपिबद्ध सूत्रो मे आ चुका था, उन सूत्रो का पश्चाद्वर्ती लिपिबद्ध किये जाने वाले सूत्रो के मूल-पाठ का सक्षिप्त करने के लिये सकेत कर दिया गया ।

जिज्ञासा—भगवान् महावीर के पट्टधर शिष्य प्रथम गणधर के रहते हुए पचम गणधर

परिवार में पुत्रों के समान ही पुत्री भी एक महत्वपूर्ण अंग होती है। माता पिता पर पुत्रों का ही उत्तरदायित्व नहीं, अपितु पुत्री का भी उत्तरदायित्व होता है। बल्कि पुत्र से भी पुत्री का उत्तरदायित्व माता-पिता पर अधिक होता है। अतः पिता की चल अचल संपत्ति के अधिकारी केवल पुत्र ही नहीं होते अपितु पुत्री भी होती है। जब लड़की का विवाह होता है, लड़की पराये घर जाने लगती है, तब पिता का यह परम कर्तव्य हो जाता है कि वह नैतिकता के साथ अपनी संपत्ति का कुछ भाग अपनी पुत्री को भी दे। और इस कर्त्तव्य एवं नैतिकता को पूरा किया जाता था तीर्थंकर कालीन युग में। शास्त्रों में चर्चित अनेक विवाह-प्रसंगों पर इस परम कर्त्तव्य को आज की आधुनिक परिभाषा में दहेज की कोटि में कदापि नहीं लिया जा सकता। आज तो लड़के के विवाह के लिए, जैसे बाजार में बोलियाँ लगायी जाती हैं, वैसी बोलियाँ लगा-लगा कर विवाह किया जा रहा है। लड़की के पिता के पास सामर्थ्य नहीं होते हुए भी जबरन उससे दहेज लिया जाता है। आज गुणों का महत्व कम, रुपयों का महत्व अधिक बढ़ गया है। जिसके परिणाम आए दिन पढ़ने एवं सुनने को मिलते हैं। किन्तु उस समय दहेज की यह स्थिति नहीं थी, वहाँ सम्पत्ति का चयन नहीं अपितु गुणों का चयन किया जाता था। शरीर को महत्व नहीं अपितु चरित्र को महत्व दिया जाता था। वर-पक्ष की ओर से दहेज माँगने का कोई प्रश्न ही नहीं है। वधु-पक्ष वाले भी अपना कर्त्तव्य समझ के देते थे। वह भी अपनी पुत्री को। ऐसी स्थिति में वर-पक्ष वाले निषेध भी नहीं कर सकते क्योंकि सम्पत्ति उन्हें नहीं, बल्कि लड़की को मिल रही है। वर-पक्ष की ओर से निषेध करना लड़की को अपने अधिकारों से वंचित रखना है।

इन सारी स्थितियों पर विचार करने पर कोई भी गुण व्यक्ति शास्त्रों में वर्णित लड़की के प्रीतिदान की तुलना आज के दहेज के साथ कभी नहीं कर सकता।

यह भी नहीं कह सकते कि बड़े-बड़े श्रेष्ठी वर्ग अपनी लड़की का विवाह बड़े-बड़े श्रेष्ठी-वर्गों में यहाँ ही करते थे, गरीबों के यहाँ नहीं। क्योंकि श्री कृष्ण के छोटे भाई गजसुकुमाल कुमार का विवाह प्रसंग एक सामान्य ब्राह्मण की लड़की सोमा से होना निश्चित हुआ था। शादी नहीं हुई यह और बात है। यह स्पष्ट है कि सोमा का विवाह भी विपक्षों के यहाँ गुण-सम्पन्नता को देख कर किया जाता था।

जिज्ञासा—कृष्ण महाराज के समय के वर्णन में कृष्ण महाराज के १६ हजार रानियाँ तथा ३ ५ करोड़ कुमार की व्याख्याएँ हैं। एक व्यक्ति के १६ हजार रानियाँ और ३ ५ करोड़ कुमार की बात आज के युग में बड़ी विचित्र सी लगती है जिस पर जल्दी से विश्वास भी नहीं हो पाता। इस कथा में वास्तविकता कितनी क्या है?

समाधान—पाठका को शास्त्र मे वर्णित ज्ञेय विषय को ज्ञय रूप मे समझना चाहिये। एक व्यक्ति के वहुसख्यक स्त्रियो की उस समय एक प्रथा विशेष थी। युगो का समय-समय पर एक विशेष रूप उभरता है। प्राचीन काल मे कई ऐसी परिस्थितिया थी की जिन परिस्थितियो से बाध्य होकर अनेक स्त्रियो के साथ विवाह का प्रसग भी उपस्थित होता था। जिस वक्त शक्ति सम्पन्न सम्राट भूमण्डल पर अपना राज्य स्थापित करने की दृष्टि से चलते थे, उस वक्त वे जितने अन्य राजाओ के राज्य को अपनी अधीनता मे लेते वे अधीनस्थ राजा पुन प्रतिपक्षी नही बन जाय, इस दृष्टि से उनकी राजकन्याओ के साथ विवाह का प्रसग भी आता था।

अपनी कन्या विवाहित कर देने पर प्रतिपक्षी के रूप मे वह, उन शक्ति सम्पन्न सम्राट क साथ सघर्ष मे नही उत्तर सकते। कुछ व्यक्ति शक्ति से निबल होने के साथ ही साथ किन्ही अन्य सबला से तथा स्वच्छदाचारियो से आतकित रहते थे। इसलिये वे निबल राजा भी अपनी कन्याओ का शक्ति सम्पन्न सम्राट के साथ अतीव अनुनय-विनय-पूवक विवाह कर देते थे। ऐसा करने म उनका निभयता का अनुभव होने लगता था जो आक्रान्ता एव स्वेच्छाचारी राजा होते, वे उन निबलो पर आक्रमण करना छोड देते थे। इसी प्रकार की अन्य भी कई परिस्थितिया होती थी कि जिससे विशिष्ट सम्राट अनेक कन्याओ के साथ विवाह करते थे।

इसी सन्दर्भ मे त्रिखण्डाधिपति कृष्ण वासुदेव के विवाहो को भी समझना चाहिय। श्री कृष्ण भी विराट त्रिखण्ड के स्वामी थे। उन तीनो खण्डो को अपने शासन के अन्तगत लेने के लिये तथा शासन को चलाने की दृष्टि से इतनी रानियो के साथ विवाहा का प्रसग असभव सा प्रतीत नही होता। किन्तु जिज्ञासुओ को सदा यह ध्यान रखना चाहिये कि वीतराग देव द्वारा उपदिष्ट शास्त्रो मे जिस विषय का उपादेय रूप से प्रतिपादन हुआ है, वही मुख्य विषय है, उसी की पुष्टि जिस चरितानुवाद से होती है उस चरितानुवाद को प्रेरणा के रूप मे लेना चाहिये। इससे भिन्न जो विषय है, वह उस-उस समय की परिस्थितिया, रीतिरिवाजो एव लौकिक प्रथाओ का परिचायक है। इन सबका वर्णन भी प्रसगोपात दिया गया है। इतने मात्र से वे सब वर्णन ग्राह्य नही हो जाते। आज की परिस्थिति म सवथा भिन्न जो सामाजिक वर्णन आगमो मे आता है, उस वर्णन की जानकारी प्राप्त कर वतमान जीवन को उस वर्णन के अनुरूप नही बनाते हुए जन-जीवन का सुगमता पूवक कल्याण कैसे हो सके, उस विषयक सामाजिक एव लौकिक व्यवस्थाओ का चिन्तन अपेक्षित है। वतमान जनता के लिये भारभूत, विकार बढाने वाले लौकिक एव सामाजिक कोई भी रीति-रिवाज प्रचलित नही करना चाहिये। इस प्रकार के रीति-रिवाज को पोषण भी नही देना चाहिये। जन-कल्याणकारी रीति-रिवाजो का ही विशेष ध्यान रखना अपेक्षित रहता है।

अब रहा प्रश्न यादवीय परिवार के ३ ½ करोड कुमारों का ? यह करोड शब्द आज की करोड की संख्या से ही सम्बन्धित है, ऐसा निश्चयात्मक नहीं कहा जा सकता। यह तो उस समय की गणित सम्बन्धी संख्याओं से ही जाना जा सकता है। तत्सम्बन्धी गणित उपलब्ध हो तभी स्पष्ट रूप से कोटि की संख्या निर्धारित की जा सकती है।

कदाचित आज की गणित के अनुरूप कोटि संख्या को लिया जाय तो भी वे साढे तीन करोड कुमार द्वारिका में ही थे ऐसा नहीं समझकर द्वारिका से सम्बन्धित अर्थात् यादवीय वंश से अनुप्राणित थे। उनका तीन खण्ड में कहीं भी निवास हो सकता है, किन्तु उन सबका सम्बन्ध श्रीकृष्ण वासुदेव से सम्बन्धित होता था। क्योंकि श्रीकृष्ण तीन खण्ड के अधिपति थे, एक मात्र शासक थे। उनसे सम्बन्धित जितनी भी व्यवस्थाएँ थी वे उन्हीं की कहलाती थी। किन्तु उसका तात्पर्य यह नहीं कि वे सब उनके पास ही रहते थे। जैसे वर्तमान में प्रयोग किया जाता है कि प्रधान मन्त्री जी के पास कितनी फौज है ? तो भारत के सैनिकों की संख्या तुरन्त बतला दी जाती है, किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि वे सभी सैनिक प्रधानमन्त्री जी के साथ देहली में ही रहते हैं। वे सब भारत में यथास्थान फैले हुए हैं। एक रूपक और भी लिया जा सकता है, जैसे कि किसी श्रेष्ठी के लिये यह कहा जाय कि यह करोडपति है अर्थात् इसके पास करोडों की सम्पत्ति है। तो वे सभी पैसे अपने पास लेकर नहीं बैठा है। इसका तात्पर्य यह है कि इसके अधिकार में इतनी सम्पत्ति है। जो देश-विदेश के किसी भी स्थल पर हो सकती है। इसी प्रकार यादवीय वंश के राजकुमारों का स्वामित्व भी श्रीकृष्ण का था। अतः श्रीकृष्ण के वर्णन के साथ कुमारों का वर्णन भी कर दिया गया।

एक दृष्टिकोण यह भी हो सकता है। कई शब्दों का प्रयोग व्युत्पत्तिया भी होता है एवं रूढ़ तथा सज्ञा की दृष्टि में भी होता है। यथा-वर्तमान में बीस की संख्या को 'कोडी' शब्द से पुकारा जाता है। क्यों नहीं सोलह या पच्चीस को कोडी कहा जाता ? इसका उत्तर यही है कि ये शब्द बीस की संख्या में रूढ़ है। दर्जन भी बारह की संख्या में रूढ़ है। इसी प्रकार समय-समय पर संख्या वाचक शब्दों के अर्थ में भी भिन्नता आती रहती है। उस समय की संख्या के सूचक शब्द विभिन्न रूप में प्रयुक्त होते हों एवं इस प्रकार के करोड शब्द किसी संख्या विशेष के सूचक हों तो भी कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

इस विषय में अधिक प्रतिभा का उपयोग करना, विशिष्ट लाभ प्रद नहीं रहता।

जिज्ञासा — उपवास का शास्त्रों में 'चउत्थ भत्त' क्यों कहा जाता है ?

समाधान — चतुर्थ भक्त की व्याख्या के विषय में कुछ विचार धाराएँ विभिन्न रूप से प्रचलित है। उनमें से एक यह है कि उपवास करने वाला व्यक्ति उपवास के पहले दिन एक बार भोजन

करे और दूसरे दिन चौवीस घन्टो का उपवास रखे और पारणा क रोज एक वक्त भोजन करे।

यह व्याख्या सवमान्य स्थिति को प्राप्त नही होती है, क्योकि जिस युग मे मनुष्य को दो वक्त का भोजन करने का अभ्यास है, उस समय तो यह व्याख्या लागू हा सकती हे। ऐसे व्यक्ति चार समय तक आहार को छोड सकते ह, किन्तु जिस समय के मानव एक दिन मे एक ही वक्त भोजन करते थे, उस ममय चार वक्त का त्याग कैसे सम्भावित था? क्योकि मानव उस समय चौबीस घटो म एक बार ही भाजन करता था। यदि वह चार वक्त के भोजन का त्याग करेगा तो उसके एक उपवास के स्थान पर चार उपवास हो जायेगे।

भगवान ऋपभदेव के समय से लेकर भगवान पार्श्वनाथ तक प्राय आम जनता मे चौबीस घटा मे एक वक्त ही भोजन करने का प्रचलन था तो उस समय भी उपवास के लिये "चउत्थ भक्त" सज्ञा उपयु क्त दृष्टिकोण से घटायी जायगी। क्योकि "चउत्थ भक्त" की अलग से परिभापा आगम मे कही पढने को नही मिलती ह। इस परिभापा को अर्थात् चार समय तक आहार छोडने की परिभापा से "चउत्थ भक्त" का तात्पय लिया जायगा तो अव्याप्ति दोप आना सभावित है।

वीतराग देवा के द्वारा प्ररूपित परिभापा, सिद्धान्त निदाप—१ अव्याप्ति २ अतिव्याप्ति ३ असम्भव-विकल रहित होते ह। त्रिदोप रहित व्यास्या करते समय आगमगत शब्दो का सभी दृष्टि से चिन्तन अपेक्षित है। आगमगत शब्दो की व्यास्या व्युत्पत्तिपरक भी होती ह तथा लक्षणादि से भी व्यारया की जाती है।

जहाँ व्युत्पत्तिपरक व्यारया दोप युक्त ज्ञात हो, वहा लक्षणा व सज्ञा से व्याख्या की जाती है। यथा-'गगाया घोप' का अथ निकाला जाता है। तदनुसार 'चउत्थ भक्त' उपवास का अथ चार वक्त के भोजन त्याग का न लेकर 'चउत्थ भक्त' यह उपवास की सज्ञा का सूचक है। सज्ञा स्थिति से ही इसकी विवेचना करने पर ऋपभदेव से लेकर भगवान महावीर तक इस परिभापा मे कोई दोप आने की सभावना नही रहती।

'चार भक्त' यह उपवास की सज्ञा है। 'पष्ठ भक्त' वेले का सज्ञा वाचक है। इसी प्रकार अप्टमादिक भक्त प्रत्याख्यान के विपय म भी समझना चाहिये।

जिज्ञासा —'अन्तगड सूत्र' मे वर्णित भगवान अरिप्टनेमि एव भगवान महावीर, ऋपभदेव के समय मे नही थे। तब भगवान ऋपभदेव के ममय अन्तगड सूत्र मे क्या वणन होगा?

समाधान —अनादि अनन्तकाल से द्वादशाङ्गी चली आ रही है। इसकी सत्ता कभी भी नष्ट नहीं होने वाली है। यह ध्रुव, नियत्, शाश्वत, अक्षय, अव्याबाध, अवस्थित और नित्य है। पचास्तिकाय का अस्तित्व जिस प्रकार शाश्वत है उसी प्रकार द्वादशाङ्गी भी शाश्वत

अनादिकालीन है।[1] किन्तु उसमें आए सिद्धान्तों या जिनाज्ञाओं को सरलता से बोध कराने के लिये समय-समय पर तीर्थंकरों ने उस समय में घटित घटनाओं का वर्णन किया है। अर्थात् चरितानुवाद का सहारा लिया है। इसका तात्पर्य यह नहीं होता कि, जो घटनाएँ शास्त्रों में विवेचित हैं, वे नामान्तर से उसी रूप में घटित हुई हों। हाँ! यह हो सकता है कि चरितानुवाद में जिस शाश्वत सत्य को समझाने के लिये तीर्थंकर-भगवंत उस समय की घटित घटनाओं और चरित्रों के द्वारा श्रोताओं को उद्बोधित करते हैं, वे व्यक्तिगत-चरित्र परिवर्तित हो सकते हैं, किन्तु शाश्वत सत्य परिवर्तित नहीं होते।

जिस प्रकार स्कंदक परिव्राजक की घटना भगवान महावीर के सान्निध्य में घटी, उसी प्रकार नामान्तर से पूर्व में भी घटित हुई हो, यह आवश्यक नहीं है। यह तो स्पष्ट है कि स्कंदक परिव्राजक ने जिन प्रश्नों को भगवान से पूछा, उनका जो भगवान ने समाधान दिया, वह अनादिकालीन और शाश्वत है।

जिस प्रकार कर्मबद्ध आत्माओं का भव-भवान्तरों में भी मौलिक चैतन्य शाश्वत रहता है, उसी प्रकार चरित्र तो परिवर्तित होते रहते हैं किन्तु उसमें रहने वाला उपदेश शाश्वत होता है। अतः स्कंदक परिव्राजक के चरित्र में रहने वाला उपदेश, शाश्वत सत्य, अनादि-कालीन है।

इसी परिप्रेक्ष्य में अन्तगड सूत्र में वर्णित प्रभु अरिष्टनेमि एवं प्रभु महावीर आदि के वर्णन को भी जानना चाहिये। घटनाक्रम, देश, काल एवं अनेक तीर्थंकरों के समयानुसार परिवर्तित होते रहते हैं।

जिज्ञासा — बहत्तर कलाएँ क्या है ?

समाधान — कलाओं के नाम इस प्रकार हैं — [१] लेखन [२] गणित [३] रूप बनाना [४] नाटक [५] गायन [६] वाद्य बजाना [७] स्वर जानना [८] वाद्य सुधारना [९] समान ताल जानना [१०] जुआ खेलना [११] लोगों के साथ वाद-विवाद करना [१२] पासों से खेलना [१३] चौपड़ खेलना [१४] नगर की रक्षा करना [१५] जल और मिट्टी के संयोग से वस्तु का निर्माण करना [१६] धान्य निपजाना [१७] नया पानी उत्पन्न

[1] इच्चेइयं दुवालसंगं गणिपिडगं न कयाइ नासी, न कयाइ न भवइ, न कयाइ न भविस्सइ। भुविं च, भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, नियए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए, निच्चे। से जहानामए पंच अत्थिकाए न कयाइ नासी, न कयाइ नत्थि, न कयाइ न भविस्सइ, भुविं च भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, नियए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए, निच्चे, एवामेव दुवालसंगे गणिपिडगे न कयाइ नासी, न कयाइ नत्थि, न कयाइ न भविस्सइ, भुविं च भवइ य, भविस्सइ य, धुवे, नियए, सासए, अक्खए, अव्वए, अवट्ठिए, निच्चे।
—नंदी सूत्र

करना, पानी को सस्कार करके शुद्ध करना एव उष्ण करना [१८] नवीन वस्त्र बनाना, रगना, सीना और पहनना [१९] विलेपन की वस्तु को पहचानना, तैयार करना, लेपन करना आदि [२०] शय्या बनाना, शयन करने की विधि जानना आदि [२१] आर्याछन्द को पहचानना और बनाना [२२] पहेलिया बनाना और बूझाना [२३] मागधिका अर्थात् मगध देश की भाषा मे गाथा आदि बनाना [२४] प्राकृत भाषा मे गाथा आदि बनाना [२५] गीति छद बनाना [२६] श्लोक (अनुष्टुप छद) बनाना [२७] नई चाँदी बनाना, उसके आभूषण बनाना, पहनना आदि [२८] सुवर्ण बनाना, उसके आभूषण बनाना, पहनना आदि [२९] चूर्ण—गुलाब, अबीर आदि बनाना और उसका उपयोग करना [३०] गहने घडना, पहनना आदि [३१] तरूणी की सेवा करना, प्रसाधन करना [३२] स्त्री के लक्षण जानना [३३] पुरुष के लक्षण जानना [३४] अश्व के लक्षण जानना [३५] हाथी के लक्षण जानना [३६] गाय-बैल के लक्षण जानना [३७] मुर्गे के लक्षण जानना [३८] छत्र लक्षण जानना [३९] दण्ड लक्षण जानना [४०] खड्ग लक्षण जानना [४१] मणि के लक्षण जानना [४२] काकणी रत्न के लक्षण जानना [४३] वास्तु विद्या—मकान, दूकान आदि इमारतो की विद्या जानना [४४] सेना के पडाव का प्रमाण आदि जानना [४५] नया नगर बसाने आदि की कला जानना [४६] व्यूह—मोर्चा बनाना [४७] विरोधी के व्यूह के सामने अपनी सेना का मोर्चा रखना [४८] सेना सचालन करना [४९] प्रतिचार—शत्रु की सेना के समक्ष अपनी सेना को चलाना [५०] चक्र व्यूह—चाक के आकार मे मोर्चा बनाना [५१] गरूड के आकार का व्यूह बनाना [५२] शकट व्यूह रचना [५३] सामान्य युद्ध करना [५४] विशेष युद्ध करना [५५] अत्यन्त विशेष युद्ध करना (५६) अट्ठि (यष्टि या अस्थि) से युद्ध करना (५७) मुष्टि युद्ध करना (५८) बाहु युद्ध करना (५९) लता युद्ध करना (६०) बहुत को थोडा और थोडे को बहुत दिखलाना (६१) खड्ग की मूठ आदि बनाना (६२) धनुष-बाण चलाने मे कुशल होना (६३) चाँदी का पाक बनाना (६४) सोने का पाक बनाना (६५) सूत्र का छेदन करना (६६) खेत जोतना (६७) कमल के नाल का छेदन करना (६८) पत्र-छेदन करना (६९) कडा—कुडल आदि का छेदन करना (७०) मृत (मूर्च्छित) का जीवित करना (७१) जीवित को मृत (मृत तुल्य) करना और (७२) काक, घूक आदि पक्षिया की बोली पहचानना।

यह प्राचीन काल की कलाम्रा का वर्णन है। जिज्ञासुओ को हँस-चोच की बुद्धि बनाकर जीवनोत्थान एव जन-कल्याण सवन्धी कलाओ पर ध्यान देना उपयुक्त रहता है न कि सभी कलाओ पर। —प्रथम वर्ग समाप्त—

बीओ वग्गो द्वितीय-वर्ग

उत्थानिका

प्रथम वर्ग के दस अध्ययन, दस कुमारो के नाम से बतलाए गये थे। उन दस कुमारो के पिता का नाम वृष्णि एव माता का नाम धारिणी था। प्रस्तुत द्वितीय वग मे भी आठ अध्ययन प्रतिपादित किये गये है। य आठ अध्ययन भी आठ राजकुमारा के नाम से ही कह गये हैं। इनके माता-पिता का नाम भी महाराज वृष्णि एव धारिणी ही था। एक ही माता-पिता के इन आठ राजकुमारो ने भी सवज्ञ सवदर्शी अहन्त-अरिष्टनेमि भगवान के चरणो मे प्रवज्या अगीकार की थी।

आठो ही राजकुमार प्रथम-वग मे वर्णित राजकुमारो की तरह ससार से विरक्त हो, दीक्षित होते हैं। १६ वप पय त सयम पर्याय का पालन करते है, अन्त मे एक मास के मलेखना-सथारा के साथ सभी कर्मों का अन्त करके, सिद्धत्व को प्राप्त करते है।

आज के युग मे एक पुत्र या पुत्री को दीक्षा देने मे भी उनके माता-पिता, सगे-सम्बन्धी कितनी बाधाएँ उपस्थित करते हैं? जबकि एक ही माता-पिता के आठ-आठ, दस-दस राजकुमार जवानी की देहली पर आते-आते दीक्षा ग्रहण कर लेते थे, और माता-पिता भी उनकी योग्यता को देख कर सहप अनुमति दे देते।

आज के लोगो को ऐसे नर-श्रेष्ठ माता-पिताओ से शिक्षा लेनी चाहिये।

बीओ वग्गो । द्वितीय-वर्ग
1–8 अध्ययन

उत्थानिका

12–"जइ ण भते ! समणेण भगवया महावीरेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण पढमस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, दोच्चस्स ण भते ! वग्गस्स अतगडदसाण समणेण भगवया महावीरेण कइ अज्झयणा पण्णत्ता?"

"भगवन् ! यदि प्रथम वग मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने आठवे अग अन्तकृद्दशाग सूत्र के दस अध्ययन फरमाये, जिन्हे मैंने श्रीमुख से सुना तो भगवन् ! द्वितीय वर्ग मे भगवान ने कितने अध्ययन फरमाये हैं ?"

"एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण दोच्चस्स वग्गस्स अट्ठ अज्झयणा पण्णत्ता ।'

"जम्बू ! मोक्षप्राप्त श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने आठवे अग अन्तकृद्दशाग सूत्र के द्वितीय वग के आठ अध्ययन फरमाये हैं । यथा—

गाहा –

1 अक्खोभ 2 सागर खलु 3 समुद्द 4 हिमवत 5 अचल नामे य 6 धरणे य 7 पूरणे वि य 8 अभिचदे चेव अट्ठमए ।।

(१) अक्षोभकुमार (२) सागरकुमार
(३) समुद्रकुमार (४) हैमवन्तकुमार
(५) अचलकुमार (६) धरणकुमार
(७) पूरणकुमार (८) अभिचन्द्रकुमार ।

(उस काल उस समय मे द्वारिका नामक नगरी थी । जहाँ महाराज वृष्णि एव धारिणी नामकी रानी भी निवास करते थे)

"जहा पढमो वग्गो तहा सव्वे अट्ठ अज्झयणा गुणरयणतवोकम्म । सोलसवासाइ परिआओ सेत्तु जे मासियाए सलेहणाए सिद्धी ।"

जैसा कि प्रथम वग मे वणन किया गया, उसी प्रकार यहा भी आठ अध्ययनो का सार जानना चाहिये । ये आठो राजकुमार भी गुणरत्न सवत्सर नामक तप कम आदि करते हुए सोलह वष सयम पर्याय का पालन कर शत्रुजय पवत पर मासिकी सलेखना सथारा पूवक सिद्धी को प्राप्त करते है ।

"एव खलु जबू ! समणेण जाव सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स दोच्चस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ।"

इस प्रकार हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर स्वामी जो मोक्ष को प्राप्त हो चुके है, उन्होने आठवें अग अतकृद्दशागसूत्र के द्वितीय वग का यह अथ फरमाया है ।

।। बीओ वग्गो सम्मत्तो ।।

।। द्वितीय वग समाप्त ।।

द्वितीय वर्ग—जिज्ञासा और समाधान

जिज्ञासा — क्या प्रथम वगगत राजकुमारो के माता–पिता तथा द्वितीय वगगत वर्णित राजकुमारो के माता–पिता एक ही थे ?

समाधान — इस विषय मे निश्चित पूवक कुछ भी नही कहा जा सकता। तथापि यह बात तो स्पष्ट है कि प्रथम वगगत एव द्वितीय वगगत राजकुमारो के माता–पिता के नामों की ही समानता को देखते हुए उन्हे एक ही माता–पिता का नही कहा जा सकता। माता–पिता के नामो की समानता तो बहुत से स्थलो पर मिल जाती है, किन्तु इस समानता से एक ही माता–पिता के पुत्र हैं, यह प्ररूपण नही किया जा सकता।

दूसरी बात यह है कि यदि प्रथम वग एव द्वितीय वगगत राजकुमारो के माता–पिता एक ही होते तो प्रथम वगगत दस राजकुमारो मे से कुछेक के नामो की तुल्यता द्वितीय वगगत आठ राजकुमारो मे नही होती। जबकि अक्षोभ, सागर, समुद्र, अचल आदि नाम प्रथम–द्वितीय वग मे एक ही समान है।

यह सहज बात है कि एक ही माता–पिता अपने पुत्रो के एक समान नाम नही रखते, अर्थात् एक नाम वाले दो पुत्र नही होते। एक बात और यह है कि अगर इनके माता–पिता एक ही होते तो फिर शास्त्रकार इन सबका वणन प्रथम वग मे ही कर देते। अवशेष राजकुमारो की भूलावण की तरह इनकी भूलावण भी दे देते। लेकिन ऐसा न कर अलग से पूरा वर्ग दिया है। इन सभी तथ्यो से यह बात सत्यता के अधिक सन्निकट है कि प्रथम–वगगत राजकुमारो के माता–पिता दूसरे थे। द्वितीय वगगत वर्णित राजकुमारो के माता–पिता दूसरे थे। माता–पिता के नामो की समानता हो सकती है।

जिज्ञासा — शास्त्र मे 'सिद्ध' शब्द आया है। इस सिद्ध, मुक्त अवस्था से क्या तात्पय है ? क्या वहाँ आत्मा को सुख मिलता है ?

समाधान — अनादि अनन्त काल से यह आत्मा चतुर्गति चौरासी लाख जीव योनियो मे परिभ्रमण करती हुई आ रही है। इसका मूल कारण आत्मा के साथ कर्मों का अनुबध है। लेकिन जब आत्मा अपने सत्पुरुषार्थ के बल से आत्मा से सबद्ध सभी कर्मों का अपुनर्भाव से क्षय कर डालती है, तब आत्मा का मौलिक स्वरूप उजागर होता है, जिसे परमात्म रूप, सिद्धत्व रूप, ईश्वरीय रूप कुछ भी कहा जा सकता है। उस अवस्था मे आत्मा, उर्ध्वलोक के अन्त में, जिसके बाद अलोक प्रारभ हो जाता है, कभी भी वह असिद्ध, अबुद्ध, अमुक्त नही हो सकती।

मुक्तावस्था का सुख अपरिमेय होता है, जिसकी अनुभूति की जा सकती है, अभिव्यक्ति नहीं। जैसे किसी व्यक्ति को पूछा जाय, तुमने असली घी खाया है ? बताओ उसका स्वाद कैसा है ? क्या वह बता सकता है ? नही। वह यही कहेगा कि तुम्हे भी स्वाद मालूम करना हो तो तुम भी खाकर देख लो। जब बाह्य वस्तुओ की अनुभूति से भी अभिव्यक्ति नही हो पाती तो मुक्त अवस्था के अनन्त सुखो की अनुभूति की अभिव्यक्ति कैसे हो सकती है ? कभी नही हो सकती।

शास्त्रकार ने इस बात को समझाने के लिये एक रूपक दिया है। जिसका सक्षिप्त सार इस प्रकार है—

एक जगली भील था। किसी बडे देश का राजा उस पर महरबान हो गया। उस भील ने अपनी जिन्दगी मे जगली झोपडियो के अलावा कभी शहर नही देखे थे। वह एक बार राजा से मिलने शहर मे जा पहुँचा। उसने वहाँ के बडे-बडे महलो को देखा। जब वह राजा के पास पहुँचा तो राजा ने उसका बहुत स्वागत किया। अच्छी से अच्छी मिठाइयाँ एव सुस्वादु भोजन खाने को मिला। रहने के लिये आलीशान महल और सोने के मखमली कालीन। आदेश को पालन करने वाले नोकरो की भरमार। इस माहौल मे दो-चार दिन रह कर जब वह भील पुन अपने स्थान पर लौटा तो उसके अन्य भाइयो ने उसे पूछा कि तुम कहा गये थे ? जिन्होने कभी महल को नही देखा एव उन मिष्ठानो का स्वाद भी नही चखा, ऐसे लोगो को वह भील कभी नही समझा सकता कि मैं कहा गया था और वहाँ क्या अनुभव किया ?

कूप मडूक को समुद्र मडूक कभी समझा नही सकता कि समुद्र कितना बडा है। इसी प्रकार ससारी व्यक्ति को मोक्ष सुख समझाया नही जा सकता, वह तो अनुभूति का विषय है।

मोक्ष का सुख इन्द्रियातीत है। ससार का सुख इन्द्रियो से सम्बन्धित है। अत ऐन्द्रिक सुख की उपमा मोक्ष सुख के लिये नही दी जा सकती। फिर भी इस तथ्य को समझने के लिए एक रूपक और दिया जा सकता है—

दस कोस तक चलकर अत्यन्त थक जाने वाला व्यक्ति घर पर आकर स्नान आदि से निवृत हो भोजन करके जब सो जाता है, तब उसे गहरी नीद आने लगती है। पर्याप्त नीद लेकर जब उठता है तो वह यह कहते पाया जाता है कि मुझे आज नीद मे बहुत आनन्द आया। उसे पूछा जाय-भाई ! क्या नीद मे कोई स्वप्न देखा ? गीत-गाने सुनें? मिठाइया खायी ? तो वह कहेगा कि नही, मैंने नीद मे न तो स्वप्न देखा, न मिठाइयाँ खायी और न ही गीत-गाने सुनें, फिर भी जिस आनन्द की अनुभूति उसने की वह बता नही सकता। जब नीद मे भी इन्द्रियातीत जिस सुख की अनुभूति होती है, उसकी अभिव्यक्ति भी मानव नही कर सकता तो उसमे

अनन्त-अनन्त गुणा अधिक सुख की अभिव्यक्ति जो मुक्तावस्था मे होती है उसकी अभिव्यक्ति तो की ही नही जा सकती। और न ही उसे एन्द्रिक सुखो की उपमाओ से उपमित ही किया जा सकता है।

शास्त्रकारो ने स्पष्ट कहा है—

तक्का तत्थ न विज्जइ,
मइ तत्थ न गाहिया।

तर्क द्वारा जिसे जाना नहीं जा सकता, मति उसे ग्रहण नही कर सकती।

ऐसी सिद्धावस्था ही आत्मा का चरम एव परम लक्ष्य है। प्रत्येक भव्य आत्मा इसके लिये प्रयत्नशील रहती है। इस सुख को पा लेने के बाद किसी सुख की कामना ही अवशेष नही रह जाती। इच्छाओ के स्रोत को ही सशोधित कर दिया जाता है। आत्मा अजर, अमर, अविकार, अशरीरी, अविनाशी परम स्वरूप को उजागर कर लेती है। ससार की कोई भी भयानक से भयानक आँधी या तूफान आत्मा के उस स्वरूप मे तनिक भी प्रकपन नही ला सकता।

तइओ वग्गो तृतीय-वर्ग

उत्थानिका

तृतीय-वग की चर्चा, तेरह अध्ययनो मे विभक्त करके की गयी है। उन तेरह अध्ययना के नाम इस प्रकार है —

(१) अनीयस कुमार (२) अनन्तसेन कुमार (३) अनहित कुमार (४) विद्वत् कुमार (५) देवयश कुमार (६) शत्रुसेन कुमार (७) सारण कुमार (८) गजसुकुमाल कुमार (९) सुमुख कुमार (१०) दुमुख कुमार (११) कूपक कुमार (१२) दारुक कुमार (१३) अनादृष्टि कुमार।

प्रथम के छ कुमारो के पिता का नाम महाराज वसुदेव एव माता का नाम देवकी महारानी था। और उनके पालक पिता का नाम नाग गाथापति एव सुलसा नामक गाथा-पत्नी था।

इन छ कुमारो की कथावस्तु के साथ ही कृष्ण-वासुदेव के जीवन की झलक दर्शाना भी अप्रासगिक नही होगा —

कस[1] का एक छोटा भाई था अतिमुक्तक। उसे एवता कुमार भी कहते है। पिता को वदी के रूप मे देखकर उसे बडा आघात लगा। उसने कस को ऐसा न करने के लिये बहुत समझाया, पर जब कस ने कान न दिया तो वह गृह त्याग कर साधु हो गया। उसने तपस्या करके अतिशय ज्ञान प्राप्त कर लिया।

कस ने एक बार विचार किया-वसुदेव जी मेरे परमोपकारी हैं। उन्होने मेरा पालन-पोषण किया है, शस्त्र विद्या मे पारगत किया है, राजा बनाया है। यह सारा वैभव उनकी ही कृपा का फल है। मुझे उनका प्रत्युपकार करना चाहिये। इस प्रकार विचार कर उसने अपने काका देवक की कन्या देवकी का वसुदेवजी के साथ विवाह कर देने का निश्चय किया। वसुदेवजी ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। विवाह का मुहूत निश्चित किया गया। नियत समय पर वसुदेवजी वर बनकर उपस्थित हुए। मगल वाद्य बजने लगे। नगर सुदर ढग से सजाया गया। जीवयशा मस्त और उन्मत्त हो रही थी।

सयोगवशात् अतिमुक्त मुनि घुमते-घुमते वही आ पहुँचे। देवरजी को आते देख जीवयशा प्रसन्न हुई। उसने मुनि से कहा-देवरजी! देवकी का विवाह हो रहा है। आपके ज्येष्ठ भ्राता बडे शूरवीर, बुद्धिमान और कुशल है। विशाल राज्य के स्वामी और प्रतापशाली हैं। इनर

[1] आत्मदर्शन—पृष्ठ–146

आप भीख माँग-माग कर जिन्दगी बिता रहे है । देवरजी ! आपको यह शोभा नही देता । यह भिक्षुक वृत्ति त्याग कर महल मे पधार जाओ ।"

मद मे चूर जीवयशा कहती है—"एक बाप के दो बेटे हो, एक राज्य करे और दूसरा भीख माँगता फिरे ? लालाजी ! आप कुल को कलक लगा रहे हो । कमाने की शक्ति नही तो क्या चिन्ता है । आपके भाई समर्थ हैं और वे आपका पेट भर देंगे । अतएव छोडो इस वेष को । महल मे रहो । देखो, आपकी बहिन देवकी का विवाह हो रहा है ।"

ससार मे बहुत से अज्ञानी हैं, जिनकी धारणा है कि अकर्मण्य लोग ही साधु बनते हैं । जो कमा खा नही सकते, वे भीख माँगकर पेट पालने के उद्देश्य से साधु बन जाते हैं । ऐसे लोग साधुओ की अवहेलना करते हैं, हँसी करते है । उन्हे जीवन के उच्च कर्त्तव्य का भान नही है । वे पशुओ की तरह खाने-पीने और विषयभोग मे ही व्यस्त रहते हैं । जीवयशा भी इसी श्रेणी मे थी ।

अतिमुक्त मुनि तपस्वी थे, ज्ञानी थे, लब्धिधारी थे । किन्तु जीवयशा की अहकार पूर्ण बातें सुनकर छद्मस्थ होने के कारण क्षुब्ध हो उठे । बोले–"रानी ! आज तू अपने भाग्य पर इतरा रही है, मदोन्मत्त हो रही है, अपने पति को बडा शक्तिशाली समझकर सराह रही है, पर यह क्यो भूलती है कि तेरे श्वसुर कारागार में बन्दी है । वे भयानक यातनाएँ भोग रहे हैं और तुम दोनो गुलछर्रे उडा रहे हो ! तू अपने पिता के साथ निर्दय व्यवहार करने वाले पति से कुछ भी नहीं कहती । उसके अन्याय अत्याचार का प्रतिकार नही करती और महात्मा की अवहेलना करती है ! मैं यही देखने को आया था कि तुम लोगो के हृदय का जहर निकला है या नही ? पर मालूम होता है, वह अन्त तक निकलने वाला नही । लेकिन रानी, याद रखना, तुम्हारे यह राग-रग थोडे समय के ही हैं । तू आज जिस देवकी के विवाह का उत्सव मना रही है, उसी का सातवा पुत्र तेरे पति और पिता को परलोक का पाहुना बनाएगा ।"

मुनि के अन्तिम शब्द सुनकर जीवयशा का कलेजा काँप उठा । उसके हृदय को गहरा आघात पहुँचा । उसने सोचा-मुनि ने शाप दे दिया है । प्रभो ! अब क्या होगा ?

सयोग की बात समझिये कि उसी दिन एक अद्‌भूत घटना और घट गई । कस दरबार मे बैठे थे । सभासद उपस्थित थे, उसी समय एक विद्वान् नैमित्तिक सभा मे आया । कस ने उससे प्रश्न किया—बतलाइये, मेरी मृत्यु किस प्रकार होगी ?

आगत ज्योतिषी चापलूस नही था । वह नि स्वार्थ, सत्यप्रिय और सरल हृदय विद्वान था । उसे अपने ज्ञान से जैसा प्रतीत हुआ, बिना लाग-लपेट के उसने साफ-साफ कह दिया ।

उसने कहा—महाराज, क्षमा करें । आपके पूछने से कहता हूँ, महाराज वसुदेव की रानी देवकी के पुत्र के हाथ से आपकी मृत्यु होगी ।

कस भीतर ही भीतर भयभीत हो गया । उसका मुँह उतर गया । फिर भी ऊपर से अकड दिखलाता हुआ बोला—पण्डित ! तुम भी खूब ज्योतिष सीख कर आये हो ! मुझे मारने वाला इस ससार मे जन्म नही ले सकता ।

आवेश मे आकर कस ने अपने अमात्य से कहा—मन्त्रीजी, इन महापण्डित को कारागार मे बन्द कर दो और इनके पोथी-पत्रा छीन लो । जो मुझे मारने वाला आयेगा वही इन्हे मुक्त करेगा ।

इसके बाद कस ने ज्योतिषी से कहा—मैंने तो यो ही प्रश्न कर दिया था, बाकी तो तुम्हारा ज्योतिष शास्त्र मेरी तलवार के सामने पानी भरता है । हम ग्रहो और नक्षत्रो से नही डरते । मेरी तलवार की चमक के सामने ग्रह-नक्षत्र उसी प्रकार मन्द पड जाते हैं, जैसे सूर्य के सामने ।

थोडी देर के बाद कस दरबार मे उठ कर महल मे आया । वह मन ही मन चिन्तित और व्याकुल हो रहा था । इधर महारानी भी महात्मा की भविष्यवाणी सुनकर चिन्ताकुल हो रही थी । वह आज कोप-भवन मे जाकर बैठी थी ।

कस महारानी के पास वही जा पहुँचा । उसने रानी की उदासी का कारण पूछा तो उसने कहा—प्रियतम ! बडे दु ख की बात है । कहने का साहस नही होता । फिर भी बिना कहे रह नही सकती । बात यो हुई—आज आपके भाई आये थे । मैंने सहज भाव से कहा—महल मे ही आनन्दपूर्वक रहो । भीख मागकर क्यो अपने भाई की प्रतिष्ठा को कलकित करते हो ? यह सुनकर वे नाराज हो गये और शाप देकर चले गये कि देवकी की सातवी सन्तान तेरे पिता और पति का घात करेगी ।

तब कस ने भी सभा मे घटित घटना कह सुनाई । इसके पश्चात् दोनो थोडी देर के लिये मौन हो गये । दोनो का चित्त व्याकुल और क्षुब्ध हो रहा था ।

कस ने सोचा—देवकी स्त्री है और फिर मेरी बहिन है । उसके प्राण ले लूगा तो लोग क्या कहेंगे ? इसके अतिरिक्त वसुदेवजी का प्रभाव बहुत है । उनका मेरे ऊपर उपकार भी है । मैं उन्हे नाराज नही करना चाहता । फिर भी कुछ तो करना ही चाहिये । जीवन-मरण का प्रश्न है । इसे किसी प्रकार हल तो करना ही होगा ।

आखिर कपटी कस ने एक उपाय खोज निकाला । वह वसुदेवजी के पास पहुँचा और उनके

ज्यों-ज्यों प्रसव का समय सन्निकट आने लगा, कस ने पहरा अधिक कडा कर दिया। कितने ही सरदार पहरेदार बन कर चौकसी करने लगे। फिर भी जन्मने वाले बालक के पुण्य पर भरोसा करके वसुदेवजी और देवकी धैय धारण किये समय की प्रतीक्षा कर रहे थे।

भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी आई। अर्द्धरात्रि का समय हुआ। उसी समय महारानी देवकी के उदर से कृष्णजी का जन्म हुआ। जन्म के समय भी वह अतीव तेजस्वी थे और प्रबल पुण्य लेकर जन्मे थे। उनका असाधारण तेज देखकर देवकी को अत्यन्त प्रसन्नता हुई।

आप जानते है कि तीथकर, चक्रवर्ती, वासुदेव जसे महापुरुषों की देवता भी सेवा करते हैं। कृष्णजी का जन्म होते ही देवकी और वसुदेवजी के समस्त बन्धन टूट गये। देवकी न वसुदेव को जगान के उद्देश्य से पुकारा—'महाराज! किन्तु महाराज तो जाग ही रहे थ। दोनो न देखा-बन्धन टूट गये ह।

देवकी न उतावली होकर कहा—नाथ! "यही सर्वोत्तम अवसर है। आप गोकुल जाइये और इस बालक को यशोदा को सौप आइये। उसके कोई सन्तान हुई हो तो लेते आइये।"

महाराज वसुदेव ने देखा—कारागार के द्वार खुले हुए हैं। बडे-बड ताले टूट पड हैं और पहरेदार, सरदार खुर्राटे ले रहे हैं। वसुदेवजी कृष्ण को लेकर रवाना हो गये। एक अज्ञात छाया दीपक लेकर उनके आगे-आगे चलने लगी। वर्षा हो रही थी। बिजली चमक रही थी। मानो प्रकृति विद्युत-प्रदीप जगाकर पुण्य पुरुष कृष्ण का दर्शन कर रही थी और एक बार के दर्शन से तृप्त न होकर पुन पुन देख रही थी।

वसुदेव जी ने भाग्य पर ही भरोसा न करके पुरुषार्थ का आश्रय लिया। वे पुरुषार्थ न करते तो काय की सिद्धि होती या न होती, कौन कह सकता है? भाग्य के साथ पुरुषार्थ और पुरुषार्थ के साथ भाग्य हो तो काय की सिद्धि अवश्य होती है।

वसुदेवजी चलकर जब नगर के फाटक पर आये तो वह बन्द था। बड-बडे ताले जडे हुए थे, जजीरें पडी हुई थी। वह सोचने लगे—फाटक को कैसे पार किया जाय? उसी समय कृष्ण ने अपने पर का अगूठा फाटक को छुआ दिया और तत्काल ही ताले एव जजीरे टूट कर, फाटक खुल गया।

इसी फाटक के उपर महाराज उग्रसेन अपना बन्दी जीवन यापन कर रह थे। असमय मे द्वार खुलने की आवाज सुनी तो—उग्रसेन बोले—"केई कोई" अर्थात्—कौन है? तब वसुदेवजी ने सांकेतिक भाषा मे उत्तर दिया—"तुम बन्धन खोले साई।" उग्रसेन ने मन ही-मन सजात शिशु को आशीष दी। वसुदेवजी जरा भी विलम्ब किय बिना आगे चल दिये।

जब यमुना के किनारे पहुँचे तो देखा—यमुना मे पूर ग्राया हुग्रा है। मगर वसुदेवजी हिम्मत न हारे। उन्हे विश्वास हो गया था कि जिस देवी शक्ति ने ग्रब तक ग्रसभव को सभव बनाया है, वह इस बाधा को भी दूर कर देगी। मुझे तो पुरुषार्थ करते चलना चाहिए। यह सोचकर वसुदेवजी निश्शक भाव से यमुना मे प्रविष्ट हुए। घुटनो तक पानी ग्राया। फिर कमर तक, गले तक, ग्रौर नाक तक ग्राया। तब कृष्ण ने ग्रपने पैर का ग्रगूठा लगाया कि इधर का पानी इधर ग्रौर उधर का पानी उधर रह गया। बीच मे रास्ता बन गया। उस रास्ते से वे यमुना पार कर गोकुल मे जा पहुँचे।

नन्द के घर पहुँच कर उन्होने कृष्ण को यशोदा के सुपुर्द किया ग्रौर यशोदा के उदर से उत्पन्न बालिका को लेकर वापस देवकी महारानी के पास लौट ग्राये। उनके लौटते ही यमुना ग्रपने स्वभाविक वेग से बहने लगी। द्वारा के किवाड ग्रौर ताले ग्रादि यथापूर्व हो गये। जैसे कोई नवीन घटना घटित ही नही हुई हो।

इतना सब कुछ हो जाने के पश्चात् बालिका के रूदन की ध्वनि सुनकर पहरेदार जागे। उन्होने भीतर प्रवेश करके पूछा—क्या हुग्रा ? देवकी ने बालिका का पहरदारो के हाथ सौप दी। पहरेदार उसे लेकर कस के पास पहुचे।

कस ने देखा कि देवकी की सातवी सन्तान छोकरी हुई है, तो उसे ग्रनिर्वाय ग्रनिर्वचनीय सन्तोष हुग्रा। सोचने लगा—यह छोकरी मुझे क्या मारेगी ? इसका घात करना उचित नही है, तथापि इसे नकटी कर देना चाहिए। जब चाहूँगा तभी इसका गला घोट दूगा।

ग्रब कस के घमण्ड का पार न था। वह ग्रपने को मृत्युन्जय समझने लगा। उसने वसुदेव ग्रौर देवकी को बन्धनमुक्त कर दिया।

गोकुल मे बात फैल गई कि यशोदा रानी के उदर से बालक का जन्म हुग्रा है ग्रौर वह बडा ही सुन्दर तथा तेजस्वी है। पर धीरे-धीरे कस को भी ग्रसलियत का पता चल गया ग्रौर वह कहने लगा—वसुदेव ने मेरे साथ बडा धोखा किया। मगर मुझे परवाह नही। मैं इतना शक्तिशाली हूँ कि वह छोकरा मेरा कुछ भी नही बिगाड सकता।

कृष्ण सोलह वर्ष तक गोकुल मे रहे। बडे होने पर उन्होने ग्रपनी शक्ति से ग्रत्याचारियो का ग्रन्त किया। जरासध मारा गया, कस का विध्वस हुग्रा, दुर्योधन का निधन हो गया, ग्रौर शिशुपाल भी काल के गाल मे चला गया।

इन कुमारो का ग्रवशेष वर्णन तथा ग्रन्य ग्रध्ययनो का वर्णन तृतीय वर्गगत मूलपाठ मे स्पष्ट है। ग्रत पुनरुक्ति न हो इसलिए उत्थानिका मे नही दिया जा रहा है।

गजसुकुमाल अनगार के उपर खैर के अगार रखने के विषय मे एक किंवदन्ति यह भी सुनने एव पढने को मिलती है कि निन्यानवे लाख भवपूर्व एक पति के दो पत्नियाँ थी, उसमे एक के लडका था, एक के नही था । जिसके लडका नही था, वह लडके वाली से ईर्ष्या करती थी । एक दिन लडके के मस्तिष्क पर फोडे हो गये, तो इसके इलाज के लिये बिना लडके वाली ने कुटिलता के साथ बताया कि इसके मस्तिष्क पर गर्म रोटी करके रख दो, जिससे सब फोडे ठीक हो जायेंगे । उसने सोचा, ऐसा करने पर बच्चा खत्म हो जायगा और हम दोनो फिर एक समान हो जायेंगे । बच्चे की माता इस कुटिलता को समझ न पाई और उसने वैसा ही कर दिया, जिससे बच्चा खत्म हो गया । यही पर उस आत्मा ने निकाचित् कर्मो का बन्धन किया । जो निन्यानवे लाख भव के बाद उदय मे आया । बच्चे की आत्मा तो सोमिल नामक ब्राह्मण बनी और उस महिला की आत्मा, जिसने कुटिलता के साथ हिंसक उपाय बताया था, वह गजसुकुमाल अनगार की आत्मा के रूप मे आई । यहाँ पर सोमिल ब्राह्मण ने अपने पूर्वभव के सभी संस्कारो के कारण गजसुकुमाल अनगार पर खैर के अगारे रखे थे । जैसा भी हो गजसुकुमाल की आत्मा ने सम्पूर्ण कर्मो का क्षय किया तथा मुक्तावस्था प्राप्त की ।

तइओ वग्गो   तृतीय वर्ग

उत्थानिका

13— जइ ण तच्चस्स । उक्खेवम्रो^ ।

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण म्रट्ठमस्स म्रगस्स म्रतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स तेरस म्रज्झयणा पण्णत्ता तजहा—

1 म्रणीयसे, 2 म्रणतसेणे, 3 म्रणिहय, 4 विऊ, 5 देवजसे, 6 सत्तुसेणे, 7 सारणे, 8 गए, 9 सुमुहे, 10 दुम्मुहे, 11 कूवए, 12 दारूए, 13 म्रणादिट्ठी ।

"जइ ण भते ! समणेण भगवया महावीरेण म्रट्ठमस्स म्रगस्स म्रतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स तेरम म्रज्झयणा पण्णत्ता, पढमस्स ण भते ! म्रज्झयणस्स म्रतगडदसाण के म्रट्ठे पण्णत्ते ।"

जम्बू स्वामी न सुधमा स्वामी मे निवेदन किया-भगवन् ! यदि श्रमण यावत् मोक्ष प्राप्त भगवान महावीर स्वामी ने अन्तकृद्दशाग सूत्र के द्वितीय वर्ग का यह अर्थ कहा तो भगवन ! प्रभु न तीसरे वग का क्या अर्थ प्रतिपादित किया है ? तब सुधर्मा स्वामी न कहा—

हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर स्वामी न तृतीय वग के तेरह अध्ययन बतलाएँ हैं । जैसे —

(१) अनीयस कुमार, (२) अनन्तसेन कुमार, (३) अनिहत कुमार, (४) विद्वन कुमार, (५) देवयस कुमार, (६) शत्रुसेन कुमार, (७) सारण कुमार, (८) गज कुमार, (९) सुमुख कुमार, (१०) दुमुख कुमार, (११) कूपक कुमार, (१२) दारुक कुमार, (१३) अनादृष्टि कुमार ।

ये तेरह अध्ययन इन तेरह राजकुमारो के नाम से व्याख्यायित किये गये ह ।

"हे भगवन् ! यदि मोक्ष प्राप्त श्रमण भगवान महावीर स्वामी न अष्टम-अग अतकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वर्ग के तेरह अध्ययन बतलाए ह, तो भगवन् अन्तकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वर्ग के प्रथम अध्ययन म प्रभु न क्या फरमाया ह ?"

प्रथम अध्ययन   अनीयस

14— एव खलु जबू ! तेण कालेण तेण समएण भद्दिलपुरे णाम नयरे होत्था—वण्णम्रो । तस्स ण

हे जम्बू ! उस काल उस समय म भद्दिलपुर नामक एक नगर था । उसके (ईशान कोण) उत्तर पूर्व दिशा के मध्य भाग मे श्रीवन नामक श्रेष्ठ उद्यान था ।

भद्दिलपुरस्स उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए सिरिवणे णाम उज्जाणे होत्था—वण्णश्रो[B]। जियसत्तू राया।

तत्थ ण भद्दिलपुरे नयरे नागे णाम गाहावई होत्था। श्रड्ढे जाव[C] श्रपरिभूए। तस्स ण नागस्स—गाहावइस्स सुलसा नाम भारिया होत्था—सुकुमाल जाव[D] सुरूवा।

उस नगर के महाराज जितशत्रु थे। उसी भद्दिलपुर नगर मे नाग नामक ऋद्धि आदि स सम्पन्न गाथापति के सुलसा नामक भार्या-धमपत्नी थी। वह अत्यन्त सुकोमल, यावत् रूपवती थी।

15—तस्स ण नागस्स गाहावइस्स पुत्ते सुलसाए भारियाए श्रत्तए श्रणीयसे नाम कुमारे होत्था—सुकुमाले जाव[Γ] सुरूवे पचधाइपरिक्खित्ते जहा दढपइण्णे जाव[F] गिरिकदरमल्लीणे व चपगपायवे सुहसुहेण परिवड्ढइ।

उस नाग नामक गाथापति का पुत्र सुलसा नामक भार्या का आत्मज अनीयस कुमार था, जो अति कोमल एव रूपवान था। पाँच धाय माताओ द्वारा परिपालित था। यथा-क्षीरधात्री-दूध पिलाने वाली, मज्जयनधात्री-स्नान कराने वाली, मडन धात्री-अलकार पहनाने वाली, क्रीडाधात्री-खेल खिलाने वाली, अकधात्री-गोद मे खिलाने वाली आदि जीवन वर्णन दृढप्रतिज्ञ की तरह समझ लेना चाहिये। अनीयसकुमार गिरिगुफा मे सर्वधित चपकलता (वृक्ष) के समान बढने लगा।

16—तए ण त श्रणीयस कुमार सातिरेगश्रट्ठवासजाय श्रम्मापियरो कलायरियस्स उवणेत्ति जाव[A] भोगसमत्थे जाए यावि होत्था।

तए ण त श्रणीयस कुमार उम्मुक्कबालभाव जाणित्ता श्रम्मापियरो सरिसियाण जाव[B] बत्तीसाए इब्भवर कण्णगाण एग दिवसेण पाणि गेण्हावेंति।

जब वह अनीयस कुमार कुछ अधिक आठ वर्ष का हो गया तब माता पिता ने उसे विद्या ग्रहण करने के लिये कलाचार्य के पास भेजा। कलाओ का पूर्ण अध्ययन कर बाल भाव को छोड कर, जब अनीयस कुमार भोग भोगने मे समर्थ हो गया, तब उसके माता-पिता अनीयस कुमार के उन्मुक्त बालकभाव को जानकर अर्थात् उसे यौवन की देहली पर पद धरण रखते देखकर उसके अनुरूप अवस्था, लावण्य, चतुर, रूप और गुण म निपुण बत्तीस श्रेष्ठ कन्याओ के साथ एक ही दिन मे उसका विवाह कर दिया।

तए ण से नागे गाहावई ग्रणीयसस्स कुमारस्स इम एयारूव पीइदाण दलयइ, तजहा-बत्तीस हिरण्णकोडीग्रो जहा महाबलस्स जाव[C] फुट्टमार्णोहि मुइगमत्थर्एहि भोगभोगाइ भु जमाणे विहरइ ।

विवाह के पश्चात् नागकुमार गाथापति न ग्रनीयस कुमार को प्रीतिदान देते समय वत्तीस करोड दिव्य कोटि आदि दिय । जिस प्रकार महावलकुमार का वर्णन ग्राता ह, उसी प्रकार इसका वर्णन भी जानना चाहिय । ग्रनीयस कुमार ग्रपने विशाल राजप्रासाद मे, ग्रनक भाँति ग्रठखेलिया करते हुए, मृदग की ध्वनि मे मस्त हो ग्रपन जीवन का व्यतीत करने लगा ।

17– तेण कालेण तेण समएण ग्ररहा ग्ररिट्ठनेमी, जाव[D] समोसढे सिरिवणे उज्जाणे । ग्रहा जाव पडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा ग्रप्पाण भावेमाणे विहरइ । परिसा निग्गया ।

तए ण तस्स ग्रणीयसस्स त महा0[E] जहा गोयमे तहा ग्रणगारे जाए नवर–सामाइयमाइयाइ चउद्दसपुव्वाइ ग्रहिज्जइ । बीस वासाइ परियाग्रो। सेस तहेव जाव[F] सेत्तु जे पव्वए मासियाए सलेहणाए जाव[G] सिद्धे ।

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण ग्रट्ठमस्स ग्रगस्स ग्रतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स पढमस्स ग्रज्झयणस्स ग्रयमट्ठे पण्णत्ते।

उस काल उस समय मे ग्रहन्त ग्ररिष्टनेमि भगवान श्रीवन नामक उद्यान मे पधारे । समवसरण की रचना हुई । जनता उपदश सुनने को उपस्थित हुई । सुनकर प्रमुदित हाती हुई पुन लाट गई । उसी सभा म उपस्थित ग्रनीयस कुमार का, देशना सुन, वैराग्य जागत हो गया । ग्रन्त मे गातमकुमार की तरह भगवान के चरणो मे सयम जीवन ग्रगीकार किया । सामायिक ग्रादि चादह पूर्वो का ग्रध्ययन किया । बीस वप तक सयम पयाय का पालन किया । ग्रन्त मे एक मास की सलेखना सथारा द्वारा शत्रु जय पवत पर सिद्धि प्राप्त की ।

सुधर्मा स्वामी ने कहा–"ह जम्बू ! इस प्रकार श्रमण भगवान महावीर स्वामी न ग्राठव ग्रग ग्रन्तकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वग के प्रथम ग्रध्ययन का यह ग्रथ प्रतिपादित किया है ।"

2-6 ग्रध्ययन

18– एव जहा ग्रणीयसे एव सेसा वि ग्रणतसेणो जाव[A] सत्तुसेणे छ ग्रज्झयणा एक्कगमा । बत्तीसग्रो

द्वितीय, तृतीय, चतुथ, पचम, षष्ठम ग्रध्ययनो का वर्णन भी ग्रनततेन से लेकर शत्रुसेन पयन्त, ग्रनीयस कुमार की तरह जानना चाहिय । सभी का बत्तीस-

भद्दिलपुरस्स उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए सिरिवणे णाम उज्जाणे होत्था–वण्णओ[B]। जियसत्तू राया।

तत्थ ण भद्दिलपुरे नयरे नागे णाम गाहावई होत्था। अड्ढे जाव[C] अपरिभूए। तस्स ण नागस्स–गाहावइस्स सुलसा नाम भारिया होत्था–सुकुमाल जाव[D] सुरूवा।

उस नगर के महाराज जितशत्रु थे। उसी भद्दिलपुर नगर मे नाग नामक ऋद्धि आदि से सम्पन्न गाथापति के सुलसा नामक भार्या-धर्मपत्नी थी। वह अत्यन्त सुकोमल, यावत् रूपवती थी।

15–तस्स ण नागस्स गाहावइस्स पुत्ते सुलसाए भारियाए अत्तए अणीयसे नाम कुमारे होत्था–सुकुमाले जाव[E] सुरूवे पचधाइपरिक्खित्ते जहा दढपइण्णे जाव[F] गिरिकदरमल्लीणे व चपगपायवे सुहसुहेण परिवड्ढइ।

उस नाग नामक गाथापति का पुत्र सुलसा नामक भार्या का आत्मज अनीयस कुमार था, जो अति कोमल एव रूपवान था। पाँच धाय माताओ द्वारा परिपालित था। यथा-क्षीरधात्री-दूध पिलाने वाली, मज्जयनधात्री-स्नान कराने वाली, मडन धात्री-अलकार पहनाने वाली, क्रीडाधात्री-खेल खिलाने वाली, अकधात्री-गोद मे खिलाने वाली आदि जीवन वर्णन दृढप्रतिज्ञ की तरह समझ लेना चाहिये। अनीयसकुमार गिरिगुफा मे सवर्धित चपकलता (वृक्ष) के समान बढने लगा।

16–तए ण त अणीयस कुमार सात्तिरेगअट्ठवासजाय अम्मापियरो कलायरियस्स उवणेंत्ति जाव[A] भोगसमत्थे जाए यावि होत्था।

तए ण त अणीयस कुमार उम्मुक्कबालभाव जाणित्ता अम्मापियरो सरिसियाण जाव[B] बत्तीसाए इब्भवर कण्णगाण एग दिवसेण पाणि गेण्हावेंति।

जब वह अनीयस कुमार कुछ अधिक आठ वर्ष का हो गया तब माता पिता ने उसे विद्या ग्रहण करने के लिये कलाचार्य के पास भेजा। कलाओ का पूर्ण अध्ययन कर बाल भाव को छोड कर, जब अनीयस कुमार भोग भोगने मे समर्थ हो गया, तब उसके माता-पिता अनीयस कुमार के उन्मुक्त बालकभाव को जानकर अर्थात् उसे यौवन की देहली पर पद चरण रखते देखकर उसके अनुरूप अवस्था, लावण्य, चतुर, रूप और गुण मे निपुण बत्तीस श्रेष्ठ कन्याओ के साथ एक ही दिन मे उनका विवाह कर दिया।

तए ण से नागे गाहावई ग्रणीयसस्स कुमारस्स इम एयारूव पीइदाण दलमइ, तजहा–बत्तीस हिरण्णकोडीग्रो जहा महाबलस्स जाव[C] फुट्टमाणेहि मुइगमत्थएहि भोगभोगाइ भु जमाणे विहरइ ।

विवाह के पश्चात् नागकुमार गाथापति न ग्रनीयस कुमार को प्रीतिदान देते समय बत्तीस करोड दिव्य कोटि ग्रादि दिये । जिस प्रकार महाबलकुमार का वणन ग्राता ह, उसी प्रकार इसका वर्णन भी जानना चाहिये । ग्रनीयस कुमार ग्रपने विशाल राजप्रासाद मे, ग्रनेक भाति ग्रठखेनियाँ करते हुए, मृदग की ध्वनि मे मस्त हो ग्रपन जीवन को व्यतीत करने लगा ।

17– तेण कालेण तेण समएण ग्ररहा ग्ररिट्ठनेमी, जाव[D] समोसढे सिरिवणे उज्जाणे । ग्रहा जाव पडिरूव उग्गह उग्गिण्हित्ता सजमेण तवसा ग्रप्पाण भावेमाणे विहरइ । परिसा निग्गया ।

तए ण तस्स ग्रणीयसस्स त महा0[E] जहा गोयमे तहा ग्रणगारे जाए नवर–सामाइयमाइयाइ चउद्दसपुव्वाइ ग्रहिज्जइ । बीस वासाइ परियाग्रो। सेस तहेव जाव[F] सेत्तु जे पव्वए मासियाए सलेहणाए जाव[G] सिद्धे ।

उस काल उस समय मे ग्रहन्त ग्ररिष्टनेमि भगवान श्रीवन नामक उद्यान मे पधारे । समवसरण की रचना हुई । जनता उपदेश सुनने को उपस्थित हुई । सुनकर प्रमदित होती हुई पुन लौट गई । उसी सभा म उपस्थित ग्रनीयस कुमार को, देशना सुन, वैराग्य जागृत हो गया । ग्रन्त मे गौतमकुमार की तरह भगवान के चरणो म सयम जीवन ग्रगीकार किया । सामायिक ग्रादि चौदह पूर्वो का ग्रध्ययन किया । बीस वर्ष तक सयम पर्याय का पालन किया । ग्रन्त मे एक मास की सलेखना सथारा द्वारा शत्रु जय पवत पर सिद्धि प्राप्त की ।

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण ग्रट्ठमस्स ग्रगस्स ग्रतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स पढमस्स ग्रज्झयणस्स ग्रयमट्ठे पण्णत्ते।

सुधर्मा स्वामी न कहा–"ह जम्बू ! इस प्रकार श्रमण भगवान महावीर स्वामी न ग्राठव ग्रग ग्रन्तकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वग के प्रथम ग्रध्ययन का यह ग्रथ प्रतिपादित किया है ।"

2-6 ग्रध्ययन

18– एव जहा ग्रणीयसे एव सेसा वि ग्रणतसेणो जाव[A] सत्तुसेणे छ ग्रज्झयणा एक्कगमा । बत्तीसग्रो

द्वितीय, तृतीय, चतुथ, पचम, षष्ठम ग्रध्ययनो का वणन भी ग्रनन्तसेन स लेकर शत्रुसेन पयन्त, ग्रनीयस कुमार की तरह जानना चाहिय । सभी का बत्तीस-

दाओ। वीस वासाइ परियाओ, चउद्दस पुव्वाइ अहिज्जइ। सेत्तु जे सिद्धा।

बत्तीस श्रेष्ठ कन्याओ के साथ पाणिग्रहण हुआ था। बत्तीस हिरण्यकोटि आदि दिये गये थे। सभी ने बीस वर्ष तक संयम पर्याय का पालन किया था। सामायिक आदि चौदह पूर्वो का अध्ययन किया था। अन्त में एक मास की संलेखना संथारा द्वारा शत्रुंजय पर्वत पर मोक्ष प्राप्त किया था।

सप्तम अध्ययन : सारणकुमार

19– तेण कालेण तेण समएण बारवईए नयरीए जहा पढमे, नवर-वसुदेवे राया। धारिणी देवी। सीहो सुमिणे। सारणे कुमारे। पण्णासओ दाओ। चउद्दस पुव्वा। वीस वासा परियाओ। सेस जहा गोयमस्स जाव[B] सेत्तु जे सिद्धे।

उस काल उस समय में द्वारिका नामक नगरी थी। वर्णन प्रथम वर्ग की तरह जानना चाहिये। विशेषता यह है कि वसुदेव राजा तथा धारिणी रानी निवास करते थे। धारिणी ने गर्भकाल में सिंह का स्वप्न देखा। काल की परिपक्वता पर एक सुन्दर बालक को जन्म दिया। उसका नाम सारणकुमार रखा गया। उसका पचास कन्याओं के साथ विवाह किया गया। पचास प्रकार का दहेज दिया गया। भगवान अरिष्टनेमि की देशना सुनकर विरक्त हुए और संयम-जीवन अंगीकार कर चौदह पूर्वो का अध्ययन किया। बीस वर्ष तक संयम पर्याय का पालन किया। अन्त समय में एक मास की संलेखना द्वारा शत्रुंजय पर्वत पर मोक्ष प्राप्त किया। सारणकुमार का (मध्यस्थ) अवशेष वर्णन गौतम कुमार की तरह जानना चाहिये।

अष्टम अध्ययन : गजसुकुमाल

20– जइ[C] उक्खेवओ अट्ठमस्स।

एवं खलु जंबू ! तेण कालेण तेण समएण बारवईए नयरीए, जहा पढमे जाव[D] अरहा अरिट्ठनेमी समोसढे।

आठवें अध्ययन का उत्क्षेप समझ लेना चाहिये। हे जम्बू ! उस काल उस समय में द्वारिका नामक नगरी थी। जैसे प्रथम अध्ययन में वर्णन किया, वैसा जानना चाहिये। यावत् अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान पधारे, समवसरण की रचना हुई। जनता उपदेश सुनने को आई और चली गई।

तेण कालेण तेण समएण अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतेवासी छ अणगारा भायरो सहोदरा होत्था। सरिसया सरित्तया सरिव्वया नीलुप्पल-गवल गुलिय-अयसिकुसुमप्पगासा सिरिवच्छकियवच्छा कुसुम–कुडल भद्दलया। नलकूबर समाणा।

उस काल उस समय मे अर्हन्त अरिष्टनेमि अनगार के अन्तेवासी छ अनगार थे। जो सहोदरा-एक ही माता के उदर से उत्पन्न छ भाई थे। जो सदृशा-एक समान थे, सदृश-एक समान त्वचा वाले थे। सदृश वयस-एक समान उमर वाले थे। नीलकमल भस के सीग के अन्दर का भाग गुलिका-रग विशेष, अलसी के फूल की तरह थे। कुसुमो के समान कोमल और कुण्डल के समान वतु ल-गोल अर्थात् घु घराले वाल वाले थे। नलकूवर-वैश्रमण के पुत्र के समान थे।

छह अणगारो का तपश्चरण

21– तए ण ते छ अणगारा ज चेव दिवस मुण्डा भवित्ता अगाराओ अणगारिय पव्वइया, त चेव दिवस अरह अरिट्ठणेमि वदति णमसति वदित्ता नमसित्ता एव वयासी—

इच्छामो ण भते! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाया समाणा जावज्जीवाए छट्ठ छट्ठेण अणिक्खित्तेण तवोकम्मेण सजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणा विहरित्तए।

अहासुह देवाणुप्पिया! मा पडिबध करेह।

तए ण ते छ अणगारा अरहया अरिट्ठणेमिणा अब्भणुण्णाया समाणा जावज्जीवाए छट्ठछट्ठेण जाव[A] विहरति।

ऐसे ये छहो अनगार जिस दिन मुण्डित हुए थे, उसी दिन अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दन-नमस्कार करते हैं। वन्दन नमस्कार करके इस प्रकार बोले– आप श्री द्वारा अभ्यानुज्ञात-आज्ञा प्राप्त होने पर जीवन पर्यन्त निरन्तर छट्ठ-छट्ठ-बेले-बेले के तपकर्म और सयम द्वारा अपनी आत्मा का भावित करते हुए विचरण करना चाहते हैं। तब भगवान ने फरमाया—

हे देवानुप्रिय! तुम्हे जिसमे सुख हो वह करो। परन्तु शुभ काय मे विलम्ब नही करना चाहिये। भगवान अरिष्टनेमि की आज्ञा प्राप्त कर छहो अनगार बेले-बेले का तप करते हुए आत्मसाधना मे लग गये।

पारणे के लिए द्वारिका में प्रवेश

22— तए ण ते छ अणगारा अण्णया कयाई छट्ठक्खमणपारणयंसि पढमाए पोरिसीए सज्झाय करेंति जहा गोयमो जाव[B]।

इच्छामो ण भंते ! छट्ठक्खमणस्स पारणए तुब्भेहिं अब्भणुण्णाया समाणा तिहिं सघाडएहिं बारवईए नयरीए जाव[C] अडित्तए।

अहा सुह देवाणुप्पिया !

तए ण ते छ अणगारा अरहया अरिट्ठणेमिणा अब्भणुण्णाया समाणा अरह अरिट्ठनेमिं वदति नमसति वदित्ता नमंसित्ता अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतियाओ सहसंबवणाओ पडिनिक्खमत्ति पडिनिक्खमित्ता तिहिं सघाडएहिं अतुरिय जाव[D] अडति।

इसके अनन्तर वे छहो अणगार किसी समय मे बेले के पारणे के दिन प्रथम प्रहर मे स्वाध्याय करते है, यावत् गौतम अनगार की भाँति दिनचर्या करते हुए भगवान के चरणो मे निवेदन करते है— हे भगवन् ! आज हमारे बेले का पारणा है, अत आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर हम छहो अनगार तीन सिंघाडो मे विभक्त होकर द्वारिका नगरी मे भिक्षाचर्या के लिये यावत् घूमना चाहते हैं।

तब भगवान अरिष्टनेमि ने कहा— हे देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हे सुख हो— वैसा करो तब वे छ अनगार अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान से आज्ञा प्राप्त कर अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दना-नमस्कार करते हैं। वन्दन-नमस्कार करके अर्हंत अरिष्टनेमि भगवान के पास से सहस्राम्र वन से निकलते हैं। निकलकर तीन सिंघाडो मे विभक्त होकर चपलता रहित यावत् भिक्षाचर्या के लिये घरों मे विचरण करने लगते हैं।

तीनों सिंघाडे क्रमश देवकी के महलों में

23— तत्थ ण एगे सघाडए बारवईए नयरीए उच्च-नीय-मज्झिमाइ कुलाइ घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडमाणे अडमाणे वसुदेवस्स रण्णो देवईए देवीए गेहे अणुप्पविट्ठे।

तए ण सा देवई देवी ते अणगारे एज्जमाणे पासइ, पासित्ता हट्ठ जाव[A] हियया आसणाओ अब्भुट्ठेइ अब्भुट्ठित्ता

उन तीनों सिंघाडों में से एक सिंघाडे के दोनो मुनि द्वारिका नगरी के उच्च-नीच, मध्यम कुल मे भिक्षा के लिये भ्रमण करते हुए महाराज वसुदेव की रानी देवकी के घर में प्रविष्ट हो जाते हैं। तब देवकी देवी घर मे प्रवेश करते हुए उन मुनियो को देखकर हृदय मे अत्यन्त प्रसन्न होती है, यावत् आसन से उठती है, उठकर के सात आठ कदम सामने जाकर दक्षिण की ओर से उनको तीन बार आदक्षिणा-प्रदक्षिणा

सत्तट्ठ पयाइ ग्रणुगच्छइ, तिक्खुत्तो ग्रायाहिण पयाहिण करेइ करेत्ता वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता जेणेव भत्तघरए तेणेव उवागया, सोहकेसराण मोयगाण थाल भरेइ 2, ते ग्रणगारे पडिलाभेइ वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता पडिविसज्जेइ ।

तयाणतर दोच्चे सघाडए बारवईए नयरीए उच्च जाव[B] विसज्जेइ ।

करती है । करके वन्दन-नमस्कार करती ह । वन्दन-नमस्कार करके, जिधर भोजन गृह था, वहाँ ग्राती है । सिहकेसरी नामक मोदको से एक थाल भरती है ग्रौर उन मुनियो को बहराती है फिर उन्हे वन्दन नमस्कार करके विदा करती है ।

तदनन्तर द्वितीय सिंघाडक भी घूमता हुग्रा, सयोगवश वही ग्रा पहुँचा । देवकी देवी ने उन्हे भी पूर्व की तरह सिंहकेसरी मोदक बहरा कर विदा करती है ।

देवकी की जिज्ञासा अनगारो का समाधान

24— तयाणतर च ण तच्चे सघाडए बारवईए नयरीए उच्चनीय जाव[A] पडिलाभेइ पडिलाभेत्ता एव वयासो—किण्ण देवाणुप्पिया ! "कण्हस्स वासुदेवस्स इमोसे बारवईए नयरीए नवजोयणवित्थिण्णाए जाव[B] पच्चक्ख देवलोगभूयाए समणा निग्गथा उच्चनोय जाव[C] ग्रडमाणा भत्तपाण नो लभति जण्ण ताइ चेव कुलाइ भत्तपाणाए भुज्जो भुज्जो ग्रणुप्पविसति ।

तए ण ते ग्रणगारा देवइ देवि एव वयासी—नो खलु देवाणुप्पिए ! कण्हस्स वासुदेवस्स इमोसे बारवईए नयरोए जाव[D] देवलोगभूयाए समणा

उसके कुछ समय बाद ही तीसरा सिंगाडा भी द्वारिका नगर के उच्च-नीच-मध्यम कुलो मे घूमता हुग्रा यावत् देवकी देवी के यहाँ पहुँच जाता है । देवकी महारानी उन्हे पूर्व की तरह ग्रत्यन्त भावना के साथ सिंह केसरी नामक मोदक बहराती है। ग्राहार बहराने के पश्चात् देवकी देवी ने मुनियो से सविनय निवेदन किया—

देवानुप्रियो ! "क्या कृष्ण-वासुदेव की द्वारिका नगरी मे नौ-नौ योजन चौडी ग्रौर बारह योजन लम्बी, प्रत्यक्ष देवलोक के समान नगरी मे श्रमण-निग्रन्थो को सामान्य ग्रसामान्य घरो मे घूमते हुए ग्राहार-पानी प्राप्त नही होता है ? क्या कारण है कि श्रमण-निग्रन्थो को एक ही घर मे भक्त पान के लिये वार-वार ग्राना पडता है ?"

तदन्तर देवकी देवी को ग्रनगार इस प्रकार बोले—हे देवानुप्रिय ! "निश्चय ही

निग्गया उच्चनीय जाव[E] अडमाणा भत्तपाण णो लभति णो चेव ण ताइ ताइ कुलाइ दोच्च पि तच्च पि भत्तपाणाए अणुप्पविसति ।"

25– एव खलु देवाणुप्पिए ! "अम्हे भद्दिलपुरे नयरे नागस्स गाहावइस्स पुत्ता सुलसाए भारियाए अत्तया छ भायरो सहोदरा सरिसया जाव[A] नलकूबर समाणा अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतिए धम्म सोच्चा निसम्म ससारभउविग्गा भीया जम्ममरणाण मु डा जाव[B] पव्वइया । तए ण अम्हे ज चेव दिवस पव्वइआ त चेव दिवस अरह अरिट्ठनेमि वदामो नमसामो, इम एयारूव अभिग्गह अभिगिण्हामो । इच्छामो ण भते ! तुब्भेहि अब्भणुण्णाया समाणा जाव[C] अहासुह देवाणुप्पिया ।

तए ण अम्हे अरहया अरिट्ठणेमिणा अब्भणुण्णाया समाणा जावज्जीवाए छट्ठछट्ठेण जाव[D] विहरामो । त अम्हे अज्ज अट्ठखमणपारणगसि पढमाए पोरिसीए जाव[E] अडमाणा तव गेह अणुप्पविट्ठा । त णो खलु देवाणुप्पिए! त चेव ण अम्हे, अम्हे ण अण्णे ।" देवइ देवि एव वदति वदित्ता जामेव दिस पाउब्भूया तामेव दिस पडिगया ।

कृष्ण वासुदेव की यह द्वारिका नगरी यावत् देवलोक के समान है । श्रमण निर्ग्रथो को उच्च-नीच मध्यम कुलो मे घूमते हुए भिक्षा प्राप्त नही होती है, ऐसी बात नही है ।

हे देवानुप्रिय ! "एक ही घर मे दो बार-तीन बार प्रवेश करने का कारण यह है कि हम भद्दिलपुर नामक नगर मे नाग नामक गाथापति के पुत्र सुलसा नामक भार्या के आत्मज छ सहोदर अनगार भाई है । हम छहो एक जैसे यावत् नलकूबर के समान है । हमने अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान के सानिध्य मे धर्म श्रवण कर ससार भय से उद्विग्न, जन्म-मरण से भयभीत, मुण्डित यावत् प्रव्रजित हो गये । जिस दिन हम प्रव्रजित हुए थे, उसी दिन अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दना-नमस्कार किया । वन्दन नमस्कार करके कहा—हम इस प्रकार का अभिग्रह ग्रहण करना चाहते है । हे भगवन् ! आपकी आज्ञा होने पर बेले बेले का तप करना चाहते है । भगवान ने कहा—जैसा तुम्हे सुख हो वैसा करो । इस प्रकार अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान की आज्ञा प्राप्त कर, हमने बेले-बेले का पारणा प्रारम्भ कर दिया । आज हमारे बेले का पारणा था । प्रथम प्रहर मे स्वाध्याय किया, दूसरे प्रहर मे ध्यान किया, तीसरे प्रहर मे हम छहो भाई दो-दो के तीन सिघाडे बनाकर पारणे के लिए द्वारिका नगरी मे—घूमते हुए क्रमश आपके घर मे प्रविष्ट हो चुके है । हम अन्य है ।" देवकी देवी को इस प्रकार कहते है इस प्रकार कह कर, जिस दिशा से आए थे, उसी दिशा मे चले गये ।

देवकी का प्रभू से स्पष्टीकरण

26– तए ण तीसे देवईए देवीए अयमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए सकप्पे–एव खलु अह पोलासपुरे नयरे अइमुत्तेण कुमारसमणेण बालत्तणे वागरिआ–तुमण्ण देवाणुप्पिए ! अट्ठ पुत्ते पयाइस्ससि सरिसए जाव[A] नलकुब्बरसमाणे नो चेव ण भरहे वासे अण्णाओ अम्मयाओ तारिसए पुत्ते पयाइस्सति । त ण मिच्छा । इम ण पच्चक्खमेव दिस्सइ–भरहे वासे अण्णाओ वि अम्मयाओ खलु एरिसए जाव[B] पुत्ते पयायाओ । त गच्छामि ण अरह अरिट्ठनेमि वदामि नमसामि वदित्ता नमसित्ता इम च ण एयारूव वागरण पुच्छिस्सामित्ति कट्टु एव सपेहेइ सपेहेत्ता कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ सद्दावित्ता एव वयासी–लहुकरणप्पवर जाव[C] उवट्ठवेंति । जहा देवाणदा जाव[D] पज्जुवासइ ।

उन श्रमणो के चले जाने के पश्चात् देवकी देवी के मन मे आध्यात्मिक, चिन्तित, प्रार्थित, मनोगत और सकल्पित विचार उत्पन्न हुआ— मुझे पोलासपुर नामक नगर मे अतिमुक्तक कुमार श्रमण ने बाल्यावस्था मे इस प्रकार कहा था—हे देवानुप्रिये ! तुम आठ पुत्रो को जन्म दोगी जो कि एक समान आकृति वाले यावत् वैश्रमण कुमार के तुल्य होगे । भारतवर्ष मे अन्य माताए इस प्रकार के पुत्रो को जन्म नही दे सकेगी । लेकिन यह कथन मिथ्या प्रमाणित हुआ क्योकि प्रत्यक्ष प्रमाणित हो रहा है कि भारतवर्ष मे अन्य माताओ द्वारा भी वैश्रमण कुमार की तरह पुत्र उत्पन्न हुए है । अत मैं जाऊँ, और अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दन नमस्कार करूँ, वन्दन नमस्कार करके उनसे पूछु गी । इस प्रकार मन मे विचार करके देवी ने अपने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और कहा कि तुम शीघ्र चलने वाले धार्मिक श्रेष्ठ लघुकरण रथ को तैयार करो । आज्ञा पाकर सेवको ने वैसा ही रथ तयार कर दिया और जिस प्रकार देवानन्दा ब्राह्मणी भगवान के चरणो मे पहुँची थी, उसी तरह देवकी देवी भी पहुँच गई, और पर्यु पासना करने लगी ।

27– तए ण अरहा अरिट्ठनेमी देवइ देविं एव वयासी–"से नूण तव देवई! इमे छ अणगारे पासित्ता अयमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए सकप्पे समुप्पण्णे–एव खलु अह

अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान ने देवकी देवी को देखते ही कहा "हे देवकी देवी ! तुम्हे उन छ अनगारो को देखकर यह सकल्प उत्पन्न हुआ कि मुझे पोलासपुर नगर मे अतिमुक्तक कुमार ने कहा था, यावत् उस विषयक वस्तुस्थिति जानने के लिये तुम घर से

पोलासपुरे नयरे अइमुत्तेण जाव^A त णिगच्छसि णिग्गच्छित्ता जेणेव मम अंतिय तेणेव हव्वमागया। से नूण देवई! अट्ठे समट्ठे?"

"हंता अत्थि।"

निकलकर शीघ्रता के साथ मेरे पास आई हो, क्या यह कथन सत्य है?" भगवान के इस कथन को देवकी देवी स्पष्ट करने लगी।

"भगवन्! आपने जो कुछ कहा है वह सर्वथा सत्य है, मैं उसी उद्देश्य को लेकर आपकी सेवा में उपस्थित हुई हूँ।"

28—एवं खलु देवाणुप्पिए! तेणं कालेणं तेणं समएणं भद्दिलपुरे नयरे नागे नाम गाहावई परिवसइ—अड्ढे।

तस्स णं नागस्स गाहावइस्स सुलसा नामं भारिया होत्था। तए णं सा सुलसा बालत्तणे चेव हरिणेगमेसीभत्तया यावि होत्था। नेमित्तिएणं वागरिया—एस णं दारिया णिंदू भविस्सइ।

तए णं सा सुलसा बालप्पभिइं चेव हरिणेगमेसिस्स पडिमं करेइ करेत्ता कल्लाकल्लिं ण्हाया जाव^B पायच्छित्ता उल्लपडसाडया महरिहं पुप्फच्चणं करेइ, करेत्ता जण्णुपायपडिया पणामं करेइ, करेत्ता तओ पच्छा आहारेइ या नीहारेइ या वरइ या।

भगवान अरिष्टनेमि—हे देवानुप्रिय! "उस काल उस समय में भद्दिलपुर नामक नगर में ऋद्धि आदि से सम्पन्न नाग नामक गाथापति निवास करता था। उस नाग नामक गाथापति के सुलसा नामक भार्या-धर्मपत्नी थी। उस सुलसा नामक गाथापत्नी को बाल्यकाल में ही एक नैमित्तिक ज्योतिषी ने कहा था—यह लड़की निंदू होगी अर्थात् मृत बच्चों को जन्म देगी। इस बात को सुन कर सुलसा ने तभी से हरिणेगमेषि देव की आराधना प्रारम्भ करदी। उसने हरिणेगमेषि देव की एक प्रतिमा बनवाई, बनवाकर नित्य प्रति स्नान एवं अनिष्ट परिहारार्थ प्रायश्चित्त करके आर्द्रपट्ट—गीली साड़ी से साथ पूजाह-चयनित फूलों से नित्य प्रति पूजा करती थी। तदनन्तर दोनों (जानुओं) घुटनों को भूमि पर टेककर प्रणाम करती। यह सब कुछ करने के बाद ही आहार करती, विहार करती तथा अन्य कामों में प्रवृत्त होती थी।

29—तए णं तीसे सुलसाए गाहावइणीए भत्तिबहुमाणसुस्सूसाए हरिणेगमेसी देवे आराहिए यावि होत्था। तए णं से हरिणेगमेसी देवे

तदनन्तर सुलसा की भक्ति तथा सेवा से हरिणगमेषि देव आराधित हो गया, प्रसन्न हो गया। तब प्रसन्न हुए हरिणेगमेषि देव ने सुलसा नामक गाथापत्नी की अनुकम्पा निमित्त, उस पर दया भाव लाकर, सुलसा गाथा पत्नी

सुलसाए गाहावइणीए अणुकपणट्ठयाए सुलस गाहावइणि तुम च दो वि समउउयाओ करेइ । तए ण तुब्भे दो वि सममेव गब्भे गिण्हह, सममेव गब्भे परिवहह, सममेव दारए पयायह। तए ण सा सुलसा गाहावइणी विणिहायमावण्णे दारए पयायइ ।

और तुम्हे (देवकी) एक साथ रजस्वला होने की व्यवस्था कर दी । अर्थात् देव माया से तुम और सुलसा एक साथ सन्तान उत्पन्न करने लगी । तुम दोनो ने ही लगभग एक ही समय मे गर्भ धारण किया, उसका परिवहन किया और प्राय एक ही समय मे बच्चो को जन्म भी दिया । सुलसा पर अनुकम्पा करके देव ने उसके मृत बच्चो को हाथो मे गृहण कर तुम्हारे पास लाकर (स्थापित) रख दिया और उस समय तुमने भी नवमास मे कुछ अधिक दिन व्यतीत होने पर सुकुमार बालको को जन्म दिया । हे देवानुप्रिय ! जो तुम्हारे बालक थे उनको देव ने दोनो हाथो से उठाकर सेठानी सुलसा के पास पहुँचा दिया ।

तए ण से हरिणेगमेसी देवे सुलसाए अणुकपणट्ठयाए विणिहायमावण्णे दारए करयल-सपुडेण गेण्हइ, गेण्हित्ता तव अत्तिय साहरइ । त समय च ण तुम पि नवण्ह मासाण सुकुमाल दारए पसवसि। जे वि य ण देवाणुप्पिए ! तव पुत्ता ते वि य तव अतियाओ करयल-सपुडेण गेण्हइ, गेण्हित्ता सुलसाए गाहावइणीए अतिए साहरइ । त तव चेव ण देवई ! एए पुत्ता, णो चेव सुलसाए गाहावइणीए ।

अत हे देवकी ! वे पुत्र तुम्हारे ही है सुलसा के नही ।

पुत्र दर्शन से देवकी का हर्षातिरेक

30— तए ण सा देवई देवी अरहओ अरिट्ठणेमिस्स अतिए एयमट्ठ सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ जाव[A] हियया अरह अरिट्ठणेमि वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता जेणेव ते छ अणगारा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता ते छप्पि

तदनन्तर देवकी देवी अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान से इस तथ्य को श्रवणकर हृष्ट हुई-सन्तुष्ट हुई और हृस्ट-तुष्ट हृदय से अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दन-नमस्कार करती है, वन्दन-नमस्कार करके-जहा वे छह अनगार थे, वहा पर आती है । आकर छहो ही अनगारो का वन्दन-नमस्कार करती है ।

अणगारे वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता आगयपण्हुया पप्पुयलोयणा कचुयपरिक्खित्तया दरियवलय-बाहा-धाराहय-कलव-पुप्फग विव समूससिय-रोमकूवा ते छप्पि अणगारे अणिमिसाए दिट्ठीए पेहमाणी-पेहमाणी सुचिर निरिक्खइ निरिक्खित्ता वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता जेणेव अरहा अरिट्ठणेमी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अरह अरिट्ठणेमि तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेइ करेत्ता वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता तमेव धम्मिय जाणप्पवर दुरुहइ दुरुहित्ता जेणव बारवई नयरी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता बारवइ नयरिं अणुप्पविसइ, अणुप्पविसित्ता जेणेव सए गिहे, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागया, धम्मियाओ जाणप्पवराओ पच्चोरुहइ पच्चोरुहित्ता जेणेव सए वासघरे जेणेव सए सयणिज्जे तेणेव उवागया सयसि सयणिज्जसि निसीयइ ।

वन्दन-नमस्कार करने के पश्चात् आगत प्रस्नुता-अत्यधिक पुत्र स्नेह से उसके स्तनों में दुग्ध आ गया, उसके नेत्र आनन्दाश्रु से आर्द्र हो गये। हर्ष और रोमांच की अधिकता से शरीर फूल जाने के कारण कंचुक तंग होकर मेघधारा से आहत हुए कदम्बक नामक फूल के भांति उसकी रोमराजि विकसित हो गई। छहों अनगारों को निर्निमेष दृष्टि से स्थिर काल तक देखती है। देखकर वन्दन-नमस्कार करके जहाँ पर अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान थे, उधर आती है, आकर अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान की तीन बार आदक्षिणा-प्रदक्षिणा करती है, करके, वन्दन-नमस्कार करती है, वन्दन-नमस्कार करके, धार्मिक कार्यों में उपयोग लाये जाने वाले श्रेष्ठ यान-रथ पर आरोहण करती है। आरोहण करके, जिधर द्वारिका नगरी थी, उधर आती है, आकर द्वारिका नगरी में प्रवेश करके जहाँ अपना महल था और जहाँ बाहर की उपस्थापन शाला-बैठने की जगह थी, वहाँ आती है, आकर धार्मिक यान (श्रेष्ठ रथ) से नीचे उतरती है, उतरकर, जहाँ पर अपना वासगृह था, वहाँ आकर अपनी शय्या पर बैठ जाती है।

देवकी द्वारा आर्त्तध्यान

31– तए ण तीसे देवईए देवीए अय अज्झत्थिए चितिए पत्थिए जाव समुप्पन्ने—एव खलु अह सरिसए जाव नलकूबर-समाणे सत्त पुत्ते पयाया नो चेव ण मए एगस्स वि बालत्तणए

तदनन्तर देवकी देवी के मन में इस प्रकार के विचार उत्पन्न होते हैं कि मैंने वैश्रमण के पुत्रों के समान सातों पुत्रों को जन्म दिया, किन्तु मैंने एक भी पुत्र के बाल जीवन का सुखानुभव नहीं किया। यह

समणुब्भूए। एस वि य ण कण्हे वासुदेवे छण्ह छण्ह मासाण मम श्रतिय पायवदए हव्वमागच्छइ। त धण्णाश्रो ण ताश्रो श्रम्मयाश्रो, पुण्णाश्रो ण ताश्रो श्रम्मयाश्रो कयपुण्णाश्रो ण ताश्रो श्रम्मयाश्रो, कयलक्खणाश्रो ण ताश्रो श्रम्मयाश्रो जासिं मण्णे णियगकुच्छि सभूयाइ, थणदुद्ध-लुद्धयाइ महुरसमुल्लावायाइ मम्मण-पजपियाइ थण-मूला कक्खदेसभाग श्रभिसरमाणाइ मुद्धयाइ पुणो य कोमलकमोलवमेहि हत्थेहि गिण्हिऊण उच्छगे णिवेसियाइ देंति समुल्लावए सुमहुरे पुणो पुणो मजुलप्पभणिए। श्रह ण श्रधण्णा श्रपुण्णा श्रकयपुण्णा (श्रकयलक्खणा) एत्तो एक्कतरमवि ण पत्ता श्रोयह जाव[A] झियायइ।

कृष्ण वासुदेव भी छ छ मास के अनन्तर चरण-वन्दन के लिये मेरे पास आते हैं। मैं मानती हूँ कि वे माताएँ धन्य हैं, जिनकी सतति निज कुक्षि से उत्पन्न होती है, स्तन के दुग्ध मे लुब्ध होती है, मधुर तथा अव्यक्त मुनमुन, तुतलाती वाणी मे बोलते है, स्तन मूलक कक्ष भाग मे रहती हैं, जिसको माता कमल के समान कोमल हाथो से उठाती, अपनी गोदी मे बिठाती हैं तथा उन बालको के आलाप को—शब्दादि बाल सबधी प्रक्रियाओ का सुमधुर और मजुल उत्तर देती है। मैं अधन्य हूँ, अकृतपुण्या हूँ। क्योकि मुझे उपर्युक्त पुत्र जनित प्रक्रियाओ मे से एक का भी कर्त्तव्य, कम रूप से अनुभव नही हुआ। इस प्रकार उदासीन माता देवकी आर्त्तध्यान करने लगती है।

दुख की अभिव्यक्ति—श्री कृष्ण के समक्ष

32— इम च ण कण्हे वासुदेवे ण्हाए जाव[A] विभूसिए देवइए देवीए पायग्गहण करेइ करित्ता देवइ देविं एव वयासी—

श्रण्णया ण श्रम्मो! तुब्भे मम पासित्ता हट्ठतुट्ठा जाव[B] भवह, किण्ण श्रम्मो! श्रज्ज तुब्भे श्रोहयमण-सकप्पा जाव[C] झियायह?

इधर कृष्ण वासुदेव स्नान से निवृत्त हो, सभी अलकारा से विभूषित होकर, देवकी देवी को चरण वदन करने के लिये शीघ्र आते हैं। तब कृष्ण-वसुदेव देवकी देवी को देखते हैं, देखकर देवकी देवी के चरण-वदन करते हैं, करके देवकी देवी को इस प्रकार कहते हैं— हे माता! अन्य दिनो मे, जब मैं तुम्हारे पास आता हूँ तो आप मुझे समीप देखकर हर्षित और खुशी होती है। परन्तु हे माता! आज आप किस कारण मे योगिनी की तरह विचार निमग्न हो?

33— तए ण सा देवई देवी कण्ह वासुदेव एव वयासी—एव खलु अह पुत्ता । सरिसए जाव नलकूवरसमाणे सत्त पुत्ते पयाया, नो चेव ण मए एगस्स वि वालत्तणे अणुब्भूए । तुम पि य ण पुत्ता ! छण्ह—छण्ह मासाण मम अंतिय पायवदए हव्वमागच्छसि । त धण्णाओ ण ताओ अम्मयाओ जाव झियामि ।

तब देवकी देवी कृष्ण वासुदेव को इस प्रकार बोली— हे पुत्र ! निश्चय ही मैंने एक समान सात पुत्रो को जन्म दिया, किन्तु एक भी पुत्र के बालत्व आदि कर्त्तव्य-कर्म का अनुभव नहीं किया । और न तुम भी हे पुत्र ! छ छ महीने मे मेरे पास चरण-वन्दन के लिये शीघ्र आते हो । अत मैं सोचती हूँ कि वे माताएँ धन्य हैं जो अपने पुत्रो के बालत्व के कर्त्तव्य-कर्म का अनुभव करती हैं । किन्तु हे पुत्र ! मैं उसके अभाव के कारण आर्त्तध्यान करती हूँ ।

कृष्ण द्वारा देव आराधन

34— तए ण से कण्हे वासुदेवे देवइ देविं एव वयासी—मा ण तुब्भे अम्मो ! ओहयमण सकप्पा जाव झियायह अहण्ण तहा जत्तिस्सामि जहा ण मम सहोदरे कणीयसे भाउए भविस्सति त्ति कट्टु देवइ देविं ताहि इट्ठाहि वग्गूहि समासासेइ। तओ पडिणिक्खमई पडिणिक्खमित्ता जेणेव पोसहसाला तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता जहा अभओ । नवर हरिणेगमेसिस्स अट्ठमभत्त पगेण्हइ जाव[D] अजलि कट्टु एव वयासी—

इच्छामि ण देवाणुप्पिया । सहोदर कणीयस भाउय विदिण्ण ।

तए ण से हरिणेगमेसी देव कण्ह वासुदेवं एव वयासी-होहिइ

तदनन्तर कृष्ण-वासुदेव देवकी देवी को इस प्रकार कहने लगे—तुम उदासीन मत हो, यावत् आर्त्तध्यान मत करो । मैं उस प्रकार का प्रयत्न करूंगा, जिससे मेरे एक सहोदर भ्राता और होगा । ऐसा कह कर देवकी देवी को, इष्टवाणि-इष्ट वचनो द्वारा आश्वासन देते हैं । आश्वासन देकर वहाँ से चलते हैं, चलकर जिधर पौषधशाला थी, उधर आते हैं और जिस प्रकार अभयकुमार ने तेला किया, वैसे तेला करते हैं । अन्तर केवल इतना ही है कि कृष्ण-वासुदेव ने हरिणगमेषी देव की आराधना करने के लिए तेले का आराधन किया था, यावत् हरिणगमेषी देव के प्रकट हो जाने पर विधिवत् पौषध पूर्ण करके कृष्ण वासुदेव ने कहा—हे देवानुप्रिय ! मेरी इच्छा है कि मेरे एक सहोदर-एक ही माता से उत्पन्न, एक भाई और हो ।

तदनन्तर हरिणगमेषी देव ने कृष्ण वासुदेव को इस प्रकार कहा—हे देवानुप्रिय !

ण देवाणुप्पिया ! तव देवलोयच्चुए सहोदरे कणीयसे भाउए। से ण उम्मुक्क जाव[A] मणुप्पत्ते श्ररहश्रो श्ररिट्ठनेमिस्स श्रतिय मुण्डे जाव[B] पव्वइस्सइ। कण्ह वासुदेव दोच्च पि तच्च पि वदइ वदित्ता जामेव दिस पाउब्भूए तामेव दिस पडिगए।

देवलोक से च्युत होकर एक देव तुम्हारे भाई के रूप मे जरूर उत्पन्न होगा किन्तु वह बाल भाव को छोडकर, जब युवावस्था मे प्रवेश करेगा, उसी समय श्रर्हन्त श्ररिष्टनेमि भगवान के पास मुण्डित यावत् दीक्षित हो जायगा। देव कृष्ण-वासुदेव को दो बार तीन बार इस प्रकार कहता है, कहकर जिस दिशा मे श्राया था, उसी दिशा मे पुन चला गया।

कृष्ण द्वारा देवकी को आश्वासन

35– तए ण मे कण्हे वासुदेवे पोसहसालाश्रो पडिणिक्खमइ पडिणिक्खमित्ता जेणेव देवइ देवि तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता देवईए देवीए पायग्गहण करेइ करेत्ता एव वयासी–

होहिइ ण श्रम्मो ! मम सहोदरे कणीयसे भाउए त्ति कट्टु देवइ देवि ताहि इट्ठाहि जाव[C] श्रासासेइ श्रासासित्ता जामेव दिस पाउब्भूए तामेव दिस पडिगए।

तव कृष्ण-वासुदेव पोपधशाला से निकलते हैं, निकलकर देवकी देवी के पास श्राकर चरण वन्दन करते हुए इस प्रकार बोले—हे माता ! मेरे सहोदर लघु भ्राता श्रवश्य होगा। इस प्रकार देवकी देवी को इष्ट वचनो से श्राश्वस्त करते हैं, श्राश्वस्त करके जिस दिशा से श्राये उसी दिशा मे चले जाते है।

गजसुकुमाल का जन्म और विकास

36– तए ण सा देवई देवी श्रण्णया कयाइ तसि तारिसगसि जाव[A] सीह सुविणे पासित्ता पडिबुद्धा जाव[B] पाढया[C] हट्ठहियया त गब्भ सुहसुहेण परिवहइ।

तदनन्तर देवकी देवी श्रन्य किसी समय मे कोमल एव सुखद शय्या पर शयन कर रही थी। उस समय सिंह स्वप्न को देखकर जाग्रत हो उठी। उसने स्वप्न का सारा वृत्तान्त श्रपने पति वसुदेव को सुनाया। महाराज वसुदेव ने स्वप्न-पाठका को बुलाकर

तए ण सा देवई देवी नवण्ह मासाण पडिपुण्णाण जासुमण-रत्तबधुजीवय लक्खारस सरस पारिजातक-तरुण दिवायर-समप्पभ सव्वणयणकत-सुकुमाल जाव[D] सुरुव गयतालुसमाण दारय पयाया। जम्मण जहा मेहकुमारे जाव[E] जम्हा ण श्रम्ह इमे दारगे गयतालुसमाणे त होउ ण श्रम्ह एयस्स दारगस्स नामधेज्जे गयसुकुमाले।

तए ण तस्स दारगस्स श्रम्मापियरे नाम करेंति गयसुकुमालोत्ति। सेस जहा मेहे जाव श्रल भोगसमत्थे जाए यावि होत्था।

स्वप्न फल के विषय म पूछा। स्वप्न-पाठकों न उसका फल एक सुयोग्य पुण्यात्मा पुत्र की उत्पत्ति होना बतलाया। महारानी देवकी स्वप्न पाठकों से स्वप्न का फल श्रवण कर प्रसन्न हुई।

समय आने पर गर्भ धारण किया और उसका उचित रीति से पालन-पोषण करने लगी। गर्भगत नव मास व्यतीत होने पर जासू के फूल के समान, रक्त बधु जीवक के समान, लाख के रग के समान, खिले हुए पारिजात पुष्प के समान, प्रात कालीन सूर्य के समान कान्ति वाले, सबके नेत्रों को प्यारे लगने वाले सुकुमार, यावत् सुरूप, गजतालु के समान पुत्र को जन्म देती है। जन्म सस्कार मेघकुमार की तरह किया गया। नाम सस्कार करते समय कहा गया कि हमारा बालक हाथी के तालु के समान रक्त वर्ण वाला है तथा कोमल अंग वाला है, इसलिये इस बालक का नाम गजसुकुमाल होना चाहिये। इसके अनुसार माता पिता द्वारा बालक का नाम गजसुकुमाल कुमार रखा गया।

गजकुमार गजसुकुमाल का अवशेष वर्णन मेघकुमार की तरह जानना चाहिये। अर्थात् गजसुकुमाल कलाओं में निष्णात हो गये तथा बालक भाव को पारकर युवावस्था में भोग भोगने में समर्थ हो गये।

राजपथ पर सोमा का खेलना

37— तत्थ ण बारवईए नयरिए सोमिले नाम माहणे परिवसइ श्रड्ढे। रिउव्वेय जाव[A] सुपरिनिट्ठिए यावि होत्था। तस्स सोमिल-माहणस्स

उस द्वारिका नगरी में सोमिल नामक ब्राह्मण भी निवास करता था। वह ऋद्धि से सम्पन्न ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि वेदों के ज्ञान में निष्णात सुपरिनिष्ठित था। उस सोमिल ब्राह्मण की पत्नी का नाम सोमश्री था। वह

सोमसिरी नाम माहणी होत्था। सूमालपाणिपाया। तस्स ण सोमिलस्स धूया सोमसिरीए माहणिए अत्तया सोमा नाम दारिया होत्था। सोमाला जाव[B] सुरुवा। रूवेण जोव्वणेण लावण्णेण उक्किट्ठा उक्किट्ठसरोरा यावि होत्था।

तए ण सा सोमा दारिया अण्णया कयाइ ण्हाया जाव[C] विभूसिया, बहूहि खुज्जाहि जाव[D] परिक्खित्ता सयाओ गिहाओ पडिणिक्खमइ पडिणिक्खमित्ता जेणेव रायमग्गे तेणेव उवागच्छइ-उवागच्छित्ता रायमग्गसि कणगतिदूसएण कीलमाणी चिट्ठइ।

सुदर एव सुकुमाल अङ्गोपाग वाली थी। उस सोमिल ब्राह्मण की पुत्री तथा सोमश्री नामक ब्राह्मण की आत्मजा का नाम सोमा था। सोमा बालिका सुकोमल तथा रूपवती थी। रूप-लावण्य की दृष्टि से उत्कृष्ट श्रेष्ठ शरीर वाली थी। उस सोमा बालिका ने स्नान किया, आभूषणो से अपने शरीर को अलकृत किया तथा कुब्जा आदि अनेक दासियाँ अपने साथ ली। उनसे परिवृत्त होकर घर से निकली, निकल कर जिधर राज मार्ग था उधर आती है, आकर के राज मार्ग पर कनक-कन्दूकेन-सोने की गेंद से खेलने लगती है।

कन्या के अन्त पुर मे सोमा का प्रवेश

38— तेण कालेण तेण समएण अरहा अरिट्ठनेमि समोसढे। परिसा निग्गया।

तए ण से कण्हे वासुदेवे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे ण्हाए जाव विभूसिए गयसुकुमालेण कुमारेण सद्धि हत्थिखधवरगए सकोरटमल्लदामेण छत्तेण धरिज्जमाणेण सेयवर—चामराहि उद्धुमाणीहि बारवईए नयरीए मज्झमज्झेण अरहओ अरिट्ठनेमिस्स

उस काल उस समय मे अर्हत अरिष्टनेमि भगवान पधारे। उनके दर्शन करने के लिये जनता नगरी से निकली। तदनतर कृष्ण-वासुदेव ने भी भगवान के आगमन सदेश को सुनकर स्नान किया, यावत् सभी अलकारो से विभूषित हुए और राजकुमार गजसुकुमाल को साथ मे लेकर हाथी के स्कध पर सवार हो जाते हैं। करण्ड वृक्ष के फूलो से युक्त छत्र धारण कर रखा था। श्वेत चँवर ढुलाये जा रहे थे। इस प्रकार महाराज कृष्ण, अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दन करने के लिये द्वारिका

पायवदए निग्गच्छमाणे सोम दारिय पासइ पासित्ता सोमाए दारियाए रूवेण य जोव्वणेण य लावण्णेण य जायविम्हए कोडु बियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी— 'गच्छह ण तुब्भे देवाणुप्पिया ! सोमिल माहण जायित्ता सोम दारिय गेण्हह, गेण्हित्ता कण्णतेउरसि पक्खिवह । तए णं एसा गयसुकुमालस्स कुमारस्स भारिया भविस्सइ । तए ण कोडु बिय जाव^ पक्खिवति ।

नगरी क मध्य मार्ग मे जा रहे थे । रास्ते म सोमा नामक बालिका को देखते हैं । देखकर सोमा बालिका के रूप, यौवन और लावण्य को देखकर आश्चर्यान्वित हो गये । तत्काल उन्होंने अपने कौटुम्बिक पुरुष-कर्मचारियों को बुलाकर कहा—हे देवानुप्रिय ! तुम जाओ, सोमिल ब्राह्मण के पास जाकर सोमा नामक बालिका की याचना करो । सोमिल ब्राह्मण की अनुमति मिलने पर उस सोमा बालिका को ग्रहण कर कन्याओं के अन्त -पुर मे पहुँचा दो । भविष्य म राजकुमार गजसुकुमाल के साथ इसका विवाह कर दिया जायगा । कौटुम्बिक पुरुषो ने वैसा ही किया, यावत् सोमा बालिका को कन्या अन्त -पुर में पहुँचा देते है ।

भगवान अरिष्टनेमि के चरणो मे गजसुकुमाल

39— तए ण से कण्हे वासुदेवे बारवईए नयरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छइ निग्गच्छित्ता जेणेव सहसबवणे उज्जाणे जाव^पज्जुवासाइ।

तदान्तर कृष्ण-वासुदेव, द्वारिका नगरी क मध्य मार्ग स निकलते है, निकलकर जिधर सहस्राम्रवन नामक उद्यान था, उधर आते हैं और दूर स भगवान के दर्शन कर हाथी स नीचे उतर कर प्रभु के चरणो म पहुँचे और उनकी पर्युपासना करने लगे ।

गजसुकुमाल पर देशना का प्रभाव

40— तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्हस्स वासुदेवस्स गयसुकुमालस्स कुमारस्स तीसे य धम्म कहेइ । कण्हे पडिगए । तए णं से गयसुकुमाले अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतिय धम्म सोच्चा ज नवर अम्मापियरो

तदनन्तर भगवान अरिष्टनेमि ने कृष्ण-वासुदेव, गजसुकुमाल कुमार तथा सम्पूर्ण सभा को उपदेश दिया, धर्मोपदेश श्रवण कर कृष्ण महाराज चले गये । राजकुमार गजसुकुमाल भगवान अरिष्टनेमि का उपदेश श्रवण कर उनके चरणो मे निवेदन करने लगे । मुझे आप श्री का उपदेश श्रवण कर विरति हो गई है ।

आपुच्छामि जहा मेहो महेलियावज्ज जाव[A] वड्ढियकुले ।

मैं माता पिता से पूछकर उनकी आज्ञा प्राप्त कर, आप श्री के चरणो मे दीक्षा ग्रहण करु गा । भगवान ने कहा— जैसा तुम्हे सुख हो वैसा करो किन्तु शुभ काय मे किंचित भी विलम्ब मत करो । प्रभु को वन्दन कर गजसुकुमाल कुमार अपने घर गये और मेघ कुमार की तरह ही अपनी विरक्ति की बात बताकर सयम के लिये आज्ञा मागने लगे । माता पिता ने समझाया— तुम अभी अविवाहित हो अत पहले विवाह करलो, फिर सतति उत्पन्न होने पर अपना उत्तर-दायित्व उन पर डालकर दीक्षा ग्रहण करना उचित है ।

गजसुकुमाल उन्हे समझाने लगे । जीवन का कोई पता नही है आदि-आदि ।

कृष्ण की समझाइश

41— तए ण से कण्हे वासुदेवे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे जेणेव गयसुकुमाले तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता गयसुकुमाल आलिगइ, आलिगित्ता उच्छगे निवेसेइ निवेसेत्ता एव वयासी—तुम मम सहोदरे कणीयसे भाया । त मा ण तुम देवाणुप्पिया ! इयाणि अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतिए मुण्डे जाव[B] पव्वयाहि । अहण्ण तुमे बारवईए नयरीए महया-महया रायाभिसेएण अभिसिचिस्सामि ।

तए ण से गयसुकुमाले कण्हेण

जब कृष्ण-वासुदेव कोग जसुकुमाल की दीक्षा लेने के सकल्प के समाचार मिलते है तो वे जिधर गजसुकुमाल थे, उधर आते हैं । आकर गजसुकुमाल का आलिगन करके-गले लगाते ह और गोद मे बिठाकर कहने लगते हैं—

हे देवानुप्रिय ! तुम मेरे सहोदर लघु भ्राता हो । अत इस समय तुम अर्हन्त अरिष्टनेमि के पास दीक्षा लेने का विचार छोड दो । मैं तुम्ह बहुत बडे समारोह के साथ राज्याभिषेक करा दू गा, अर्थात् द्वारिका नगरी का राजा बना दू गा ।

वासुदेवेण एव वुत्ते समाणे तुसिणीए सचिट्ठइ ।

42— तए ण से गयसुकुमाले कण्ह वासुदेव अम्मापियरो य दोच्च पि तच्च पि एव वयासी—

एव खलु देवाणुप्पिया ! माणुस्सया काम^A खेला सवा जाव^B विप्पजहियव्वा भविस्सति, त इच्छामि ण देवाणुप्पिया ! तुब्भेहि अब्भणुण्णाए समाणे अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अतिए जाव^C पव्वइत्तए ।

कृष्ण-वासुदव के इस प्रकार कहने पर कुछ समयानान्तर गजसुकुमाल कुमार कृष्ण-वासुदेव के दो-तीन बार इस प्रकार कहन पर माता पिता को इस प्रकार कहने लगे—हे देवानुप्रियो ! मनुष्य का आधारभूत यह शरीर कफ-मल-मूत्र आदि का घर है, जिसे एक न एक दिन छोडना ही पडेगा । इसलिये मेरी हार्दिक इच्छा है कि, मुझे दीक्षा की आज्ञा दें, मैं अर्हत अरिष्टनेमि भगवान के पास दीक्षा ग्रहण कर प्रव्रजित हो जाऊँ । गजसुकुमाल ने अपने विचारो को दो-तीन बार दोहराया ।

राज्य पद से अनगार पद पर

43— तए ण त गयसुकुमाल कण्हे वासुदेवे अम्मापियरो य जाहे नो सचाएन्ति बहुयाहि अणुलोमाहि जाव^A आघवित्तए ताहे अकामाइ चेव गयसुकुमाल कुमार एव वयासी— त इच्छामो ण ते जाया ! एगदिवसमवि रज्जसिरिं पासित्तए ।

तए ण गयसुकुमाले कुमारे कण्ह वासुदेव अम्मापियर च अणुवत्तमाणे तुसिणीए सचिट्ठइ । जाव^B सजमेइ ।

तए ण से गयसुकुमाले अणगारे जाए ईरियासमिए जाव^C गुत्तबभयारी इणमेव निग्गथ पवयण पुरओ काउ विहरइ ।

गजसुकुमाल के विचारो को सुनकर कृष्ण-वासुदेव और माता पिता उन्हे अनुकूल-प्रतिकूल बातो द्वारा समझाने लगे । लेकिन गजसुकुमाल अपने विचारो पर अडिग रहे । तब उन्होने कहा—हे पुत्र ! हम तुम्हें राजसिंहासन पर विराजमान देखना चाहते है । अधिक नही तो कम से कम एक दिन तो राज्य श्री की शोभा बढा दो । यह बात सुनकर गजसुकुमाल मौन हो गये । तो मौन को स्वीकृति मानकर महाबल कुमार की तरह इनका भी विशाल समारोह के साथ राज्याभिषेक कर दिया गया और गजसुकुमाल के आदेश पर दीक्षा सामग्री एकत्रित की गई, तब गजसुकुमाल कुमार ने दीक्षा ग्रहण कर ली । गजसुकुमाल अनगार ईर्यासमिति आदि पाँच समिति, तीन गुप्ति का पालन कर, यावत गुप्त ब्रह्मचारी बन गये ।

महा—प्रतिमा ग्रहण

44— तए ण से गयसुकुमाले अणगारे ज चेव दिवस पव्वइए तस्सेव दिवसस्स पुव्वावरण्हकालसमयसि जेणेव अरहा अरिट्ठणेमो तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता अरह अरिट्ठणेमि तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेइ करेत्ता वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता एव वयासी—

इच्छामि ण भते ! तुब्भेहि अब्भणुण्णाए समाणे महाकालसि सुसाणसि एगराइय महापडिम उवसपज्जित्ताण विहरित्तए ।

अहासुह देवाणुप्पिया ! मा पडिबध करेह ।

तएण से गयसुकुमाले अणगारे अरहया अरिट्ठणेमिणा अब्भणुण्णाए समाणे अरह अरिट्ठनेमि वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता अरहओ अरिट्ठणेमिस्स अतिए सहसववणाओ उज्जाणाओ पडिणिक्खमइ पडिणिक्खमित्ता जेणेव महाकाले सुसाणे तेणेव उवागए, उवागच्छित्ता थडिल्ल पडिलेहेइ पडिलेहेत्ता उच्चारपासवणभूमि पडिलेहेइ पडिलेहेत्ता ईसि पब्भारगएण काएण जाव^ दो वि पाए साहट्टु एगराइ महापडिम उवसपज्जित्ता ण विहरइ ।

तदनन्तर गजसुकुमाल ... दिन प्रव्रजित हुए थे, उसी दिन साय समय अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान के चरण मे पहुँचते है, पहुँचकर तीन वार आदक्षिण-प्रदक्षिणा करते है, करके वन्दन-नमस्कार करते है, वन्दन-नमस्कार कर इस प्रकार बोले—

हे भगवन ! मेरी इच्छा है, आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर महाकाल श्मशान मे एक रात्रि की महाप्रतिमा स्वीकार कर विचरण करना चाहता हूँ ।

अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान ने कहा-जैसा तुम्हे सुख हो वसा करो, परन्तु शुभ काय मे विलम्ब मत करो । तदनन्तर गजसुकुमाल अनगार, अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान से आज्ञा प्राप्त हो जाने पर, अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को वन्दन-नमस्कार करते हैं । वन्दन-नमस्कार करके, अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान के पास से सहस्राम्रवन नामक उद्यान से निकलते हैं, निकलकर जिधर महाकाल श्मशान था, उधर आते हैं, आकर के स्थडिल भूमि को प्रतिलेखना करते हैं, प्रतिलेखना कर मलोत्सग एव लघुशका निवृत्ति वाली भूमि का प्रतिलेखन करते हैं, प्रतिलेखन करके, कुछ झुके हुए शरीर से, दोनो पावो को सकुचित करके, एक रात्रि की महाप्रतिमा को धारण करके आत्मध्यान मे विचरण करने लगते हैं ।

वा॰

सोमिल द्वारा प्रदत्त उपसर्ग मे अडिगता

45– इम च ण सोमिले माहणे सामिधेयस्स अट्ठाए वारवईए नयरीओ वहिया पुव्वणिग्गए। समिहाओ य दब्भे य कुसे य पत्तामोड य गेण्हइ गेण्हित्ता तओ पडिणियत्तइ पडिणियत्तित्ता महाकालस्स सुसाणस्स अदूरसामतेण वीईवय–माणे–वीईवयमाणे सझाकालसमयसि पविरल मणुस्ससि गयसुकुमाल अणगार पासइ पासित्ता त वेर सरइ सरित्ता आसुरुत्ते रुट्ठे कुविए चडिक्किए मिसिमिसेमाणे एव वयासी—

इधर सोमिल ब्राह्मण पहले ही हवन के निमित्त सूखी लकडियाँ लाने के लिये नगरी से बाहर गया हुआ था। जब वह दभ-कुश-पत्त लेकर पुन लौट रहा था। उस समय महाकाल श्मशान के पास से जाते हुए उसने ध्यानस्थ गजसुकुमाल अनगार को देखा, देखते ही उसके मन मे वर जागृत हो उठा और अत्यन्त रुष्ट होकर, कुपित होकर, क्रोध मे तमतमाता हुआ इस प्रकार कहने लगा—

एस ण भो! से गयसुकुमाले कुमारे अपत्थिय जाव[A] परिवज्जिए, जे ण मम धूय सोमसिरीए भारियाए अत्तय सोम दारिय अदिट्ठदोसपत्तिय कालवत्तिणि विप्पजहित्ता मुण्डे जाव[B] पव्वइए। त सेय खलु मम गयसुकुमालस्स कुमारस्स वेरनिज्जायण करेत्तए, एव सपेहेइ सपेहेत्ता दिसापडिलेहण करेइ करेत्ता सरस मट्टिय गेण्हइ गेण्हित्ता जेणेव गयसुकुमाले अणगारे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता गयसुकुमालस्स अणगारस्स मत्थए मट्टियाए पालि

ओ हा! श्री और लज्जा से हीन, मृत्यु को चाहने वाला, यह वही गजसुकुमाल है, जो किसी भी दोष से रहित, विवाह योग्य मेरी आत्मजा सोमा नामक वालिका को छोडकर प्रव्रजित हो गया। मुझे गजसुकुमाल कुमार से वर का वदला लेना है, ऐसा विचार कर, वह दिशा प्रतिलेखन करता है, चारो ओर देखता है, देखकर गीली मिट्टी ग्रहण करता है। ग्रहण करके जिधर गजसुकुमाल अनगार थे, वहाँ आता है, आकर के गजसुकुमाल कुमार के मस्तक पर मिट्टी की पाली बाँधता है, बाँधकर जलती हुई चिता से, खिले हुए पलाश के फूल के समान लाल-लाल खैर नामक लकडी के अगारो को ठीकरे मे ग्रहण करता है। ग्रहण करके गजसुकुमाल कुमार अनगार के मस्तक के

बधइ बधित्ता जलतीम्रो चिययाम्रो फुल्लियकिंसुयसमाणे खइरिंगाले कहल्लेण गेण्हइ गेण्हित्ता गयसुकुमालस्स म्रणगारस्स मत्थए पीक्खवइ पक्खिवित्ता भीए तसिए उव्विग्गे सजायभए तम्रो खिप्पामेव म्रवक्कमइ म्रवक्कमित्ता जामेव दिस पाउब्भूए तामेव दिस पडिगए ।

ऊपर डाल देता है, डालकर भयभीत, त्रसित-उद्विग्न होता हुम्रा हो वहा से भाग जाता है म्रौर जिस दिशा से म्राया था उसी दिशा मे चला जाता है ।

तए ण तस्स गयसुकुमालस्स म्रणगारस्स सरीरयसि वेयणा पाउब्भूया-उज्जला जाव[A] दुरहियासा। तए ण से गयसुकुमाले म्रणगारे सोमिलस्स माहणस्स मणसा वि म्रप्पदुस्समाणे त उज्जल जाव[B] दुरहियास वेयण म्रहियासेइ ।

तदनन्तर गजसुकुमाल म्रनगार के शरीर मे म्रत्यधिक दु खमयी, यावत् म्रत्यन्त म्रसाध्य वेदना उत्पन्न होती है । तब भी गजसुकुमाल म्रनगार सोमिल ब्राह्मण पर मन से भी द्वेष नही करते हुए उस तीव्र वेदना को सहन करते है ।

एक ही दिन में सिद्धत्व प्राप्ति

46– तए ण तस्स गयसुकुमालस्स म्रणगारस्स त उज्जल जाव दुरहियास वेयण म्रहियासेमाणस्स सुभेण परिणामेण पसत्यज्झवसाणेण तदावरणिज्जाण कम्माण खएण कम्मरयविकिरणकर म्रपुव्वकरण म्रणुप्पविट्ठस्स म्रणते म्रणुत्तरे जाव[C] केवलवरणाणदसणे समुप्पण्णे । तम्रो पच्छा सिद्धे जाव[D] प्पहीणे । तत्य ण म्रहासनिहिएहि देवेहि

इस प्रकार की तीव्र वेदना के सहन करने से गजसुकुमाल म्रनगार के शुभ परिणाम म्रौर प्रशस्त म्रध्यवसाय के कारण, म्रतीव गुणो के घातक, ज्ञानावरणीयादि कर्मों को नष्ट करने वाले म्रपूर्वकरण मे प्रवेश करते हैं । जिसका म्रन्त नही ऐसे म्रनन्त केवलज्ञान, केवलदर्शन को प्राप्त कर लिया । तदनन्तर म्रायुकर्म क्षीण हो जाने पर सिद्ध, यावत् सभी दु खो से रहित हो गये । गजसुकुमाल म्रनगार के मुक्त होने पर समीपवर्ती देवो ने चरित्र की सम्यक् म्राराधना की है, ऐसा कहकर वन्नियमयी,

सम्म आराहिए त्ति कट्टु दिव्वे सुरभिगधोदए वुट्ठे, दसद्धवण्णेकुसुमे निवाडिए, चेलुक्खेवे कए, दिव्वे य गोयगधव्वणिणाए कए यावि होत्था।

सुगन्धित जल की वृष्टि की, पाच प्रकार के फूल बरसाये, वस्त्रो की वर्षा की, दिव्य गीत एव मृदगो की आवाज से आकाश गुजा दिया।

कृष्ण द्वारा वृद्ध की सहायता

47— तए ण से कण्हे वासुदेवे कल्ल पाउप्पभायाए रयणीए जाव[A] ण्हाए जाव[B] विभूसिए हत्थिखधवरगए सकोरेंटमल्ल दामेण छत्तेण धरिज्जमाणेण सेयवरचामराहि उद्धुव्वमाणीहिं महयाभड-चडगर-पहकरवद-परिक्खित्ते वारवइ नयरि मज्झ मज्झेण जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

तए ण से कण्हे वासुदेवे वारवईए नयरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छमाणे एक्क पुरिस जुण्ण जरा-जज्जरिय-देह जाव[C] किलत महइमहालयाग्रो इट्टगरासीग्रो एगमेग इट्टग गहाय बहिया रत्थापहाग्रो अतोगिह अणुप्पविसमाण पासइ।

तए ण से कण्हे वासुदेवे तस्स पुरिसस्स अणुकपणट्ठाए हत्थिखधवरगए चेव एग इट्टग गेण्हइ गेण्हित्ता बहिया रत्थापहाग्रो अतोघरसि अणुप्पवेसिए।

तदनन्तर दूसरे दिन कृष्ण-वासुदेव ने प्रात सूर्य-उदित हो जाने पर स्नान किया, वस्त्रादि आभूषणो से अपने शरीर को अलकृत किया और श्रेष्ठ हस्तिस्कध पर बैठकर कोरण्ट नामक फूलो की मालाग्रो से युक्त छत्र धारण कर, श्वेत चवर डुलाए जाते हुए, महान योद्धाग्रो के समूह से परिवृत्त, जिधर अर्हन्त अरिष्टनेमी भगवान विराजमान थे, उधर जाने का निश्चय किया। अपने इसी विचारानुसार कृष्ण-वासुदेव द्वारिका नगरी के मध्य भाग से निकलते हुए, एक पुरुष को देखते हैं। वृद्धावस्था के कारण जिसका शरीर जर्जरित हो रहा था, अत्यधिक परिश्रम से जिसका मुँह मुर्झाया हुआ था, ऐसा वृद्ध बाह्य प्रदेश मे स्थित विशाल इंटो के ढेर मे एक एक ईंट को उठाकर घर के अन्दर रख रहा था। ऐसा देखकर कृष्ण-वासुदेव उस पुरुष पर अनुकम्पा कर हस्ति-स्कध पर बैठे हुए, एक ईंट को उठाते हैं और घर के अन्दर रख देते हैं।

तए ण कण्हेण वासुदेवेण एगाए इट्टगाए गहियाए समाणीए अणेगेहि पुरिससहेहिं से महालए इट्टगस्स रासो बहिया रत्थापहाम्रो अतोघरसि अणुप्पवेसिए ।

कृष्ण-वासुदेव के ऐसा करने पर अन्य सैकडो पुरुषो ने भी वहा से ईंटे उठाकर ईंटो की राशि को बाहर से घरके अन्दर रख दिया ।

गजसुकुमाल दर्शन के इच्छुक—श्री कृष्ण

48— तए ण से कण्हे वासुदेवे बारवईए नयरीए मज्झमज्झेण निग्गच्छइ निग्गच्छित्ता जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागए उवागच्छित्ता जाव[A] वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता गयसुकुमाल अणगार अपासमाणे एव वयासी—

तदनन्तर कृष्ण-वासुदेव द्वारिका नगरी के मध्य भाग से निकलते हैं, निकलकर जिधर अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान विराजमान थे, उधर आते ह, आकर के वन्दन-नमस्कार करते है, करके, इधर-उधर गजसुकुमाल अनगार की खोज करते हैं, खोज करने पर भी जब उन्हे नही देखा तो अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान के पास आकर वन्दन-नमस्कार करते हैं, करके इस प्रकार बोले—

कहि ण भते । से मम सहोदरे कणीयसे भाया गयसुकुमाले अणगारे ज ण अह वदामि नमसामि ?

हे भगवन् ! मेरा वह सहोदर लघु-भ्राता गजसुकुमाल अनगार कहा है ? मैं उन्हे वन्दन-नमस्कार करना चाहता हू ।

प्रभु अरिष्टनेमि का श्रीकृष्ण को समझाना

49— तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी—

साहिए ण कण्हा ! गयसुकुमालेण अणगारेण अप्पणो अट्ठे । तए ण से कण्हे वासुदेवे अरह अरिट्ठनेमि एव वयासी—कहण्ण भते ! गयसुकुमालेण अणगारेण साहिए अप्पणो अट्ठे ?

तब अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान, कृष्ण-वासुदेव को इस प्रकार बोले—हे कृष्ण ! गजसुकुमाल अनगार ने मोक्ष प्राप्ति रूप प्रयोजन सिद्ध कर लिया है । तब कृष्ण-वासुदेव अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान का इस प्रकार बोले—गजसुकुमाल अनगार ने अपना प्रयोजन किस प्रकार सिद्ध कर लिया ?

सम्म आराहिए त्ति कट्टु दिव्वे सुरभिगंधोदए वुट्ठे, दसद्धवण्णेकुसुमे निवाडिए, चेलुक्खेवे कए, दिव्वे य गीयगंधव्वणिणाए कए यावि होत्था।

सुगंधित जल की वृष्टि की, पाँच प्रकार के फूल बरसाये, वस्त्रों की वर्षा की, दिव्य गीत एवं मृदंग की आवाज से आकाश गुंजा दिया।

कृष्ण द्वारा वृद्ध की सहायता

47— तए णं से कण्हे वासुदेवे कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव[A] ण्हाए जाव[B] विभूसिए हत्थिखंधवरगए सकोरेंटमल्ल दामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेणं सेयवरचामराहिं उद्धुव्वमाणीहिं महयाभड–चडगर–पहकरवंद–परिक्खित्ते बारवइं नयरिं मज्झं मज्झेणं जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

तए णं से कण्हे वासुदेवे बारवईए नयरीए मज्झंमज्झेणं निग्गच्छमाणे एक्कं पुरिसं जुण्णं जरा-जज्जरिय-देहं जाव[C] किलंतं महइमहालयाओ इट्टगरासीओ एगमेगं इट्टगं गहाय बहिया रत्थापहाओ अंतोगिहं अणुप्पविसमाणं पासइ।

तए णं से कण्हे वासुदेवे तस्स पुरिसस्स अणुकंपणट्ठाए हत्थिखंधवरगए चेव एगं इट्टगं गेण्हइ गेण्हित्ता बहिया रत्थापहाओ अंतोघरंसि अणुप्पवेसिए।

तदनन्तर दूसरे दिन कृष्ण वासुदेव ने प्रातः सूर्य-उदित हो जाने पर स्नान किया, वस्त्रादि आभूषणों से अपने शरीर को अलंकृत किया और श्रेष्ठ हस्तिस्कंध पर बैठकर कोरण्ट नामक फूलों की मालाओं से युक्त छत्र धारण कर, श्वेत चवर डुलाए जाते हुए, महान योद्धाओं के समूह से परिवृत्त, जिधर अर्हन् अरिष्टनेमी भगवान विराजमान थे, उधर जाने का निश्चय किया। अपने इसी विचारानुसार कृष्ण-वासुदेव द्वारिका नगरी के मध्य मार्ग से निकलते हुए, एक पुरुष को देखते हैं। वृद्धावस्था के कारण जिसका शरीर जर्जरित हो रहा था, अत्यधिक परिश्रम से जिसका मुँह मुर्झाया हुआ था, ऐसा वृद्ध बाह्य प्रदेश में स्थित विशाल ईंटों के ढेर में से एक एक ईंट को उठाकर घर के अन्दर रख रहा था। ऐसा देखकर कृष्ण-वासुदेव उस पुरुष पर अनुकम्पा कर हस्ति-स्कंध पर बैठे हुए, एक ईंट को उठाते हैं और घर के अन्दर रख देते हैं।

तए ण कण्हेण वासुदेवेण एगाए इट्टगाए गहियाए समाणीए अणेगेहि पुरिससहेहि से महालए इट्टगस्स रासी बहिया रत्थापहाम्रो अतोघरसि अणुप्पवेसिए ।

कृष्ण-वासुदेव के ऐसा करने पर अन्य सैकडो पुरुषो ने भ। वहा मे इटे उठाकर ईटो की राशि को बाहर से घरके अन्दर रख दिया ।

गजसुकुमाल दर्शन के इच्छुक—श्री कृष्ण

48– तए ण से कण्हे वासुदेवे बारवईए नयरीए मज्भमज्भेण निग्गच्छइ निग्गच्छित्ता जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागए उवागच्छित्ता जाव[A] वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता गयसुकुमाल अणगार अपासमाणे एव वयासी—

तदनन्तर कृष्ण-वासुदेव द्वारिका नगरी के मध्य भाग से निकलते है, निकलकर जिधर अहन्त अरिष्टनेमि भगवान विराजमान थे, उधर आते है, आकर के वन्दन-नमस्कार करते है, करके, इधर-उधर गजसुकुमाल अनगार की खोज करते हैं, खोज करने पर भी जब उन्हे नही देखा तो अहन्त अरिष्टनेमि भगवान के पास आकर वन्दन-नमस्कार करते है, करके इस प्रकार बोले—

कहि ण भते । से मम सहोदरे कणीयसे भाया गयसुकुमाले अणगारे ज ण अह वदामि नमसामि ?

ह भगवन् ! मेरा वह सहोदर लघु-भ्राता गजसुकुमाल अनगार कहा है ? मैं उन्हे वन्दन-नमस्कार करना चाहता हू ।

प्रभु अरिष्टनेमि का श्रीकृष्ण को समझाना

49– तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी—

साहिए ण कण्हा ! गयसुकुमालेण अणगारेण अप्पणो अट्ठे । तए ण से कण्हे वासुदेवे अरह अरिट्ठनेमि एव वयासी—कहण्ण भते ! गयसुकुमालेण अणगारेण साहिए अप्पणो अट्ठे ?

तब अहन्त अरिष्टनेमि भगवान, कृष्ण-वासुदेव को इस प्रकार बोले—हे कृष्ण ! गजसुकुमाल अनगार ने मोक्ष प्राप्ति रूप प्रयोजन सिद्ध कर लिया है । तब कृष्ण-वासुदेव अहन्त अरिष्टनेमि भगवान को इस प्रकार बोले—गजसुकुमाल अनगार ने अपना प्रयोजन किस प्रकार सिद्ध कर लिया ?

तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी–एव खलु कण्हा गयसुकुमालेण अणगारे मम कल्ल पुव्वावरण्हकालसमयसि वदइ नमसइ वदित्ता नमसित्ता एव वयासी–इच्छामि ण जाव[B] उवसपज्जित्ता ण विहरइ।

तब अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान कृष्ण वासुदेव को इस प्रकार बोले–हे कृष्ण! गजसुकुमाल अनगार ने कल दिन के पिछले भाग मे मुझको वन्दन-नमस्कार किया, वन्दन-नमस्कार करके, इस प्रकार कहा–आपकी आज्ञा हो तो एक रात्रि की महाप्रतिमा ग्रहण करना चाहता हू। तदनुसार आज्ञा प्राप्त कर, वह जगल मे गया। (वहा एक पुरुष ने उन्हें ध्यानस्थ देखा, देखकर वह क्रुद्ध हुआ, यावत् गजसुकुमाल अनगार सब कर्म क्षय करके सिद्ध हुए।)

तए ण त गयसुकुमाल अणगार एगे पुरिसे पासइ पासित्ता आसुरुत्ते जाव[C] सिद्धे। त एव खलु कण्हा! गयसुकुमालेण अणगारेण साहिए अप्पणो अट्ठे।

इस प्रकार हे कृष्ण! उन्होंने अपना प्रयोजन सिद्ध कर लिया। यह सुनकर श्री कृष्ण अर्हन्त-अरिष्टनेमि भगवान को इस प्रकार बोले-मृत्यु को निमन्त्रण देकर बुलाने वाला, लज्जाहीन ऐसा कौन सा धृष्ट मनुष्य है, जिसने मेरे सहोदर-लघु भाई को असमय मे ही काल-कवलित कर लिया।

50– तए ण से कण्हे वासुदेवे अरह अरिट्ठनेमि एव वयासी–

से के ण भते! से पुरिसे अपत्थिय–पत्थिए जाव[A] परिवज्जिए, जे ण मम सहोदर कणीयस भायर गयसुकुमाल अणगार अकाले चेव जीवियाओ ववरोवेइ।

तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी मा ण कण्हा! तुम तस्स पुरिसस्स पदोसमावज्जाहि! एव खलु कण्हा! तेण पुरिसेण गयसुकुमालस्स अणगारस्स साहिज्जे दिण्णे।

भगवान ने फरमाया–कृष्ण! तुम उस पर क्रोध मत करो, उसने तो गजसुकुमाल अनगार को अपने पापो का समूलत क्षय करने के लिये बहुत सहायता दी है। भगवन्! उस मनुष्य ने गजसुकुमाल अनगार को क्या सहायता दी?

कहण्ण भते! तेण पुरिसेण

अरिहन्त अरिष्टनेमि भगवान बोले–

गयसुकुमालस्स श्रणगारस्स साहिज्जे दिण्णे ?

तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी-से नूण कण्हा । तुम मम पाय वदए हव्वमागच्छमाणे बारवईए नगरीए एग पुरिस जाव[B] श्रणुपवेसिए ।

जहा ण कण्हा ! तुम्मे तस्स पुरिसस्स साहिज्जे दिण्णे एवामेव कण्हा ! तेण पुरिसेण गयसुकुमालस्स श्रणगारस्स श्रणेगभव-सयसहस्स-सचिय कम्म उदीरेमाणेण बहुकम्म णिज्जरत्थ साहिज्जे दिण्णे ।

हे कृष्ण ! अभी तुम मुझे चरण-वन्दन करने के लिये आ रहे थे, तब द्वारिका नगरी के मध्य मे तुमने एक वृद्ध को ईंट उठाते देखा । जिसे देखकर तुम्हारा मन दयार्द्र हो उठा और तुमने एक ईंट उठाकर उस वृद्ध पुरुष की सहायता की, उसी प्रकार उस पुरुष ने भी गजसुकुमाल अनगार के अनेक भवगत सहस्र-लाखो जन्मो म सचित कर्मो की उदीरणा द्वारा वहुत से कर्मों की निजरा करने मे सहायता की ।

श्रीकृष्ण के समक्ष सोमिल की मृत्यु

51— तए ण से कण्हे वासुदेवे अरह अरिट्ठनेमिं एव वयासी—से ण भते ! पुरिसे मए कह जाणियव्वे ?

तए ण अरहा अरिट्ठनेमी कण्ह वासुदेव एव वयासी-जे ण कण्हा ! तुम बारवईए नयरीए अणुप्पविसमाण पासेत्ता ठियए चेव ठिइभेएण काल करिस्सइ तण्ण तुम जाणिज्जासि "एस ण से पुरिसे" ।

तब कृष्ण वासुदेव ने अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान को इस प्रकार कहा—

भगवन् ! मैं उस पुरुष को किस प्रकार जान सकता हू ।

तब अर्हन्त-अरिष्टनेमि भगवान ने कृष्ण-वासुदेव से कहा—

कृष्ण ! यहा से चलने के अनन्तर जब तुम द्वारिका नगरी मे प्रवेश करोगे तो उस समय एक पुरुष तुम्हे देख-कर भयभीत होगा और वहा गिर जायगा तथा आयु समाप्ति हो जाने से मृत्यु को प्राप्त हो जायगा । उस समय तुम समझ लेना कि यह वही पुरुष है जिसने गजसुकुमाल अनगार को सहायता दी है ।

तए ण से कण्णे वासुदेवे अरहं अरिट्ठनेमिं वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता जेणेव आभिसेय हत्थिरयण तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता हत्थि दुरुहइ दुरुहित्ता जेणेव बारवई नयरी जेणेव सए गिहे तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

तए ण तस्स सोमिलमाहणस्स कल्ल जाव^ जलते अयमेयारुवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए सकप्पे समुप्पणे—एव खलु कण्हे वासुदेवे अरह अरिट्ठनेमिं पायवदए निग्गए। त नायमेय अरहया विण्णायमेय अरहया सुयमेय अरहया, सिद्धमेय अरहया भविस्सइ कण्हस्स वासुदेवस्स। त न नज्जइ ण कण्हे वासुदेवे मम केणइ कु-मारेण मारिस्सइ त्ति कट्टु भीए तत्थे तसिए उव्विग्गे सजायभए सयाओ गिहाओ पडिनिक्खमइ। कण्हस्स वासुदेवस्स बारवइ नयरिं अणुप्पविसमाणस्स पुरओ सपक्ख सपडिदिसिं हव्वमागए।

भगवान अरिष्टनेमि से अपने प्रश्न का समाधान पाकर, प्रभु को वन्दना नमस्कार करते हैं, करके श्री कृष्ण ने वहा से प्रस्थान किया और अपने प्रधान हस्ती रत्न पर बैठकर घर की ओर जाने का निश्चय किया। श्री कृष्ण अपने निश्चयानुसार महलो की ओर आ रहे थे, उधर अगले दिन सूर्योदय के साथ ही सोमिल ब्राह्मण के मन मे विचार उत्पन्न हुआ कि निश्चय ही सूर्योदय होने पर कृष्ण वासुदेव अर्हन्त अरिष्टनेमि भगवान के चरणो मे वन्दन-नमस्कार करने गये हैं। भगवान को सब ज्ञात है, विज्ञात है और किसी देव के द्वारा सुन भी लिया गया हो। यह निश्चित है कि वे कृष्ण-वासुदेव को सारा वृत्तान्त बता देंगे। अपने छोटे भाई का हत्यारा जानकर मुझे कृष्ण वासुदेव न जाने किस प्रकार मरवाएगे। इतना जानते ही सोमिल ब्राह्मण भयभीत हो उठा। त्रास और उद्वेग की अधिकता के कारण वह कांपने लगा, भय और उद्वेग से व्याकुल हुआ। सोमिल ब्राह्मण घर से भागने के लिये निकल पडा। उधर द्वारिका नगरी मे प्रवेश करते हुए कृष्ण-वासुदेव उनके सामने आ गये। इस प्रकार सोमिल ब्राह्मण और कृष्ण का अचानक ही परस्पर सामना हो गया।

सोमिल के शव पर श्रीकृष्ण का क्रोध

52— तए ण से सोमिले माहणे कण्ह वासुदेव सहसा पासेत्ता भोए तत्थे तसिए उव्विग्गे सजायभए ठियए चेव ठिइमेएण काल करेइ, धरणितलसि सव्वगेहिं "धस" त्ति सण्णिवडिए। तए ण से कण्हे वासुदेवे सोमिल माहण पासइ पासित्ता एव वयासी—

"एस ण भो देवाणुप्पिया! से सोमिले माहणे अपत्थिय-पत्थिए जाव[A] परिवज्जिए जेण मम सहोयरे कणीयसे भायरे गजसुकुमाले अणगारे अकाले चेव जीवियाओ ववरोविए त्ति कट्टु सोमिल माहण पाणेहिं कड्ढावेइ कड्ढावेत्ता त भूमि पाणिएण अब्भोक्खावेइ अब्भोक्खावेत्ता जेणेव सए गिहे तेणेव उवागए। सय गिह अणुप्पविट्ठे।

सोमिल ब्राह्मण अचानक श्री कृष्ण को अपने सामने देखकर भय के मारे घबरा उठा, उसका हृदय धडकने लगा। अधिक भय के कारण आयुष्य की भी समाप्ति होने से उसका शरीर धडाम से भूमि पर गिर पडा।

भूमितल पर गिरे सोमिल ब्राह्मण को देखकर श्री कृष्ण ने अपने साथियो को सम्बोधित करते हुए कहा—हे भद्र पुरुषो! सामने भूमि तल पर पडा हुआ, मृत्यु का प्रार्थी, श्री एव लज्जा से विहीन, यह वही सोमिल ब्राह्मण है जिसने मेरे सहोदर-लघु भ्राता गजसुकुमाल अनगार का अकाल मे ही प्राणापहरण किया है। ऐसा कहने के पश्चात् श्री कृष्ण ने (पाणे-चाण्डालै) चाण्डालो द्वारा सोमिल ब्राह्मण के पैरो को रस्सी मे बँधवाकर घसीटवाते हुए नगरी के बाहर फिकवा देते हैं। यह सब कुछ करने के अनन्तर सोमिल ब्राह्मण का जहा शव पडा था, उस स्थान को जल से साफ करवाते ह, तदनन्तर अपने महलो मे चले जाते हैं।

53— एव खलु जबू! समणेण भगवया महावीरेण जाव[B] सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स अट्ठमज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते।

हे जम्बू! श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने अष्टम अग अन्तकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वग के अष्टम अध्ययन का यह सार प्रतिपादित किया ह।

9वां अध्ययन

54— नवमस्स उक्खेवओ[A] ।

एव खलु जबू ! तेण कालेण तेण समएण बारवईए नयरीए कण्हे नाम वासुदेवे राया जहा पढमाए जाव[B] विहरइ । तत्थ ण बारवईए बलदेवे नाम राया होत्था वण्णओ[C] । तस्स ण बलदेवस्स रण्णो धारिणी नाम देवो होत्था । वण्णओ[D] । तए ण सा धारिणी देवी सोह सुविणे जहा गोयमे नवर वीस वासाइ परियाओ । सेस त चेव सत्तुजे सिद्धे ।

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण जाव सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अत्तगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स नवमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि ।

नवम्-अध्ययन का उत्क्षेप-पहले की तरह जान लेना चाहिये ।

आर्य सुधर्मा स्वामी, आर्य जम्बू स्वामी से कहने लगे-हे जम्बू ! उस समय द्वारिका नगरी में महाराज श्री कृष्ण, यावत् सुखपूर्वक विचरण करते थे । उस समय बलदेव नामक राजा के धारिणी नामक देवी थी । वह धारिणी देवी सिंह स्वप्न को देखकर गर्भ धारण करती है और समय पर पुत्र रत्न को जन्म देती है । गौतम कुमार की भांति बालक का जन्मोत्सव आदि मनाया गया । पुत्र का नाम सुमुखकुमार रखा गया । युवावस्था आने पर पचास-पचास कन्याओं के साथ उसका विवाह कर दिया गया । पचास-पचास प्रकार का प्रीतिदान प्राप्त हुआ । वैराग्य आने पर साधु जीवन अंगीकार कर लेते हैं । चौदह पूर्वों का अध्ययन करते हैं । बीस वर्ष पर्यन्त सयम पर्याय का पालन करते हैं । अन्त में शत्रुंजय नामक पर्वत पर सिद्धि प्राप्त करते हैं ।

10–13 अध्ययन

55— एव दुम्मुहे वि । कूवए वि तिण्णि वि बलदेव-धारिणी सुया ।

दारुए वि एव चेव, नवर-वसुदेव धारिणी-सुए ।

एव अणाहिट्ठी वि वसुदेव धारिणी सुए । एव खलु जबू !

इसी प्रकार द्विमुख और कूपदारुक कुमार का वर्णन भी जान लेना चाहिये । सुमुख और कूपदारुक ये तीनों राजा बलदेव एव धारिणी के आत्मज थे । इसी प्रकार दारुक कुमार के विषय में भी जानना चाहिये । विशेषता इतनी है कि इनके पिता का नाम वसुदेव और माता का नाम धारिणी था । दारुक कुमार के भाई अनादृष्टि कुमार में

समणेण भगवया महावीरेण जाव सपत्तेण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स तेरसमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ।

।। तईओ वग्गो सम्मत्तो ।।

जीवन का भी ऐसा ही वणन जानना चाहिए। विशेषता यह है कि वह वसुदेव राजा और धारिणी रानी का पुत्र था।

आय सुधर्मा स्वामी ने आय जम्बू स्वामी को सबोधित करते हुए कहा—हे जम्बू ! इस प्रकार मोक्ष प्राप्त, यावत् श्रमण भगवान महावीर ने आठवे अन्तकृद्दशाग सूत्र के तृतीय वग के तेरह अध्ययनो का मार प्रतिपादित किया ह।

।। तृतीय वग समाप्त ।।

9वाँ अध्ययन

54— नवमस्स उक्खेवग्रो[A] ।

एव खलु जबू ! तेण कालेण तेण समएण बारवईए नयरीए कण्हे नाम वासुदेवे राया जहा पढमाए जाव[B] विहरइ । तत्थ ण बारवईए बलदेवे नाम राया होत्था वण्णग्रो[C] । तस्स ण बलदेवस्स रण्णो धारिणी नाम देवी होत्था । वण्णग्रो[D] । तए ण सा धारिणी देवी सीह सुविणे जहा गोयमे नवर वीस वासाइ परियाग्रो । सेस त चेव सत्तुजे सिद्धे ।

एव खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेण जाव सपत्तेण ग्रट्ठमस्स ग्रगस्स ग्रत्तगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स नवमस्स ग्रज्झयणस्स ग्रयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि ।

नवम्-ग्रध्ययन का उत्क्षेप-पहले की तरह जान लेना चाहिये ।

ग्राय सुधर्मा स्वामी, ग्राय जम्बू स्वामी से कहने लगे—हे जम्बू ! उस समय द्वारिका नगरी मे महाराज श्री कृष्ण, यावत् सुखपूर्वक विचरण करते थे । उस समय बलदेव नामक राजा के धारिणी नामक देवी थी । वह धारणी देवी सिंह स्वप्न को देखकर गर्भ धारण करती है ग्रौर समय पर पुत्र रत्न को जन्म देती है । गौतम कुमार की भाँति बालक का जन्मोत्सव ग्रादि मनाया गया । पुत्र का नाम सुमुखकुमार रखा गया । युवावस्था ग्राने पर पचास-पचास कन्याग्रो के साथ उसका विवाह कर दिया गया । पचास-पचास प्रकार का प्रीतिदान प्राप्त हुग्रा । वैराग्य ग्राने पर साधु जीवन ग्रगीकार कर लेते हैं । चौदह पूर्वों का ग्रध्ययन करते हैं । बीस वर्ष पर्यन्त सयम पर्याय का पालन करते हैं । ग्रन्त मे शत्रुजय नामक पर्वत पर सिद्धि प्राप्त करते हैं ।

10–13 अध्ययन

55— एव दुम्मुहे वि । कूवए वि तिण्णि वि बलदेव-धारिणी सुया ।

दारुए वि एव चेव, नवर-वसुदेव धारिणी-सुए ।

एव ग्रणाहिट्ठी वि वसुदेव धारिणी सुए । एव खलु जबू !

इसी प्रकार द्विमुख ग्रौर कूपदारक कुमार का वर्णन भी जान लेना चाहिये । सुमुख ग्रौर कूपदारक य तीनो राजा बलदेव एव धारिणी के ग्रात्मज थे । इसी प्रकार दारुक कुमार के विषय में भी जानना चाहिये । विशेषता इतनी है कि इनके पिता का नाम वसुदेव ग्रौर माता का नाम धारिणी था । दारुक कुमार के भाई ग्रनादृष्टि कुमार के

समणेण भगवया महावीरेण जाव सपत्ते ण अट्ठमस्स अगस्स अतगडदसाण तच्चस्स वग्गस्स तेरसमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ।

।। तईग्रो वग्गो सम्मत्तो ।।

जीवन का भी ऐसा ही वर्णन [illegible] चाहिए। विशेषता यह है कि वह [illegible] राजा और धारिणी रानी का पुत्र था।

आर्य सुधर्मा स्वामी ने आर्य [illegible] स्वामी को सबोधित करते हुए [illegible] जम्बू ! इस प्रकार मोक्ष प्राप्त, यावत् [illegible] भगवान महावीर ने आठवें अन्तकृद्दशांग [illegible] के तृतीय वग के तेरह अध्ययनों [illegible] प्रतिपादित किया है।

।। तृतीय वग समाप्त ।।

तृतीय वर्ग—जिज्ञासा और समाधान

जिज्ञासा — 'चउद्दसपुव्वाइं'-चौदह पूर्व क्या है ?

समाधान — चौदह पूर्वों का वर्णन इस प्रकार है—

उत्पादपूर्व—इस पूर्व में सभी द्रव्य, सभी पर्यायों के उत्पाद को लेकर प्ररूपणा की गयी है ।

अग्रायणीपूर्व—इसमें सभी द्रव्यों, सभी पर्यायों और जीवों के परिमाण का वर्णन है ।

वीर्य प्रवादपूर्व—इसमें कर्म सहित और बिना कर्म वाले जीवों तथा अजीवों के वीर्य (शक्ति) का वर्णन है ।

अस्ति-नास्ति प्रवादपूर्व—संसार में धर्मास्तिकाय आदि जो वस्तुएँ विद्यमान हैं तथा आकाश-कुसुम आदि जो अविद्यमान हैं, उन सबका वर्णन इस पूर्व में है ।

ज्ञान प्रवादपूर्व—इसमें मतिज्ञान आदि पञ्चविधज्ञानों का विस्तृत वर्णन है ।

सत्य प्रवादपूर्व—इसमें सत्य रूप संयम का या सत्य वचन का विस्तृत वर्णन किया गया है ।

आत्म प्रवादपूर्व—इसमें अनेक नय तथा मतों की अपेक्षा से आत्मा का वर्णन है ।

कर्म प्रवादपूर्व—इसमें आठ कर्मों का निरूपण, प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश आदि भेदों द्वारा विस्तृत रूप में दिया गया है ।

प्रत्याख्यान-प्रवादपूर्व—इसमें प्रत्याख्यानों का भेद-प्रभेद पूर्वक वर्णन है ।

विद्यानुवाद-पूर्व—इस पूर्व में विविध प्रकार की विद्याओं तथा सिद्धियों का वर्णन है ।

अवन्ध्यपूर्व—इसमें ज्ञान तप, संयम आदि शुभ फल वाले तथा प्रमाद आदि अशुभ फल वाले, निष्फल न जाने वाले कार्यों का वर्णन है ।

प्राणायुष्य प्रवादपूर्व—इसमें दस प्राण और आयु आदि का भेद-प्रभेद पूर्वक विस्तृत वर्णन है ।

क्रिया विशालपूर्व—इसमें कायिकी, अधिकरणिकी आदि तथा संयम में उपकारक क्रियाओं का वर्णन है ।

लोक बिन्दुसारपूर्व—संसार में श्रुतज्ञान में जो शास्त्र, बिन्दु की तरह सबमें श्रेष्ठ है, वह लोक बिन्दुसार है ।

जिज्ञासा —"सिंह केसर मोदक" किसे कहते हैं ?

समाधान —'सिंह केसरमोयगाए' का अर्थ है– सिंह केसर नामक मोदक । गुजराती कोष शब्द संग्रह के पृष्ठ ७८१ पर मोदक का अर्थ इस प्रकार किया है— "सिंह केसर पुं (सिंह केसर) सिंह नी केशो बुंदीना बनावेल लाडवा सिंह केसरिया लाडवा" अर्थात् शेर की गर्दन के बालों के समान बारीक दानों से निर्मित मोदक को 'सिंह केसर मोदक' कहते हैं ।

"सीह केसराणा मोयगाए"—सिंह केसराणा मोदकाना। चतुरशीति-विशिष्ट-वस्तु विनिर्मितामोदका सिंह केसर मोदका उच्यते। अर्थात् जिन लड्डुओ मे ८४ प्रकार की विशिष्ट वस्तुएँ प्रक्षिप्त की जाती है उसे सिंह केसर मोदक कहते है। कहने का तात्पय यह है कि "सिंह केसर मोदक" अत्यन्त गरिष्ट एव अत्यधिक ताकतवर होता है।

जिज्ञासा —सुलसा गाथापत्नी ने देव की अर्चना की तो आज देव-पूजा के लिये निषेध क्यों किया जाता है?

समाधान —सासारिक पर्याय मे रहने वाले प्राणी के मन मे सासारिक अन्यान्य भावनाओ के साथ सतान की भावना भी बलवती होती है। सुलसा गाथापत्नी की जब बाल्यावस्था थी तभी उसे किसी ज्योतिषी ने कहा कि तुम मृतवन्ध्या होगी। ये शब्द सुलसा के मानस पटल पर स्थायी रूप मे बन चुके थे। इसी भावना से वह सदा अनुप्राणित रहती थी। मन मे कई तरह के सकल्प-विकल्प भी आया करते थे—यह मेरे जीवन के लिये एक कलक का रूप है, जो कि नही रहना चाहिये। इसको दूर करने के लिये वह अनेक तरह के प्रयत्न करती थी।

जब उसे कोई अन्य विशेष उपाय परिलक्षित नही हुआ, तब उसे सहसा स्मृति मे आया कि मैं हरिणगमेषी देव की भक्ति करू। व्यक्ति जब विशिष्ट ज्ञान मे सपन्न होता है तब तो उसको भक्ति का रूप भी पाप प्रवृत्ति से रहित दिखता है। पर विशिष्ट ज्ञान के अभाव मे मन-कल्पित भक्ति का रूप भी बना लिया जाता है। सुलसा भी उसी भावना से हरिणगमेषी देव की प्रतिमा बनाकर, उसको आराधित करने की प्रक्रिया करने लगी। उसकी यह प्रवृत्ति भावावेश का परिणाम था। सामान्य आत्मा भावावेश मे आकर इच्छानुसार कल्पित कल्पना से कार्य करने लगती है। देव का वैक्रिय शरीर होता है। औदारिक शरीर की उपमा भी उसके योग्य नही रहती, तो उसकी निर्जीव प्रतिमा बनाना कैसे योग्य रह सकता है? यह तो सुज्ञ सहज ही समझ सकता है। देव उन अयोग्य साधना को देखकर के आकर्षित होता है तो भक्ति करने वाले के भावो को भी समझकर आकर्षित होता है। क्योकि भावो का सबध भावो के साथ जुडता है, भाव शून्य द्रव्य के साथ नही। सुलसा को सतान की जितनी लालसा नही थी, उतनी मृत-वन्ध्या के कलक को मिटाने की थी। उस कलक को परिमार्जित करने के लिये वह देव की भक्ति मे इतनी दत्तचित्त बन गई कि जिससे आर्त्तध्यान का रूप, तीव्रता को धारण कर चुका था। और उस आर्त्त की भावना हरिणगमेषी देव तक पहुँची, तो उस देव ने देखा कि यह नारी अपने कलक के लिये अति दु खित है। दु खी आत्मा पर अनुकपा करना सम्यक्दृष्टि का लक्षण है। इसी प्रसग से उसने अपने ज्ञान के माध्यम से देवकी महारानी की कुक्षि मे जन्म लेने वाली दिव्य आत्माओ का भी ध्यान लगाया

और उनकी भी अनुकम्पा आवश्यक समझी, तब देव ने सुलसा को दर्शन दिये और उसके त्रास को शमित करने के लिये कहा कि मैं इसके लिये प्रयत्न करूंगा, जिससे तुम्हारा यह कसर समाप्त हो जाय। तदनुसार उस देव ने शास्त्र मे वर्णित प्रक्रिया पूरी की और अनुकम्पा का आदर्श उपस्थित किया।

जिज्ञासुओ के लिये यह ध्यातव्य है कि चरित्तानुवेद मे अनेक प्रकार के प्रसग उपस्थित होते हैं, वे सभी प्रसग ग्रहण करने योग्य नही होते। जो प्रसग रत्नत्रय की अभिवृद्धि मे सहायक हो वे प्रसग स्वय के लिए एव अन्य के लिए उपादेय होते हैं।

रत्नत्रय की अभिवृद्धि रूप प्रसगो का कथन अन्यो के रत्नत्रय की अभिवृद्धि म भी करना चाहिए। साधारण व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला इस प्रकार का मन कल्पित भक्ति का रूप तथा हिंसादिक साधना मे प्रवृत्ति आदि सावद्य प्रक्रियाओ का कथन उपादेय रूप से नहीं लेना चाहिए।

इसी सदभ मे सुलसा के चरितानुवाद को ध्यान मे लेने पर उपयुक्त प्रसग का अवकाश ही नही रहता।

जिज्ञासा —श्रीकृष्ण-वासुदेव ने अनुकम्पा करके वृद्ध की सहायता के लिये एक ईंट उठाकर भीतर रख दी। लेकिन प्रभु या साधु ईंट उठाने की आज्ञा नही देते, अत कृष्ण की यह अनुकम्पा सावद्य हुई। क्या यह मानना सत्य है?

समाधान —अनुकम्पा परिणामो मे आती है और ईंट उठाने की क्रिया शरीर द्वारा होती है। ईंट उठाने की क्रिया भिन्न है और अनुकम्पा भिन्न है। ईट उठाने की क्रिया से अनुकम्पा सावद्य नहीं हो सकती। यदि ईंट उठाने की क्रिया से अनुकम्पा सावद्य हो जाय तो जब भगवान अरिष्टनेमि के दर्शन के लिये श्री कृष्ण-वासुदेव चतुरगिणी सेना सजाकर गए थे, तब भगवान की वदना भी सावद्य हो जानी चाहिये। क्योंकि भगवान या साधु सेना सजाने के लिये आज्ञा नहीं देते। लेकिन इस प्रसग से तो यही कहा जाता है कि सेना सजाना भिन्न कार्य है। अत सेना सजाने के कारण प्रभु वन्दना सावद्य नहीं हो जाती। ठीक इसी प्रकार यह भी समझना चाहिये कि वृद्ध के प्रति किये अनुकम्पापूर्ण प्रशस्त विचार भिन्न है और ईंट उठाने रूप क्रिया भिन्न है। ईट उठाने रूप क्रिया से अनुकम्पा कभी सावद्य नहीं होगी। भगवान एव साधु ईट उठाने की आज्ञा नहीं देते, परन्तु अनुकम्पा को अच्छी बताते हैं और अनुकम्पा करने की आज्ञा देते हैं। अत ईट उठाने की क्रिया का नाम लेकर अनुकम्पा को सावद्य कहना मिथ्या है।

जिज्ञासा —अरिष्टनेमि प्रभु ने गजसुकुमाल अनगार की अनुकम्पा नहीं की और न ही उनकी रक्षा के लिये साथ मे कोई साधु भेजे, अत अनुकम्पा करना पाप है। इस प्रकार की मान्यता क्या सत्य है?

समाधान -गजसुकुमाल अनगार जिस दिन दीक्षित हुए थे, उसी दिन बारहवी महाभिक्षु प्रतिमा अगीकार करके श्मशान जाकर ध्यान धर कर खड़े रहने की, प्रभु अरिष्टनेमि से आज्ञा मागी थी ।

ग्यारहवी भिक्षुप्रतिमा का विधिवत् पालन करने के अनतर बारहवी भिक्षुप्रतिमा अगीकार की जाती है । इसका समय केवल एक रात्रि का होता है । इसकी आराधना बेले के अनन्तर चौविहार-तेला करके किया जाता है । इसके आराधक ग्रामादि मे बाहर जाकर, शरीर को इषत्, कुछ आगे की ओर झुकाकर, एक पुद्गल पर दृष्टि रखते हुए, अनिमेष नेत्रो से निश्चलता पूर्वक, सब इन्द्रियो को गुप्त रखकर, दोनो पैरो को सकुचित कर, हाथो का घुटना तक लम्बा करके कायोत्सर्ग करना होता है । कायोत्सर्ग मे देव, मनुष्य, तिर्यंच सम्बन्धी किसी भी प्रकार से उत्पन्न परिषहो का दृढता से सहन करना होता है । मलमूत्र की आशका होने पर प्रतिलेखित भूमि पर उसे विसर्जन कर पुन आकर कायोत्सर्ग करना होता है । इस प्रतिमा की सम्यक् प्रकार से आराधना होने पर साधक को निश्चित रूप से अवधिज्ञान, मन पर्यायज्ञान या केवलज्ञान मे से किसी एक ज्ञान की प्राप्ति होती है । लेकिन देवादि उपसर्गों के सम्यक् प्रकार से सहन न करने पर पागलपन या दीर्घकाल तक रहने वाला राग या केवली धर्म मे साधक गिर जाता है । यह साधना कम से कम २९ वर्ष की अवस्था वाला, लगभग १० वर्ष की दीक्षा पर्याय वाला ही कर सकता है और अष्टम् भक्त-तेला भी होना चाहिये । लेकिन गजसुकुमाल अनगार न तो २९ वर्ष के थे, न ही १० वर्ष की दीक्षा पर्याय थी और न ही तेले का तप ही था । फिर भी भगवान ने गजसुकुमाल अनगार को योग्यता एव उसी प्रकार से होने वाला उनका मोक्ष जानकर उन्हे बारहवी भिक्षु प्रतिमा साधने की आज्ञा दे दी ।

दूसरी बात चरम शरीरी जीव होने से गजसुकुमाल अनगार का आयुष्य अनपवर्तनीय था । जो कि उपक्रम लगने पर भी बिना आयु की समाप्ति के समाप्त नही हो सकता । गजसुकुमाल अनगार अपने आयुष्य के पूर्ण क्षय होने पर ही मोक्ष मे गये थे । उनका आयुष्य मध्य मे टूटा नही था ।

भगवान सर्वज्ञ-सर्वदर्शी होने के कारण उन्होने अपने ज्ञान मे जैसा देखा वैसा किया । अत कहना मिथ्या है कि अरिष्टनेमि भगवान ने गजसुकुमाल अनगार की रक्षा नही की, क्योंकि भगवान तो जानते थे कि इनका इसी प्रकार कल्याण होने वाला है, अत उन्होंने महाभिक्षु प्रतिमा की पूर्व विधि न होने पर भी उन्हे आज्ञा दे दी थी ।

दूसरी बात सर्वज्ञ-सर्वदर्शी कल्पनातीत होते हैं । अत वे अपने ज्ञान मे जैसा देखते हैं, वैसा करते हैं । किन्तु सूत्र व्यवहारी साधक के लिये तो सूत्रानुसार बनाई गई विधि के अनुसार ही

आचरण करना चाहिये ।

गजसुकुमाल मुनि थे और उनकी रक्षा के लिये संतों को नहीं भेजा, इसलिए अनुकम्पा करना पाप है, यह मान्यता शास्त्रीय दृष्टि से भी विपरीत पड़ती है । क्योंकि इस हेतु से यह तात्पर्य निकलता है कि साधु की रक्षा भी नहीं करनी चाहिये, क्योंकि भगवान अरिष्टनेमि ने गजसुकुमाल अनगार की रक्षा के लिये संतों को नहीं भेजा । किन्तु विचारणीय विषय यह है कि यदि संत जीवन की रक्षा करना भी पाप है तो फिर भगवान ने साधु जीवन की रक्षा हेतु आहार-पानी की विधियाँ क्यों बतलाई ? जब कि ग्लान साधु की सेवा करना उसकी रक्षा करना है । इस प्रकार साधु की सेवा का उपदेश क्या दिया ? गृहस्थ जो आहार-पानी साधु को देता है, वह साधु की रक्षा के लिए देता है । जिसके लिए भगवान की आज्ञा है । इस उपरोक्त मान्यता के अनुसार तो साधु-साध्वियों को आहार-पानी भी नहीं देना चाहिये, न ही उनकी सुरक्षा के लिये कोई साधन ही जुटाना चाहिए । रुग्ण एवं ग्लान साधु-साध्वियों की, अन्य साधु साध्वियों की सेवा भी नहीं करना चाहिये, क्योंकि इसमें साधु-साध्वियों की रक्षा होगी । इस कल्पित सिद्धान्तानुसार, कि अनुकम्पा में पाप है, इसलिये प्रभु अरिष्टनेमि ने गजसुकुमाल की रक्षा के लिये कोई साधु नहीं भेजे, तो साधु-साध्वी की रक्षा में भी पाप ही होगा । पर वस्तुतः ऐसा नहीं है । साधु की रक्षा करना महा-धर्म है, अन्य प्राणियों की अनुकम्पा भाव से रक्षा करना सम्यग्दृष्टि भाव का पोषण है ।

जिज्ञासा —हरिणैगमेषी देव ने सुलसा पर अनुकम्पा करके सुलसा के मृत पुत्रों को देवकी के यहाँ और देवकी के पुत्रों को सुलसा के यहाँ पहुँचाया । इस प्रकार की क्रिया करने में हरिणैगमेषी देव की अनुकम्पा सावद्य थी । क्या ऐसा मानना सत्य है ?

समाधान —आन-जान की क्रिया में सुलसा पर की गई हरिणैगमेषी देव की अनुकम्पा सावद्य नहीं है । जैसे कि चतुरंगिणी सेना सजाकर प्रभु के दर्शन करने जाने में दर्शन सावद्य नहीं है ।

आन-जान की क्रिया अलग है और अनुकम्पा भिन्न है । हरिणैगमेषी देव ने सुलसा पर अनुकम्पा करके उसके दुःख की निवृत्ति की तथा बालकों पर अनुकम्पा करके उनके प्राण भी बचाए थे । इस अनुकम्पा का फल यह हुआ कि वे बालक कंस के भय से बच गये तथा हरिणैगमेषी देव को अभयदान का फल भी मिला । अतः हरिणैगमेषी देव की अनुकम्पा को सावद्य नहीं कहा जा सकता ।

जिज्ञासा —'नल कूबर समाणा' का अर्थ 'वैश्रमण देव के पुत्र समान' किया जाता है । वैश्रमण (वैश्रमण) देव के तो पुत्र होते नहीं फिर यह कैसे कहा गया ?

